# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 21-11-2022

# पिपराइच में पकड़ा गया मां का हत्यारोपी

गोरखपुर (एसएनबी)। पिपराइच में एक महिला का गला रेतकर हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने रविवार को अरेस्ट कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से हत्या में प्रयुक्त किया चाकू भी बरामद कर लिया है। हत्यारोपी राकेश सिंह ने मां को मारने के बाद बेटी को भी टारगेट किया है, इसलिए पुलिस ने मां की हत्या के बाद बेटी की सुरक्षा के लिए पुलिस की ड्यूटी लगाई है।

**हत्यारोपी पर रखा गया था इनाम**

रविवार को प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए एसपी नर्थ मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि महिला की हत्या के बाद पुलिस ने आरोपी पर 15 हजार के इनाम की भी घोषणा की थी। आरोपी राकेश पुराने छेडखानी के मुकदमे में सुलह करने के लिए भगनानी देवी पर दबाव बना रहा था।

**सुलह करने से मना किया तो ले ली जान**

हेमधापुर निवासी सुरेन्द्र की 46 वर्षीय पत्नी भगवानी ने सुलह करने से मना कर दिया था। 15 नवम्बर 2022 की दोपहर भगवानी देवी अपने धान के खेत की तरफ बकरी चराने गई थी। इस दौरान गांव का ही राकेश सिंह वंहा आया और चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी युवक फरार हो गया था। खेत की ओर से गुजर रहे देवर योगेंद्र ने महिला का शव देख, पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने राकेश पर हत्या का केस दर्ज कर जांच कर रही थी। पिपराइच थाने के थानेदार सूरज सिंह और उनकी टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

**पिपराइच में 15 नवंबर को महिला की गला रेतकर हुई थी हत्या**

**महिला की मौत के बाद बेटी की सुरक्षा के लिए लगे पुलिस कर्मी**

**बेटी पर कर चुका है जानलेवा हमला**

बताया जा रहा है कि राकेश में साल 2019 में भगवानी देवी के बेटी के साथ छेडखानी की थी। विरोध करने पर चाकू से प्रहार कर घायल कर दिया थ, जिसके बाद पुलिस ने भगवानी की तहरीर पर राकेश के खिलाफ छेडखानी और हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर उसे अरेस्ट कर जेल भेजवा दिया था। आरोपी साल 2020 में जमानत पर बाहर आया तभी से वह मुकदमे का सुलह करने का दबाव भगवानी पर बना रहा था। आरोपी राकेश पर कुल 3 मुकदमे हैं।

# नर्सिंग होम सीज, महिला ने लगाया दुर्व्यवहार का आरोप

**गोरखपुर (एसएनबी)।** पंजीकरण होने के बावजूद कुसम्ही बाजार में स्थित सवेरा नर्सिंग होम को सीज कर दिया गया। यही नहीं उसमें शादी का कार्ड तक नहीं निकालने दिया गया और दुर्व्यवहार किया गया।

कुसम्ही बाजार की साधना गुप्ता पत्नी कृष्णा गुप्ता ने अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को लिखे गये पत्र में लिखा है कि दो माह पहले उसने सवेरा नर्सिंग होम का पंजीकरण कराया था। दो माह पहले डा. अनील कुमार सिंह उप मुख्य चिकित्साधिकारी अपनी टीम संग पहुंचे और एक फर्जी महिला का आडियो को लेकर नर्सिंग होम सीज कर दिया। महिला का आरोप है कि नर्सिंग होम में शादी का कार्ड रखा हुआ था लेकिन उसे निकालने तक नहीं दिया गया। कहने पर दुर्व्यवहार किया गया। महिला ने मांग की है कि उसका नर्सिंग होम खोलवाया जाए।

# 17 गाड़ियां नीलाम, 89 हजार रुपये राजस्व मिला

उरुवा बाजार (एसएनबी)। रविवार को उरुवा थाने पर गाड़ियों की नीलामी की गई। जिसमें 17 मोटरसाइकिल को नीलामी किया गया। जिससे 89हजार रुपये का राजस्व की प्राप्ति हुई। उपजिलाधिकारी गोला रोहित कुमार मौर्या ने कहा कि नीलामी में ग्राहकों ने अच्छी बोली लगाई। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी गोला जगत राम कनौजिया, तहसीलदार कृष्ण मोहन शुक्ला, थानाध्यक्ष सुनील कुमार निषाद, एसआई रवि चौधरी, सुनील शर्मा, हेड कांस्टेबल रामखेलावन, शकील आदि उपस्थित थे।

# छेड़छाड़ व शोषण का आरोप, मारपीट में एफआईआर

**एक महिला ने अपने ससुर और देवर पर लगाया शारीरिक शोषण का आरोप**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (20 Nov):** कैंट इलाके की एक महिला ने अपने ससुर और देवर पर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है. महिला ने इसकी शिकायत पुलिस से भी की. जिसमें पुलिस ने छेड़छाड़ समेत अन्य गंभीर धाराओं को छोड़कर साधारण मारपीट की धारा में मुकदमा दर्ज किया है. वहीं इस मामले में महिला का वीडियो खूब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. यह इकलौता केस नहीं है, बल्कि ऐसे और भी कई मामले में जहां पर फरियादी की एफआईआर तो लिखी गई लेकिन कार्रवाई में पुलिस के पीछे रह गई. जिससे आरोपियों का मनोबल बढ़ रहा है.

## दो फरवरी को दर्ज हुआ था मुकदमा

ससुर और देवर की हरकत से तंग आकर शहर के एक इलाके में रहने वाली महिला ने कैंट थाने में फरवरी 2022 में मुकदमा दर्ज कराया था. महिला की शिकायत पर पति, ससुर,




देवर, सास और ननद पर मुकदमा तो दर्ज हुआ, लेकिन वो साधारण धाराओं में पुलिस ने दर्ज किया. इसके बाद महिला ने अधिकारियों से मिलकर इसकी शिकायत की.

## ससुर की छेड़छाड़ वीडियो वायरल

महिला का आरोप है कि उसका देवर उसके साथ कई बार गंदी हरकत कर चुका है. वहीं ससुर रिटायर्ड दरोगा है. इसलिए पुलिस उसपर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है. महिला ने बताया कि एक दिन रात में करीब एक बजे ससुर मेरे कमरे में घुस गए और मेरे साथ गंदी हरकतें करने लगे. ससुर ने कहा कि तुम्हारे अंदर क्या कमी है. जिसकी वजह से मेरा बेटा तुम्हें प्यार नहीं करता...आज मैं देखूंगा. महिला ने बताया कि इस पूरी घटना का वीडियो भी मेरे पास मौजूद है.

## नहीं पकड़े गए रेप के आरोपित

सितंबर माह में खोराबार थाने में एक महिला की शिकायत पर तीन युवकों पर रेप का मुकदमा दर्ज हुआ. इस मुकदमें को खत्म करने के लिए विवेचना करने वाले दरोगा को एक आडियो भी वायरल हुआ. जिसमें दरोगा आरोपियों से केस खत्म करने के लिए दो गवाह की डिमांड कर रहा था. आडियो वायरल होने पर दरोगा को सस्पेंड कर दिया गया. लेकिन अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नही हो पाई है.

## पति ने भी गलत ठहराया

महिला ने बताया कि मेरी शादी कैंट इलाके के रहने वाले रिटायर्ड दरोगा के बेटे से साल 2014 में हुई थी. महिला ने अपने पति को यह बात बताई कि देवर उसके साथ रेप और ससुर ने छेड़खानी की है, तब उसने पत्नी का साथ देने की बजाय उसे ही गलत ठहरा दिया. मजबूरी में महिला भागकर अपनी बहन के घर चली गई.

## दरोगा को दिए बीस हजार

महिला का आरोप है कि पुलिस ने मेरी अप्लीकेशन पर छेड़खानी, मारपीट और धमकी जैसी धाराओं में केस दर्ज कर लिया. मामले की विवेचना एयरफोर्स चौकी इंचार्ज सुनीता सिंह को मिली. लेकिन, जब मुझे इसकी जानकारी हुई कि मेरा रेप का केस तो दर्ज ही नहीं हुआ है तो मैंने दरोगा से इसके लिए गुहार लगाई. उन्होंने कहा, अगर 164 के बयान में इसकी पुष्टि होगी तो रेप की धारा बढ़ जाएगी, लेकिन इसके लिए कुछ खर्च लगेंगे. मैंने दरोगा सुनीता सिंह को 20 हजार रुपए भी दे दिए.

## जान देने की दी धमकी

महिला लगातार न्याय पाने के लिए अधिकारियों के दफ्तर दौड़भाग कर रही है. महिला ने ये भी कहा है कि मुझे न्याय नहीं मिला तो मैं अपने 7 साल के बेटे के साथ अपनी जान दे दूंगी.

**"इस मामले की पूरी जानकारी नहीं है. वायरल वीडियो की जांच कर जो सही होगा उस दिशा में काम किया जाएगा. महिला ने जो भी आरोप लगाया है वो सही है तो आरोपियों पर धाराएं भी बढ़ाई जाएंगी.**

**कृष्ण कुमार बिश्नोई,** एसपी सिटी

# रेस्टोरेंट की आड़ में हुक्का बार चलाने वाले गिरफ्तार

## रेस्टोरेंट को पुलिस ने किया सीज

गोरखपुर। खोराबार क्षेत्र में रेस्टोरेंट की आड़ में हुक्काबार चलाने वाले पिन्टू सिंह उर्फ सतेन्द्र सिंह पुत्र उमेश सिंह निवासी बहरामपुर बुद्धिराम टोला थाना खोराबार, अनिकेत कुमार सिंह पुत्र मिथिलेश कुमार सिंह निवासी खाले टोला विद्यानगर थाना कैण्ट तथा मुकेश कुमार पासवान पुत्र मुराली पासवान निवासी भैरवपुर कालोनी थाना कैण्ट को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया। इस मामले में पुलिस द्वारा धारा 269 व 21/22 सिगलेट तथा अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है। चर्चा है कि यह खेल पिछले कई माह से चल रहा था और यहां दूर-दराज से युवक जमा होते थे।

# रंगरूटों को दी मैपल एप की ट्रेनिंग

GORAKHPUR (20 Nov):'यातायात माह नवंबर 2022' के अंतर्गत एसपी ट्रैफिक डॉ. एमपी सिंह ने रविवार को 300 रंगरूटें को मैपल एप की ट्रेनिंग दी. उनको बताया गया कि सड़क पर रहकर स्वयं की सुरक्षा कैसे करें और दुर्घटना किसी के भी साथ हो सकती है चाहे वह पुलिस का जवान हो या आम नागरिक. इसलिए आपको भी आवश्यक रोड सेफ्टी नियमों का पालन करना चाहिए.

## फिट रहने पर ही उपयोगी

पुलिसकर्मियों को बताया गया कि जनता के प्रति कैसे पुलिस आचरण रखना है. उसके बाद फिटनेस टिप्स भी दिए और साथ ही फिटनेस को ट्रैफिक से जोड़ा गया. एसपी ट्रैफिक ने कहा कि फिट और स्वस्थ रहने पर ही आपकी उपयोगिता है. एसपी ट्रैफिक ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मुख्य आरक्षीयों को मेपल एप के बारे में बताया.

# पिपराइच में पकड़ा गया मां का हत्यारोपित

GORAKHPUR (20 Nov): पिपराइच में एक महिला का गला रेतकर हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने रविवार को अरेस्ट कर लिया है. पुलिस ने उसके पास से हत्या में इस्तेमाल किया चाकू भी बरामद कर लिया है. हत्यारोपी राकेश सिंह ने मां को मारने के बाद बेटी को भी टारगेट किया है, इसलिए पुलिस ने मां की हत्या के बाद बेटी की सुरक्षा के लिए पुलिस की ड्यूटी लगाई है. रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए एसपी नॉर्थ मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि महिला की हत्या के बाद पुलिस ने आरोपी पर 15 हजार के इनाम की भी घोषणा की थी. आरोपी राकेश पुराने छेड़खानी के मुकदमे में सुलह करने के लिए भगनानी देवी पर दबाव बना रहा था.

## सुलह करने से मना किया तो ले ली जान

हेमधापुर निवासी सुरेन्द्र की 46 वर्षीय पत्नी भगवानी ने सुलह करने से मना कर दिया. तब 15 नवम्बर 2022 की दोपहर भगवानी देवी अपने धान के खेत की तरफ बकरी चराने गई थी. इस दौरान गांव का ही राकेश सिंह वहां आया और चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी. हत्या के बाद आरोपी युवक फरार हो गया था. खेत की ओर से गुजर रहे देवर योगेंद्र ने महिला का शव देख, पुलिस को सूचना दी थी. पुलिस ने राकेश पर हत्या का केस दर्ज कर जांच कर रही थी. पिपराइच थाने के थानेदार सूरज सिंह और उनकी टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया.

# बेटी होने पर घर से निकाला, मुकदमा दर्ज

सहजनवां की एक महिला को बेटी होने पर ससुरालियों ने रविवार को घर से निकाल दिया. आरोप है कि पहले उसका गर्भपात भी कराया गया है. ससुराली अब दहेज की मांग कर रहे हैं. पीड़िता की तहरीर पर सहजनवां थाना पुलिस ने सास, ननद और ननदोई के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है.

# जानलेवा हमला करने के तीन आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। कैंट पुलिस ने जानलेवा हमला की कोशिश करने के तीन आरोपितों को पुलिस ने रविवार को दबोच लिया। पुलिस ने उनको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया।

कैंट इंस्पेक्टर शशि भूषण राय ने बताया कि आरोपितों की पहचान कूड़ाघाट जीआरडी गेट के सामने रहने वाले रुद्र गुप्ता उर्फ हर्ष, आकाश विकास कॉलोनी निवासी आकाश गुप्ता और शाहपुर क्षेत्र के नीनाथापा निवासी किशन शर्मा के रूप में हुई है।

# घर में घुसकर महिला से छेड़खानी कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

भटहट, हिन्दुस्तान संवाद । गुलरिहा क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर महिला से छेड़खानी की घटना में न्यायालय के आदेश पर गुलरिहा पुलिस ने पिता-पुत्र सहित तीन के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना पर कार्रवाई न होने पर न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी थी।

महिला ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि 15 अप्रैल 2022 की सुबह छह बजे उसके गांव का रामकिशुन उर्फ भोला महिला को घर में अकेले पाकर घर के अंदर घुसकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म करने के इरादे से उसे पकड़ कर उसके साथ गंदी हरकतें करने लगा। वह अपनी इज्जत बचाने के लिए शोर मचाने लगी। शोर सुनकर उसकी सास पहुंची तब तक उसका पति भी घर आ गया। वे आरोपित को पकड़ लिए। आरोपित का शोर सुनकर उसके पिता सुदामा उसकी मां कैलाशी देवी भी आये और घर में घुस कर महिला, उसके पति व सास को लात मुक्कों से मार पीटकर आरोपी रामकिशुन को छुड़ा कर लेकर चले गए। आरोप है कि वह घटना की सूचना थाने पर दी। लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

# महिला की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। छेड़खानी के मुकदमे में सुलह न करने पर पिपराइच इलाके में एक मनबढ़ ने अपने ही गांव की एक महिला की गला रेतकर हत्या कर दी थी। पिपराइच पुलिस ने हत्यारोपी राकेश सिंह पुत्र इंदु को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से चाकू भी बरामद कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने 15 हजार के इनाम की भी घोषित किया था। आरोपी राकेश छेड़खानी के मुकदमे में सुलह करने के लिए भगनानी देवी पर दबाव बना रहा था। जब उन्होंने मना कर दिया तो खेत मे चाकू से गला रेतकर उसने हत्या कर दी।

- आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने रखा था 15,000 का इनाम
- 15 नवम्बर को गांव के बाहर खेत में चाकू से मनबढ़ ने रेता था गला

एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि 15 नवम्बर 2022 की दोपहर हेमधापुर निवासी सुरेंद्र की 46 वर्षीय पत्नी भगवानी देवी अपने धान के खेत की तरफ बकरी चराने गई थी। इस दौरान गांव का ही राकेश सिंह वहां आया और चाकू से गला रेतकर उनकी हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी राकेश फरार हो गया। खेत की ओर से गुजर रहे भगवानी के देवर योगेंद्र ने शव देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने राकेश पर हत्या का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। गिरफ्तारी के लिए उसके ऊपर 15 हजार का इनाम भी रखा था। जांच में सामने आया कि राकेश ने 2019 में भगवानी देवी की बेटी के साथ छेड़खानी की थी और विरोध करने पर चाकू से घायल कर दिया था। जिसके बाद पुलिस ने भगवानी की तहरीर पर राकेश के खिलाफ छेड़खानी व हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेजवा दिया था। आरोपी 2020 में जमानत पर बाहर आया। तभी से वह मुकदमे में सुलह करने का दबाव भगवानी पर बना रहा था।

शिकंजा | 10 माह में 14,552 बदमाशों का कोर्ट में सरेंडर, बहराइच में सबसे ज्यादा 6,027 तो गोरखपुर में 5,195 बदमाश सरेंडर कर गए जेल

# एनकाउंटर के खौफ से जोन में रोज 50 बदमाशों का सरेंडर

विवेक पाण्डेय

गोरखपुर। एनकाउंटर के खौफ से गोरखपुर जोन में रोज औसतन 50 बदमाश सरेंडर कर रहे हैं। इस साल बीते दस महीने में जोन में 14,552 बदमाश सरेंडर कर चुके हैं। खाकी का सर्वाधिक खौफ बहराइच और गोरखपुर में है।

बहराइच 6027 बदमाशों ने सरेंडर किया जबकि गिरफ्तारी 3082 बदमाशों की ही हुई। वहीं गोरखपुर में 5195 बदमाशों ने कोर्ट में सरेंडर किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अपराध और अपराधियों पर लगाम के लिए सख्त निर्देश है। दूसरी तरफ पुलिस की छापेमारी शुरू होने के साथ ही बदमाशों को एनकाउंटर का खौफ सताने लग रहा है। जिन्हें लग रहा है एनकाउंटर नहीं होगा उन्हें बाबा का बुल्डोजर डरा रहा है। घर पर बुल्डोजर चलवाने या फिर कुर्की कर सम्पत्ति जब्त किए जाने की प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही बदमाश कोर्ट में सरेंडर जेल में आमद करा रहे हैं।

सीएम सिटी की पुलिस ने योगी सरकार के पहले कार्यकाल के पांच साल में एनकाउंटर में जहां 17 बदमाशों को घायल किया था और तीन मारे गए थे वहीं इस बार बीते सात महीने में 12 बदमाशों का एनकाउंटर हो चुका है। वहीं बीते वर्ष 19 एनकाउंटर में जहां 34 पुलिसवाले घायल हुए थे वहीं इस साल 10 बदमाशों के एनकाउंटर में तीन पुलिसवालों को हल्की चोट आई है मतलब निशाना अचूक होने के साथ ही पुलिस ने खुद का बचाव भी बेहतर ढंग से किया है।



## बहराइच में गिरफ्तारी से दोगुने बदमाशों का सरेंडर

गोरखपुर जोन के बहराइच जिले में पुलिस ने जितने बदमाशों को गिरफ्तार किया है उसकी अपेक्षा दोगुने बदमाशों ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। यानी पुलिस को उनके पीछे बहुत भागना नहीं पड़ा वह खुद कार्रवाई के डर से जेल चले गए। आंकड़ों के मुताबिक यहां की पुलिस को पिछले दस महीने में 9127 बदमाशों को पकड़ना था। इनमें बहराइच पुलिस ने 3082 बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा तो वहीं 6027 ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया।

**19** एनकाउंटर में पिछले साल 34 पुलिसवाले हो चुके हैं घायल

### जिलावार आंकडे

| | |
|---|---|
| • देवरिया | 619 |
| • गोरखपुर | 5195 |
| • कुशीनगर | 1051 |
| • महराजगंज | 12 |
| • बस्ती | 69 |
| • संतकबीरनगर | 58 |
| • सिद्धार्थनगर | 813 |
| • गोंडा | 586 |
| • बलरामपुर | 56 |
| • बहराइच | 6027 |
| • श्रावस्ती | 66 |

# आवास के नाम पर 1.80 लाख की ठगी

हरपुर बुदहट। सिधवलिया के दीपक कुमार की बहन जो कुछ दिन पूर्व अपने ससुराल से मायके सिंघवलिया आयी थी उनके नम्बर पर काल कर जालसाज ने कहा कि उसका आवास पास हुआ है वह खाते में 1.80 लाख रुपये डाल दें तो आवास के 3.50 लाख रुपये मिल जाएंगे।

महिला को जालसाज ने तीन दिन का समय दिया। महिला ने आवास की लिस्ट से नाम कटने के डर से अपने जेवरात गिरवी रखकर और कुछ लोगों से कर्ज लेकर जालसाज के खाते में रुपये डाल दिए। जब आवास का पैसा नहीं आया तो उसने अपने भाई दीपक कुमार को जानकारी दी। भाई ने इसकी शिकायत एसपी क्राइम से की।

# हुक्काबार संचालक समेत 3 गिरफ्तार

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। खोराबार के जंगल सिकरी स्थिति देसी चूल्हा रेस्टोरेंट में हुक्का बार चल रहा था। रविवार की शाम को पुलिस ने छापा डालकर संचालक समेत तीन आरोपितों को हुक्का, चिलम, तंबाकू और पाइप संग गिरफ्तार किया। पुलिसकर्मियों को देख हुक्का पी रहे युवक फरार हो गए। पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध केस दर्ज कराया है।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि चूल्हा चौका रेस्टोरेंट में हुक्का बार चलने की शिकायत मिल रही थी। कई दिनों से स्थानीय थाने की पुलिस निगरानी कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर रविवार की शाम प्रभारी निरीक्षक ने टीम के साथ छापा डाल रेस्टोरेंट के मालिक बहरामपुर, बुद्धिराम टोला निवासी पिंटू सिंह, कैंट क्षेत्र के खाले टोला निवासी अनिकेत सिंह और भैरोपुर निवासी मुकेश पासवान को गिरफ्तार किया। कमरे की तलाशी लेने पर आठ हुक्का, आठ चिलम, पाइप, कोयला स्मोक और 11 डिब्बी तंबाकू मिला। हल्का दरोगा ने आरोपितों के विरुद्ध सिगरेट व अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया है।

# पीटीएस में प्रशिक्षुओं को पढ़ाया यातायात का पाठ

गोरखपुर। यातायात माह के अंतर्गत रविवार को पीटीएस गोरखपुर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए पाठशाला का आयोजन किया गया। एसपी ट्रैफिक डॉ. एमपी सिंह ने प्रशिक्षुओं को यातायात नियमों की जानकारी दी। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक पीटीएस हरेन्द्र कुमार, यातायात निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार सिंह, अजीत आदि मौजूद रहे।

# शातिर लुटेरे को नशीला पाउडर के साथ दबोचा

गोरखपुर। शाहपुर पुलिस ने शातिर लुटेरे को 50 ग्राम नशीला पाउडर के साथ रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। शाहपुर थानेदार रणधीर मिश्रा ने बताया कि आरोपित की पहचान गोरखनाथ क्षेत्र के चक्सा हुसैन हुसैनाबाद निवासी फरहान अंसारी उर्फ छोटू के रूप में हुई। उसपर शाहपुर थाने में लूट, चोरी समेत अन्य धाराओं में छह मुकदमा दर्ज है।

# लापरवाही पूर्वक चलाने के आरोप में डंपर सीज

कुसम्ही बाजार। क्षेत्र के कुसम्ही बाजार में एएसपी मानुष पारिख के निर्देश पर खोराबार के जगदीशपुर चौकी पुलिस ने एक डंपर को सीज किया तथा ड्राइवर खलासी को चालान कर दिया। शनिवार रात दो बजे एएसपी के निर्देश पर बिना नम्बर डंपर को जगदीशपुर चौकी प्रभारी ने पकड़ा था जिसे रविवार को दिन में डम्फर को सीज कर दिया तथा ड्राइवर मिलन साहनी निवासी जंगल रामलखना खोराबार तथा खलासी सिकंदर किजाकपुर निरोधात्मक कार्यवाही किया गया।

## किशोरी के अपहरण मामले में आठ पर मुकदमा दर्ज

**जासं, बेलीपार** : किशोरी का अपहरण करने के आरोपित विक्की और उसके नाना श्यामलाल, नानी मुन्नी, मामा सकुला व रामू, मामी अनीता व कुसुम और दोस्त विशाल के विरुद्ध बेलीपार थाना पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। किशोरी के स्वजन ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि विक्की गुलरिहा थाना के एक मोहल्ले में 10 नवंबर को ननिहाल आया था। वहीं से किशोरी को भगा ले गया।

## बेलवाडाड़ी में भूमि विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट

**जासं, सहजनवां** : बेलवाडाड़ी में रविवार को भूमि विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट में गीडा थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर आठ लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी राकेश सिंह यादव ने बताया कि राजेश्वरी की तहरीर पर गुड़डी देवी, राहुल, ज्योति और नेहा और दूसरे पक्ष से ज्योति की तहरीर पर वशिष्ठ निषाद, राजेश्वरी देवी, उर्मिला देवी तथा गेना देवी के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## घर में घुसकर छात्र को पीटा, तीन नामजद

**जासं, सहजनवां** : बाघागाड़ा में छात्र को घर में घुसकर लाठी-डंडे से पीटे जाने के मामले में रविवार को गीडा थाना पुलिस ने एकला निवासी अशोक साहनी, अच्छेलाल साहनी और अभिषेक निषाद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि बाघागाड़ा के इंद्रेश ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि शनिवार की रात पढ़ाई कर रहे थे। इसी दौरान मनबढ़ों ने घर में घुसकर मारा पीटा।

# बीपीओ की लापरवाही से हुई मारपीट, निलंबित

**जासं, गोरखपुर** : हरपुर बुदहट थाने के कैराडीह और देवराड़तुला गांव के लोगों में पुलिस की लापरवाही से मारपीट हुई थी। पहले भी दोनों गांव के लोगों में विवाद हुआ था, जिसकी जानकारी बीपीओ (बीट पुलिस अधिकारी) को नहीं थी। रविवार की रात एसएसपी ने दोनों गांव के बीपीओ को लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया।

मंगलवार की शाम देवराड़तुला गांव में कैराडीह के रहने वाले दो बाइक सवार चार युवक हूटर बजाते हुए जा रहे थे। आरोप है कि वह राममिलन के घर के सामने रुककर हूटर और तेज बजाने लगे। राममिलन ने उन्हें हूटर बजाने से मना किया। इस पर मनबढ़ों के साथ उनकी कहासुनी हुई। कुछ देर बाद दोनों बाइक सवार मनबढ़ दोस्तों के साथ राममिलन के घर पहुंचे और अंदर घुसकर परिवार के लोगों को पीट दिया। इस मामले में पुलिस ने 12 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। घटना के बाद दोनों गांव के लोग आमने-सामने आ गए थे। एसएसपी ने मामले की जांच कराई तो पता चला कि दोनों गांव के बीच पहले भी विवाद हो चुका है, जिसकी सूचना बीपीओ को नहीं थे। एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि देवराड़तुला गांव के बीपीओ उपेंद्र कुशवाहा और कैराडीह के बीपीओ अनिल सिंह यादव को निलंबित किया गया है। जिले के सभी बीपीओ को निर्देश दिए गए हैं।

# बेटी होने पर घर से निकाला आरोपित पर मुकदमा दर्ज

**जासं, सहजनवां** : सहजनवां की एक महिला को बेटी होने पर ससुरालियों ने रविवार को घर से निकाल दिया। आरोप है कि पहले उसका गर्भपात भी कराया गया है। ससुराली अब दहेज की मांग कर रहे हैं। पीड़िता की तहरीर पर सहजनवां थाना पुलिस ने सास, ननद और ननदोई के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

नगर पंचायत न्यू कालोनी वार्ड नंबर 14 निवासी भाष्कर सिंह की पुत्री ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उसकी शादी कुशीनगर निवासी अनंत कुमार सिंह पुत्र स्व. ध्रुवदेव सिंह के साथ वर्ष 2020 में हुई। तब पति गोरखपुर में वन विभाग में कार्यरत थे। शादी के बाद ससुराल वालों ने दहेज नहीं देने पर स्वीकार करने से मना कर दिया। इसके बाद पति के साथ रहने लगी। इसी बीच वह गर्भवती हुई, तो सास ने पति को धमकी देकर धोखे से गर्भपात करा दिया। 2022 में उसने पुत्री को जन्म दिया। इसके बाद ससुराल वालों ने पति को संपति से बेदखल कर दिया। कुछ दिनों बाद पति विभाग से बीमारी का अवकाश लेकर घर चले गए। पता चला कि उन्होंने कुशीनगर की हाटा तहसील में तबादला करा लिया है। थाना प्रभारी नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव ने बताया कि महिला की तहरीर पर सास शीला सिंह, तीन बहनों व ननदोई आदि के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## दहेज हत्या का आरोपित शिक्षक गिरफ्तार

**जासं. गोरखपुर** : दहेज हत्या के आरोपित शिक्षक को गोरखनाथ थाना पुलिस ने रविवार की सुबह गिरफ्तार किया। उसे न्यायालय में दोपहर बाद पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना गोरखनाथ दुर्गेश सिंह ने बताया कि सुमेर सागर निवासी मनोज कुमार गुप्ता की पत्नी का शव शुक्रवार की शाम कमरे में फंदे से लटकता मिला था। साले ने मनोज उसके पिता, माता व भाभी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। पकड़ा गया आरोपित सेंट एंड्रयूज कालेज में शिक्षक है।

# जानलेवा हमला करने के तीन आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर : मारपीट व जानलेवा हमला करने के तीन आरोपितों को कैंट थाना पुलिस ने रविवार की सुबह गिरफ्तार किया। दोपहर बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि आरोपित रूद्र गुप्ता उर्फ हर्ष गुप्ता निवासी जीआरडी गेट, आकाश गुप्ता निवासी आवास-विकास कालोनी और किशन शर्मा निवासी नीना थापा थाना शाहपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। (जासं)

# आरोपित युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा

गोरखपुर : जानलेवा हमला करने के आरोपित को रामगढ़ताल थाना पुलिस ने रविवार की सुबह गिरफ्तार किया। दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना रामगढ़ताल सुधीर सिंह ने बताया कि मंझरिया बिस्टौली गांव निवासी नीरज कुमार के विरुद्ध मारपीट व जानलेवा हमला करने का मुकदमा दर्ज था। (जासं)

# डाक्टर समेत तीन पर धमकी देने व मारपीट का मुकदमा

**जासं. गोरखपुर** : महिला ने डाक्टर समेत तीन के विरुद्ध गुलरिहा थाने में मारपीट करने और धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि गुलरिहा व चिलुआताल थाने में दर्ज मुकदमे में आरोपित समझौता करने का दबाव बना रहे हैं। बात न मानने पर वारदात को अंजाम दिया।

शाहपुर के जंगल सालिकराम निवासी किरन गुप्ता ने गुलरिहा थाना पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में लिखा है कि 22 अक्टूबर की शाम को खजांची चौराहे पर वह आटो का इंतजार कर रही थीं। डा.अभयनंदन सिंह के कहने पर पहुंचे उनके हास्पिटल के मैनेजर विनय यादव व दिनेश ने रोक लिया। पुराने मुकदमे में समझौता करने का दबाव बनाते हुए बात न मानने पर जान से मारने की धमकी देने लगे। आरोप है कि उन्होंने चाकू लेकर दौड़ा लिया।

# रेस्टोरेंट में चलता मिला हुक्का बार

## संचालक समेत तीन गिरफ्तार, खोराबार के जंगल सिकरी के देसी चूल्हा रेस्टोरेंट की घटना

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** खोराबार के जंगल सिकरी स्थिति देसी चूल्हा रेस्टोरेंट में हुक्का बार चल रहा था। रविवार की शाम पुलिस ने छापा डालकर संचालक समेत तीन आरोपितों को हुक्का, चिलम, तंबाकू और पाइप के साथ गिरफ्तार किया। पुलिसकर्मियों को देख हुक्का पी रहे युवक फरार हो गए। हल्का दारोगा ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि चूल्हा चौका रेस्टोरेंट में हुक्का बार चलने की शिकायत मिल रही थी। मुखबिर की सूचना पर रविवार की शाम प्रभारी निरीक्षक ने टीम के साथ छापा डाल रेस्टोरेंट के मालिक बहरामपुर, बुद्धिराम टोला निवासी पिंटू सिंह उर्फ सत्येंद्र, कैंट क्षेत्र के खाले टोला निवासी अनिकेत सिंह और भैरोपुर निवासी मुकेश पासवान को गिरफ्तार किया। जिस कमरे में युवकों को हुक्का पिलाया जा रहा था उसकी तलाशी लेने पर आठ हुक्का, आठ चिलम, पाइप, कोयला स्मोक और 11 डिब्बी तंबाकू मिली। हल्का दारोगा गजेंद्र सिंह ने आरोपितों के विरुद्ध सिगरेट व अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 और उपेक्षापूर्ण कार्य करके संक्रामक रोग फैलाने का प्रयास करने का मामला दर्ज कराया है।

- **पुलिस ने कब्जे में लिया हुक्का, चिलम और तंबाकू की डिब्बी**
- प

### एसपी सिटी ने पांच जगह पकड़ा था हुक्काबार

शहर के रेस्टोरेंट व बार में हुक्का बार चलने की शिकायत पर 22 अगस्त की रात एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने पांच होटल व रेस्टोरेंट में छापा डाला जिसमें सरैया बाजार के पास स्थित रेडिएंट रिसार्ट होटल, रामगढ़ताल के होटल रेड कार्पेट, इसी क्षेत्र के टाइटेनिक लाज एंड वार तथा कैंट के गोलघर व जीडीए टावर में स्थित दो स्थानों पर अवैध रूप से हुक्का बार चलता हुआ पाया गया था। पांचों जगह 31 हुक्का व तंबाकू मिली था जिसे पुलिस ने जब्त कर संचालकों के विरुद्ध गुलरिहा, रामगढ़ताल व कैंट थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।



पकड़े गए आरोपित ● जागरण

# उरुवा थाने में 17 बाइकों की हुई नीलामी

उरुवा बाजार। तहसीलदार गोला और सीओ गोला जगतराम कन्नौजिया की उपस्थिति में उरुवा थाने में रविवार को बाइक की नीलामी हुई। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर सुनील कुमार निषाद ने बताया कि 17 बाइकों की नीलामी कुल 88700 रुपये में हुई। संवाद

## छेड़खानी करने वाले के खिलाफ केस दर्ज

**मेडिकल कॉलेज।** गुलरिहा थाना क्षेत्र की महिला ने गांव के ही युवक पर घर में घुसकर छेड़खानी करने व मां और पिता से मारपीट करने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत पीड़िता ने मुख्यमंत्री के जनता दरबार में की थी। गुलरिहा पुलिस ने युवक रामकिशुन उर्फ भोला के खिलाफ छेड़खानी सहित मारपीट का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि पुलिस जनता दरबार में शिकायत करने से महिला से नाराज थी। इसकी वजह से उसने महिला के पति का भी शांतिभंग में चालान कर दिया था। ब्यूरो

## छात्र को पीटने पर तीन के खिलाफ मुकदमा

**गीडा।** कमरे में पढ़ाई कर रहे छात्र की पड़ोसी गांव के मनबढ़ों ने घर में घुसकर पिटाई कर दी। शिकायत पर पुलिस ने चार के खिलाफ केस दर्ज किया है। बाधागाड़ा निवासी इंद्रेश निषाद ने बताया कि शनिवार रात नौ बजे व कमरे में पढ़ाई कर रहा था। इस दौरान पुरानी रंजिश में अशोक साहनी, अच्छेलाल साहनी, अभिषेक साहनी आए और मारे पीटे। ब्यूरो

## मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**गोरखपुर।** मारपीट की घटना के बाद फरार चल रहे आरोपी को रामगढ़ ताल पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी नीरज कुमार मंझरिया बिस्टौल का रहने वाला है। उसके खिलाफ पूर्व में मारपीट सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज थे। इसके बाद से वह फरार चल रहा था। ब्यूरो

# दहेज उत्पीड़न व गर्भपात कराने का केस

## सहजनवां नगर पंचायत की न्यू कॉलोनी का मामला, जांच शुरू

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**सहजनवां।** विवाहित का गर्भपात कराने और दहेज के लिए मारने पीटने के मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सास, ननद सहित पांच के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तहरीर देकर सहजनवां नगर पंचायत की न्यू कॉलोनी की रहने वाली ज्योति सिंह ने बताया है कि उनकी शादी अनंत सिंह से 10 सितंबर 2020 को हुई थी। दो दिसंबर को पति के साथ ससुराल गई तो ससुराल के लोगों ने घर में घुसने से मना कर दिया।

18 लाख नकद सहित सोने, चांदी के जेवरात मांगने लगे। 2021 में दो माह की गर्भवती थी। आरोप है कि इस दौरान ससुराल के लोगों ने बीमारी का बहाना बनाकर दवा खिला दिया, जिससे गर्भपात हो गया था। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस सास शीला, ननद गरिमा, सपना, अमृता निवासी रामकोला रोड, जिला कुशीनगर, तारकेश्वनाथ निवासी गोरखपुर के खिलाफ गर्भपात कराने तथा दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# महिला की हत्या का आरोपी दबोचा

## 15 नवंबर को गांव के बाहर खेत में चाकू से रेता गया था गला

**अमर उजाला ब्यूरो**

**गोरखपुर।** छेड़खानी के मुकदमे में सुलह न करने पर अपने ही गांव की महिला की हत्या करने के आरोपी 15 हजार के इनामी राकेश सिंह को पिपराइच पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया गया। उसके खिलाफ पहले भी कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि 15 नवंबर की दोपहर हेमधापुर निवासी सुरेंद्र की पत्नी भगवानी (46) अपने धान के खेत की तरफ बकरी चराने गई थी। इस दौरान गांव का ही राकेश सिंह आया और पूर्व दर्ज मुकदमे को लेकर दबाव बनाने लगा। विरोध करने पर उसने भगवानी की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी थी।

खेत की ओर से गुजर रहे भगवानी के देवर योगेंद्र ने शव देख पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस राकेश पर हत्या का केस दर्ज कर उसकी तलाश में जुटी थी। गिरफ्तारी के लिए 15 हजार का इनाम भी घोषित कर दिया था।

जांच में सामने आया कि राकेश ने 2019 में भगवानी के परिवार की एक युवती पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया था।

इस मामले में भगवानी की तहरीर पर पुलिस ने हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया था।

आरोपी 2020 में जमानत पर बाहर आया। इसके बाद से वह मुकदमे में सुलह करने का दबाव बनाने लगा। लेकिन, भगवानी ने मना कर दिया। इसके बाद 15 नवंबर की दोपहर भगवानी को अकेले खेत में देखकर उसने गला रेत दिया था।

### डॉक्टर समेत तीन पर मारपीट का केस

**मेडिकल कॉलेज।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के झुंगिया गेट पर रुद्रा हॉस्पिटल एवं हरसेवकपुर में हेरिटेज हॉस्पिटल चलाने वाले डॉक्टर अभय नंदन सिंह के खिलाफ गुलरिहा थाना पुलिस ने मारपीट और धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है। जंगल सालिक राम की रहने वाले किरन गुप्ता ने आरोप लगाया है कि चिलुआताल एवं शाहपुर थाने में डॉक्टर अभय नंदन सिंह के खिलाफ पूर्व में केस दर्ज कराया गया था। मुकदमा वापसी को लेकर डॉक्टर दबाव बना रहे थे। विरोध करने पर डॉक्टर ने दिनेश यादव और अन्य दो लोगों को भेजकर जान मारने की नीयत से चाकू लेकर दौड़ा लिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। ब्यूरो

# धन का दुरुपयोग करने की आरोपी पूर्व प्रधान गिरफ्तार

**गोरखपुर।** सरकारी धन का दुरुपयोग करने के आरोप में फरार चल रही पूर्व प्रधान हेमवंती को गोला पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी डड़िया गांव की रहने वाली है।

गांव के विकास में हुए सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोप में पुलिस ने केस दर्ज किया था। इसके बाद से वह फरार चल रही थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर यह गिरफ्तारी की है। ब्यूरो

# दहेज हत्या के आरोप में शिक्षक गिरफ्तार

गोरखपुर। दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गोरखनाथ पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी मनोज कुमार सुमेर सागर जटेपुर दक्षिणी का रहने वाला है। वह सेंट एंड्रयूज कॉलेज में प्राइवेट शिक्षक है। पत्नी की मौत के मामले में साले ने उसके खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कराया था। ब्यूरो

# रेस्टोरेंट में हुक्का बार मिलने पर संचालक समेत तीन गिरफ्तार

गोरखपुर। खोराबार इलाके के जंगल सिकरी के देसी चूल्हा रेस्टोरेंट में हुक्का बार मिलने पर संचालक समेत तीन को रविवार देर शाम पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से चिलम, हुक्का व अन्य सामग्रियों को बरामद किया है।

खोराबार पुलिस ने हलका दरोगा की तहरीर पर केस दर्ज कर कार्रवाई की है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान रेस्टोरेंट के मालिक बहरामपुर, बुद्धिराम टोला निवासी पिंटू सिंह उर्फ सत्येंद्र, कैंट क्षेत्र के खाले टोला निवासी अनिकेत सिंह और भैरोपुर निवासी मुकेश पासवान के रूप में हुई है।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई के मुताबिक, खोराबार के चूल्हा चौका रेस्टोरेंट में हुक्का बार चलने की शिकायत मिली थी। कई दिनों से स्थानीय थाने की पुलिस निगरानी कर रही थी। सूचना पर रविवार देर शाम प्रभारी निरीक्षक ने टीम के साथ पहुंचे तो वहां पर कई युवक हुक्का बार में मौजूद थे। पुलिस को देखते ही युवक फरार हो गए। ब्यूरो

# मारपीट करने के तीन आरोपी दबोचे

गोरखपुर। मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने वाले तीन आरोपियों को कैंट पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी रूद्र गुप्ता उर्फ हर्ष गुप्ता निवासी जीआरडी गेट के सामने कूड़ाघाट, आकाश गुप्ता निवासी आवास विकास कॉलोनी और किशन शर्मा निवासी शाहपुर क्षेत्र, को गिरफ्तार किया गया है।

इनके खिलाफ पूर्व में मारपीट सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज था। ब्यूरो

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 21-11-2022

# घर में घुसकर मारपीट चेन छिनने का मुकदमा

सलेमपुर(एसएनबी)। कोतवाली थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या पांच हरैया में बाउंड्रीवाल को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। इसमें एक पक्ष के कुछ लोगों अजय श्रीवास्तव के घर में घुसकर मारपीट किए और सोने का चेन छिन लिए थे। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने लूट का मुकदमा दर्ज किया है।

हरैया वार्ड के अजय श्रीवास्तव के बाउंड्रीवाल के बगल में अशोक कुमार गुप्ता की जमीन है। दोनो के बीच विवाद चल रहा है। आरोप है कि 20 अगस्त को अशोक गुप्ता द्वारा जमीन पर बढकर निर्माण कराया जा रहा था। इसी को लेकर अजय के पक्ष के लोग रोक रहे थे। इसी को लेकर मारपीट हो गई। इसी बीच कुछ लोग अजय के घर में घुसकर मारपीट किए और सोने का चेन छिन लिए। इस मामले में कोतवाली पुलिस मुकदमा दर्ज नहीं किए। इसके बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने अशोक कुमार गुप्ता, गंगारती देवी, आकाश, ज्योति व एक अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान दि० 21/11/22

# लापता महिला की मथुरा में मिली लोकेशन

गौरीबाजार। मायका जाने के लिए निकली महिला लापता हो गई। महिला के परिवार वाले रविवार को गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंचे थे, उसका लोकेशन मथुरा में मिला है। परिवार के लोग महिला को लाने के लिए मथुरा रवाना हो गए। गौरीबाजार के जोगिया निवासी विन्द्रावती देवी (55) पत्नी गुलाब यादव शनिवार सुबह मायके गोरखपुर जनपद के बड़हलगंज जाने के लिए निकली थी।

हिन्दुस्तान दि० 21/11/22

# करंट से छात्र की मौत के मामले में केस

सलेमपुर। करंट से छात्र की मौत के मामले में विद्युत विभाग के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। पुलिस ने छात्र के पिता की तहरीर पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। यह मुकदमा विद्युत विभाग सलेमपुर नाम पता अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया गया है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के चांदपलिया गांव निवासी अमित कुमार नगर के सेंट जेवियर्स स्कूल में दसवीं का छात्र था। शनिवार की सुबह वह घर से कोचिंग के लिए निकला। कोचिंग करने के बाद वह वापस घर लौट रहा था। अभी वह सेंट पॉल स्कूल के पीछे पहुंचा था। उसी दौरान पोल से नीचे लटके हुए हाईटेंशन का तार की चपेट में आ गया जिससे छात्र की मौके पर ही मौत हो गई।

हिन्दुस्तान दि. 21/11/22

# पांच पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज

तरकुलवा,हिन्दुस्तान संवाद। रिटायर्ड प्रधानाध्यापक की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने उसकी पत्नी, बेटी, भाई की पत्नी समेत पांच के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है। पुलिस ने प्रधानाध्यापक के बेटे प्रदीप की तहरीर मुकदमा दर्ज किया है। तरकुलवा पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

तरकुलवा थाना क्षेत्र के मठिया महावल गांव के रहने सेवानिवृत्त हेड मास्टर नंद प्रसाद (67) शव 3 दिन पूर्व थाना क्षेत्र के सिसवा मुड़ी कटवा गांव के खंनुवा नाले के समीप पेड़ से लटकता हुआ मिला था। मृतक हेडमास्टर के बेटे प्रदीप ने तरकुलवा पुलिस को तहरीर देकर अपनी मां, बहन और छोटे भाई की पत्नी समेत 5 लोगों के विरुद्ध पिता को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दिया था। तरकुलवा पुलिस ने शनिवार की देर रात मृतक की पत्नी सरस्वती देवी, बेटी गिरजा व छोटे भाई के पत्नी माधुरी व पटहेरवा थाना क्षेत्र के सुमही गांव निवासी छोटे भाई के ससुर हरिभजन सिंह तथा माधुरी के मामा के लड़के दुर्गेश के विरुद्ध धारा 306 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी दिनेश मिश्रा ने बताया कि मृतक के बेटे प्रदीप की तहरीर पर मां बेटी अनुज की पत्नी माधुरी ससुर समेत 5 लोगों के खिलाफ धारा 306 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया हैं।

हिन्दुस्तान 21/11/22

# पुलिसकर्मी से विवाद करने वाले को जेल

देवरिया। महुआडीह थाने के मुंशी से विवाद करने वाले तीन युवकों का पुलिस ने शांतिभंग में चालान किया। एसडीएम कोर्ट ने तीनों को 14 दिनों के लिए जेल भेज दिया। दो आरोपी गौरीबाजार और एक रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र का रहने वाला है।

महुआडीह थाने का एक पुलिसकर्मी शुक्रवार की देर शाम को कार्यालय से कार्य समाप्त करने के बाद चौराहे पर कुछ सामान खरीदने पहुंचा था। जहां पर कुछ युवक पहले से मौजूद थे। रात में चौराहे पर घूम रहे युवकों को पुलिस कर्मी ने घर जाने की बात कही। इस पर तीनों मनबढ़ युवक पुलिस कर्मी से कहा सुनी करते हुए अभद्रता करने लगे। सूचना पर थाने पर मौजूद पुलिस और दरोगा मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने दौड़ाकर तीनों को दबोच लिया।

हिन्दुस्तान दि. 21/11/22

# कोर्ट के आदेश पर चार के खिलाफ केस

सलेमपुर। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने चार के खिलाफ केस दर्ज किया है। वार्ड नम्बर 5 हरैया में 20 अगस्त को अजय कुमार श्रीवास्तव पुत्र हरिश्चंद्र श्रीवास्तव की बाउंड्रीवाल तोड़ उन्हें व परिजनों को कुछ लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया था। अजय कुमार श्रीवास्तव ने कोतवाली पुलिस समेत उच्च अधिकारियों को तहरीर देकर न्याय की मांग किया। पीड़ित व्यक्ति को कोई न्याय नहीं मिला तो उन्होंने न्यायालय में वाद दाखिल कर दिया। न्यायालय के आदेश पर रविवार को कोतवाली पुलिस ने हरैया वार्ड निवासी अशोक गुप्त पुत्र कमला, गंगारती देवी पत्नी अशोक गुप्त, व बेटा आकाश, बेटी ज्योति गुप्ता एवं एक व्यक्ति अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज।

# मारपीट में दोनों पक्षों ने किया केस

महुआडीह। महुआडीह थाना क्षेत्र के बालकुँवा गांव में मारपीट मामले में महुआडीह पुलिस ने दोनों पक्षों से सात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है बालकुँवा गांव में सड़क निर्माण में रखे ईट को दरवाजे से हटाने से मना करने पर दो परिवारों में मारपीट हुई थी। एक पक्ष से रमाशंकर प्रसाद की तहरीर पर विजय प्रसाद ,सोनू प्रसाद, अनीता पुत्री सुरेमन प्रसाद , कलावती पत्नी सुरेमन प्रसाद पर मुकदमा दर्ज हुआ है ।दूसरे पक्ष की अनीता देवी पत्नी सुरेमन प्रसाद की तहरीर पर रामाशंकर प्रसाद, राजू प्रसाद, बिट्टू परकेस दर्ज।

# अपहरण का मुकदमा दर्ज

**खुखुंदू :** क्षेत्र के एक गांव से स्कूल जाते समय छात्रा के अपहरण के मामले में पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदम्रा दर्ज किया है। बुधवार को छात्रा देवरिया स्कूल जाने के लिए सड़क पर आई। इसी बीच कुछ बाइक सवार युवक लेकर चले गए। छात्रा कक्षा सातवीं में पढ़ती है। थानाध्यक्ष गोपाल राजभर ने बताया कि छात्रा के पिता की तहरीर पर अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया है। (जासं)

# वांछित को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बनकटा :** क्षेत्र के भड़सर गांव का रहने वाला अजय गुप्ता मारपीट व हत्या के प्रयास के मामले में वांछित चल रहा था ।पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। (जासं)

बचाव के बारे में बताया जाए।

दैनिक जागरण दि. 21/11/22

# तीन युवकों को अधमरा करने के मामले में छह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

जासं, देवरिया: तीन युवकों को अधमरा करने के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने छह के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। सदर कोतवाली के बरवा गोरस्थान के रहने वाले हृदयनारायन सिंह ने तहरीर में कहा है कि गांव के छट्ठू यादव पुत्र लक्षन यादव व उसके परिवार के लोग दबंगई के बल पर मेरी फसल को बर्बाद करते रहते हैं। मना करने पर रंजिश रखते हैं। 16 नवंबर की शाम करीब 7.50 बजे मेरे पुत्र निखिल खेत से वापस आ रहे थे। छट्ठू के दरवाजे के सामने से गुजर रहे थे तभी छट्टू के ललकारने पर उसके स्वजन ने हमला बोल दिया। मेरे पुत्र जान बचाकर घर में आ गया। मेरे घर में घुसकर मेरे पुत्र निखिल व भतीजा धनंजय पुत्र उमेश को जान से मारने की नियत से लाठी-डंडे, लोहे के राड से मारपीट कर अधमरा कर दिया। बीच बचाव करने आए शिवम यादव पुत्र मुन्ना का भी सिर फोड़ दिया। मरणासन्न होने व खून की उल्टी होने पर सभी भाग गए। पुलिस ने छट्ठू यादव, श्यामू व शुभम पुत्रगण छट्ठू यादव, सुनील यादव पुत्र अमर, प्रवीन पुत्र रामप्रवेश, महेंद्र पुत्र गिरीश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

ADMISSION FOR
EWS GIRLS
B.Ed.
60,000/- for Both Years
9984412362, 9125555666

आ
सांगली (म
पैनल एवं रि
प्रतिष्ठित ए
राज्यों में से
व्यक्तियों की
पैनल) क्षेत्र
जाएगी। इच्
शीघ्र प्रेषित व
VGLOB
Shop No. 104
Mail-gha
Conta

## बाइक चोरी मामले में मुकदमा

देवरिया : सदर रेलवे स्टेशन परिसर से बाइक चोरी मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। शहर के कतरारी के रहने वाले दीपक यादव पुत्र भोरिक यादव नौ नवंबर की रात करीब दस बजे बाइक से अपने पिता को लेकर रेलवे स्टेशन पर गए थे। परिसर में बाइक खड़ी कर अंदर गए। करीब 30 मिनट बाद बाहर आए तो देखा कि बाइक चोरी हो गई है। काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिली। (जासं)

## 13 लोगों के विरुद्ध मुकदमा

सलेमपुर : कोतवाली थाना क्षेत्र के चांद पलिया गांव में लकड़ी हटाने को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद में पुलिस ने दोनों पक्षों से पांच महिलाओं सहित 13 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। चांद पलिया गांव के अच्छेलाल व अरविंद के बीच भूमि विवाद को लेकर 15 नवंबर को कहासुनी के बाद मारपीट हुई थी। अच्छेलाल कोतवाली पुलिस ने अरविंद कुमार की तहरीर पर अच्छेलाल, रामप्रीत, मीना देवी, अर्चना, जनार्दन, सरोज देवी और अच्छेलाल की तहरीर पर सरदरी, दिनेश, बद्री, अरविंद कुमार, टेंगरी, बीना व मीणा के खिलाफ मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल जितेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। (जासं)

# एक ही चिता पर मां-बेटी का हुआ अंतिम संस्कार

जासं, गौरीबाजार: मझने नाला के किनारे मां-बेटी की चिता एक साथ सजी तो सभी की आंखें नम हो गईं। हर कोई इस घटना से दुखी नजर आ रहा था। लोगों के मन में सवाल उठ रहा था कि मामली बात में महिला ने आत्मघाती कदम कैसे उठा लिया। अंतिम संस्कार में स्वजन व गांव वाले शामिल हुए। पति रामू सिंह ने एक चिता पर पत्नी व बेटी को मुखाग्नि दी।

ग्राम देवतहां की रहने वाली सीमा सिंह ने पति रामू सिंह से विवाद के बाद बेटी अनुष्का के साथ पोखरे में कूदकर आत्महत्या कर ली। स्वजन की मानें तो विवाद खांसी के सिरप को लेकर हुआ था। सीमा काम में लगी थी। तभी बेटी अनुष्का ने खांसी सिरप को खोलकर स्वयं लेने लगी। इस दौरान सिरप गिर गया। सीमा ने बेटी की पिटाई कर दी। जिसको लेकर पति से विवाद हुआ। लोगों का कहना है कि परिवार में ऐसे विवाद सामान्य हैं।

ग्रामीणों की मानें तो परिवार में किसी चीज की कमी नहीं है। न ही ऐसा विवाद कभी सुनने में नहीं आया। सीमा ने बच्ची के साथ आत्महत्या करने से पहले आडियो भी बना रखा था। शनिवार को पोस्टमार्टम तक मृतका के मायके वाले साथ थे, लेकिन अंतिम संस्कार के समय केवल स्वजन व गांव वाले ही मौजूद रहे। प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि कोई तहरीर नहीं मिली है।

## डूबने से हुई थी मां बेटी की मृत्यु

जासं, गौरीबाजार : क्षेत्र के ग्राम देवतहां में दो दिन पूर्व पोखरे में मां-बेटी की संदिग्धावस्था में मिले शव का को लेकर तरह-तरह के कयास का पर्दाफाश हो गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण डूबने से होना बताया गया है। 28 वर्षीय सीमा सिंह पत्नी रामू सिंह और पांच वर्षीय पुत्री अनुष्का का शव गांव के पोखरे में शुक्रवार की दोपहर करीब दो बजे उतराता हुआ मिला था। थानाध्यक्ष गौरीबाजार नवीन कुमार सिंह ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दोनों की मृत्यु का कारण डूबने से होना कारण बताया गया है। अब उसके अनुसार विवेचना की जाएगी।

अमर उजाला दि. 21/11/22

# रिटायर्ड सैनिक की जमीन की चहारदीवारी गिराई



बरहज। क्षेत्र के कपरवार स्थित एक विशेष समुदाय के मोहल्ले में कुछ लोगों ने शनिवार की रात फुलवरिया पांडेय गांव निवासी और सेवानिवृत्त सूबेदार सतीश कुमार की जमीन पर निर्मित चहारदीवारी गिरा दी। उन्होंने शिकायती पत्र देकर पुलिस से गुहार लगाई है। उनका कहना है कि रात में कुछ लोगों ने गलत मंसूबे के तहत चहारदीवारी गिरा दी है। थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र ने बताया कि बाहर हूं। पता कराता हूं। संवाद

अ. उजाला 21/11/22

# पांच महिलाओं समेत 13 पर केस दर्ज

सलेमपुर। पांच दिन पूर्व लकड़ी हटाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। इसको लेकर दोनों पक्षों ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों से पांच महिलाओं समेत 13 लोगों पर केस दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना हलका के दरोगा कर रहे हैं। चांद पलिया के अच्छेलाल व अरविंद के बीच भूमि विवाद को लेकर 15 नवंबर को कहासुनी के बाद मारपीट हो गई थी। अच्छेलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि सदरी पुत्र शिवनंदन ने मकान के सामने लकड़ी रखी थी जिससे चोट लगी। विरोध पर मारपीट की। संवाद

# सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक की मौत में पत्नी समेत पांच पर मुकदमा

देवरिया। सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक की फंदे से लटक कर हुई मौत के मामले में तरकुलवा पुलिस ने मृतक के बेटे प्रदीप की तहरीर पर पत्नी, बेटी और भाई की पत्नी समेत पांच पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

तरकुलवा क्षेत्र के मठिया महावल निवासी सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक नंद प्रसाद (67) का शव तीन दिन पूर्व क्षेत्र के सिसवा मुड़िकटवा गांव के खनुवां नाले के समीप पेड़ से लटका हुआ मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण हैंगिंग आया था।

प्रदीप ने पिता को उकसाने की तहरीर दी थी। पुलिस ने शनिवार की रात मृतक की पत्नी सरस्वती, पुत्री गिरजा व छोटे भाई की पत्नी माधुरी और पटहेरवा थाना क्षेत्र के सुमही गांव निवासी छोटे भाई के ससुर हरिभजन सिंह तथा दुर्गेश पर 306 के तहत केस दर्ज किया है। संवाद

KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-11-2022

# रेप के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**अहिरौली बाजार।** अहिरौली बाजार की पुलिस ने रविवार को स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम डुमरी निवासी संजय कन्नौजिया पुत्र पारस कन्नौजिया उम्र 31 वर्ष को पुलिस ने थाने में दर्ज विभिन्न धाराओं में मुकदमा के आधार पर जेल भेज दिया।

संजय कन्नौजिया पर स्थानीय थाने में मुकदमा भारतीय दंड संहिता की धारा 323, 376 और 452 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

# सात नामजद व अज्ञात लोगों के खिलाफ केस

**पटहेरवा।** पटहेरवा थाना के एक गांव की महिला ने देवरिया जनपद के 5 रिश्तेदारों सहित सात नामजद व अज्ञात लोगों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने, 5000 रुपये, सोने के गहने, टीवी व सिलाई मशीन उठा ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने सात नामजद सहित अज्ञात के खिलाफ मारपीट सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज हुआ।

# सीसीटीवी लगाने पर दिया जोर

**समउर बाजार।** बार्डर क्षेत्र की निगरानी व अपराध व अप्राधियो पर लगाम लगाने के लिए एडीजी के निर्देश पर स्थानीय पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत समउर बाजार,गंगुवा बाजार, डिबनी बनजरवा आदि जगहों के मुख्य मार्ग व चट्टी चौराहों पर जन सहयोग से सीसीटीवी कैमरे लगवाने की कवायद तेज कर दी है।

# चोरी की बाइक के साथ लिफ्टर गिरफ्तार

**जासं,खड्डा:** हनुमानगंज पुलिस ने रविवार को चोरी की बाइक के साथ एक लिफ्टर को गिरफ्तार किया। पुलिस उसे कोर्ट ले गई, वहां से उसे जेल भेज दिया गया। लिफ्टर की पहचान भरत राज कंचन निवासी छितौनी विवेकानन्द नगर हनुमानगंज के रूप में हुई।

प्रभारी निरीक्षक रामसहाय चौहान मातहतों संग गश्त पर थे। पनियहवा ढ़ाला के पास पुलिस का वाहन देख बाइक सवार एक युवक तेज गति से बाइक भगाने लगा। पीछाकर पुलिसकर्मियों ने उसे कुछ ही दूरी पर पकड़ा। बाइक का कागजात मांगने पर वह नहीं दे सका। पूछताछ में उसने स्वीकारा कि बाइक चोरी की है। जिसे बेचने वह गोरखपुर के पिपराइच्चजा रहा था। एसएच्चओ ने बताया कि बरामद बाइक बिहार के बगहा से चोरी हुई थी। टीम में दारोगा दीनानाथ पांडेय, कांस्टेबल अमित यादव, मनोज कुमार सिंह, यशवंत यादव शामिल रहे।

# दुष्कर्म का वांछित गिरफ्तार

**अहिरौली बाजार:** क्षेत्र के लोहेझार चौराहे के पास से अहिरौली बाजार पुलिस ने रविवार को दुष्कर्म के वांछित को गिरफ्तार कर लिया पुलिस उसे कोर्ट ले गई, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। एसएसआइ राजेश टीम संग गश्त पर थे। सूचना मिली कि दुष्कर्म मामले में नामजद व फरार चल रहा आरोपित लोहेझार चौराहे के पास मौजूद है। टीम ने वहां पहुंच उसे दबोच लिया। उसकी पहचान रमन उर्फ संजय कन्नौजिया निवासी डुमरी के रूप में हुई। टीम में हेड कांस्टेबल अरविंद मौर्य शामिल रहे।

# अब मनचलों पर लगेगा गुंडा एक्ट

## होंगे जिला बदर, गर्ल्स कालेज के आस-पास सादे वेश में तैनात रहेंगे पुलिसकर्मी

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** छेड़खानी व फब्तियां कसने वालों की अब खैर नहीं। पुलिस अब आरोपितों के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जिला बदर कराने की कार्रवाई करेगी। मकसद है इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाना।

इस तरह के मामलों में थानेदारों को सख्ती से पेश आने का निर्देश जारी कर कहा गया है कि छेड़खानी या फब्तियां कसने के दर्ज मामलों में आरोपितों के खिलाफ कठोर कदम उठाते हुए गुंडा एक्ट (धारा 110 बी) के तहत कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाए।

### पुलिस करेगी मजबूत पैरवी ताकि न होने पाए जमानत

छेड़खानी करने वालों को जल्दी जमानत न मिले इसे लेकर पुलिस कोर्ट में उचित साक्ष्य व तथ्य प्रस्तुत कर अपना पक्ष रखेगी। ऐसे मामलों में ठोस रणनीति के तहत मजबूत पैरवी होगी।

छात्रों व महिलाओं के लिए बेहतर व भयमुक्त वातावरण बनाने के लिए ठोस कदम उठाते हुए गर्ल्स स्कूल, इंटर कालेज तथा महाविद्यालयों के आस-पास सादे वर्दी में महिला तथा पुरुष पुलिसकर्मी तैनात करने का भी निर्देश दिया गया है।

तािक मनचलों पर नजर रहे और छात्राओं या महिलाओं का पीछा करने वालों को आसानी से दबोचा जा सके।


### 50 से अधिक का हुआ चालान

छेड़छाड़ तथा फब्तियां कसने के मामले में जिले स्थित विभिन्न थानों में अब तक 100 से अधिक मामले दर्ज हैं। इन मामलों में आरोपितों के खिलाफ पुलिस गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई भी करेगी। वहीं बीते एक पखवारे में चलाए गए अभियान के तहत 50 से अधिक मनचलों के विरुद्ध कार्रवाई कर उन्हें चालान किया गया।

"महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस गंभीर है। छेड़छाड़ तथा फब्तियां कसने के आरोपितों के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं, ताकि इस तरह की घटनाओं पर प्रभावी रोक लग सके। मनचलों पर शिकंजा कसने को लेकर पुलिस प्रतिबद्ध है।

रितेश कुमार सिंह, एएसपी

# भूमि विवाद में हाईकोर्ट का आदेश देख लौटी टीम



मल्लूडीह में भूमि विवाद के मामले में पूछताछ करते बाएं से दूसरे नायब तहसीलदार आशीष गुप्ता व प्रभारी निरीक्षक डा.आशुतोष त्रिपाठी● जागरण

**जागरण संवाददाता, मल्लूडीह**: कसया तहसील के गांव मल्लूडीह में रविवार को एक बाउंड्रीवाल का निर्माण कराने पहुंची पुलिस व राजस्व टीम विपक्षी द्वारा हाईकोर्ट का आदेश दिखाने पर वापस लौट गई। इस दौरान नायब तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व टीम सहित भारी संख्या में पुलिस व पीएसी बल का जमावड़ा रहा। गांव के बद्री विशाल मिश्र व नाजिर हुसैन के परिवार बीच काफी दिनों से भूमि विवाद चला आ रहा है। मामले में एक पक्ष भूमि का बाउंड्रीवाल करना चाहता है तो दूसरा पक्ष रास्ता बनवाना चाहता है। इसी वाद में नायब तहसीलदार आशीष गुप्ता कानूनगो अरविंद तिवारी व हल्का लेखपाल अशोक कन्नौजिया के साथ मौके पर पहुंचे। बाउंड्रीवाल चलाने की तैयारी चल रही थी कि विपक्षी ने हाईकोर्ट में मामला विचाराधीन होने के कागजात दिखाए, जिसके अनुपालन में टीम वापस लौट गई। टीम में एसएचओ डा. आशुतोष कुमार त्रिपाठी, एसआई अनिल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# कार्य करा रहे सचिव को ले गई पुलिस, भागे प्रधान

जासं, नेबुआ-नौरंगियाः जांच के भय से आनन-फानन इंटरलाकिंग करा रहे सचिव तब मुश्किल में पड़ गए जब शिकायतकर्ता की सूचना पर पहुंची पुलिस उन्हें लेकर थाने चली गई। हालांकि प्रधान मौके से भाग निकले। खबर लिखे जाने तक सचिव से पूछताछ चल रही थी।

मामला नेबुआ-नौरंगिया क्षेत्र के बलकुड़िया गांव का है। वहां के योगेंद्र गुप्त ने मुख्यमंत्री के जनता दरबार में शिकायत की है कि वर्ष 2015-2020 तक गांव में हुए विकास कार्यों में बड़े पैमाने पर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है।

बिना इंटरलाकिंग कराए ही लाखों का भुगतान हो गया है। मुख्यमंत्री ने डीएम को जांच टीम गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इस क्रम में डीएम ने चार दिन पूर्व सीडीओ को जांच सौंप रिपोर्ट मांगी है। कार्रवाई के भय से दोपहर में गांव में आनन-फानन में इंटरलाकिंग शुरू हो गई। सचिव व पूर्व प्रधान भी मौके पर डटे थे। इसकी जानकारी जब योगेंद्र को हुई तो उन्होंने डीएम, सीडीओ तथा 112 नंबर पर फोन कर सूचना दी। कुछ ही समय में पीआरवी टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस देख पूर्व प्रधान फरार हो गए, जबकि सचिव को पकड़ पुलिस थाने ले गई।

एसएचओ अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि पूछताछ की जा रही है। आगे नियमानुसार कार्रवाई होगी।

# जबरन सामान व नकदी ले जाने का मुकदमा

**जासं, पटहेरवा:** क्षेत्र के बकुलहर निवासी अनीता बरनवाल की तहरीर पर पटहेरवा पुलिस ने देवरिया जिले के महुआडीह थाने के विक्रम विशुनपुर निवासी पांच के विरुद्ध मारपीट कर घर से सामान उठा ले जाने का मुकदमा पंजीकृत किया है। तहरीर के अनुसार बीते पांच नवंबर को अनीता दरवाजे पर बैठीं। इस बीच बड़ी बहू के मायके से गुलाब बरनवाल, कमलावती, गड्डू, बाल्मिकी व पंकज बरनवाल निवासी विक्रम विशुनपुर आए। घर में घुस गए। सिलाई मशीन, टीवी आदि लेकर जाने लगे। विरोध करने पर मारे-पीटे। शोर सुनकर छोटा बेटा व बहू आए तो आरोपितों ने उन्हें भी मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। एसएचओ गिरीजेश उपाध्याय ने बताया कि मामला दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

# किशोरी लापता, मुकदमा

**जासं, पटहेरवा:** क्षेत्र में एक 17 वर्षीय किशोरी रविवार सुबह अचानक लापता हो गई। पिता ने तहरीर देकर इसकी सूचना दी। मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है। तहरीर के अनुसार किशोरी सुबह पांच बजे घर से निकली और लौट कर नहीं आई। संभावित स्थानों पर तलाश करने के बाद भी उसका पता नहीं चला। प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

## दो दिन बाद चोरी का मुकदमा

पटहेरवा: क्षेत्र के पटहेरिया चौराहे पर स्थित स्पेयर पार्टस की दुकान में बीते शुक्रवार की रात हुई चोरी की घटना में पुलिस ने दो दिन बाद रविवार को मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

दुकानदार राजेश ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी।

# आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश के लिए लगेगा सीसी कैमरा

**जासं, समउरबाजार :** बढ़ती हुई चोरी की घटनाओं व अन्य आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए तमकुहीराज के समउर बाजार कस्बे के मुख्य तिराहे सहित अन्य संवेदनशील स्थानों पर सीसी कैमरा लगाया जाएगा। रविवार को कस्बे में पुलिस व व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक में निर्णय लिया गया।

प्रभारी निरीक्षक नीरज राय ने कहा कि समउर बाजार कस्बा यूपी-बिहार के बार्डर पर स्थित है। बाजार में यूपी बिहार के लोगों का आना-जाना लगा रहता है। वैसे पुलिस तो हमेशा ही तत्पर व चौकन्ना रहती है, लेकिन सतर्कता को ध्यान में रखते हुए आपराधिक किस्म के व्यक्तियों की निगरानी व अन्य घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने कस्बे के व्यापारियों के सहयोग से समउर-तमकुही मार्ग वाले तिराहे के अलावा कस्बे में लगे एटीएम मशीनों संचालित ग्राहक सेवा केंद्रों सहित अन्य संवेदनशील जगहों पर सीसीटीवी लगाया जाएगा। एक सप्ताह में कैमरा लगवाने की बात कही गई।

बैठक में व्यापार मंडल के अध्यक्ष विशुन गुप्ता, महामंत्री अनिल खरवार, प्रधान आलोक सिंह उर्फ दीपक सिंह, अभय मिश्र, अनिल ओझा, मनीष तिवारी आसिम अली धर्मेंद्र कन्नोजिया, शत्रुघ्न यादव, चन्द्रशेखर पांडेय, मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# मृतका की मां की तहरीर पर पति और सास-ससुर पर दहेज हत्या का केस दर्ज

## तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के गांव महुअवा बुजुर्ग टोला पकड़ी में हुई थी मौत

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**गुरवलिया बाजार।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के गांव महुअवा बुजुर्ग टोला पकड़ी में शनिवार देर शाम एक महिला की संदिग्ध हालत में हुई मौत के मामले में पुलिस ने पति और सास-ससुर पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। यह मुकदमा मृतका की मां की तहरीर पर हुआ है।

पश्चिमी चंपारण बिहार के धनहां क्षेत्र के ग्राम घेवरही की पूजा (25) की शादी तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के महुअवा बुजुर्ग टोला पकड़ी में टुनटुन गिरी से हुई थी। पूजा के एक पुत्र व एक पुत्री है। मृतक की माता भूखला देवी ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि करीब छह वर्ष पहले उनकी बेटी की शादी श्यामसुंदर गिरी के बेटे टुनटुन गिरी से हुई थी।

शादी के समय अपनी हैसियत के अनुसार सामान देकर विदाई की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति, ससुर और सास हमेशा कम दहेज देने की बात कहकर प्रताड़ित करते थे।

कई बार बेरहमी से पिटाई किए तो उन्हें जाकर समझाया गया, लेकिन ससुरालियों पर इसका कोई असर नहीं हुआ और वे नकद रकम न देने की स्थिति में उनकी बेटी को मारने की धमकी देने लगे। गाड़ी खरीदने की हठ में परिवार ने प्रताड़ना कम नहीं की।

उन्होंने आरोप लगाया कि दहेज के लिए शनिवार रात पति, सास और ससुर ने मिलकर पूजा की हत्या कर दी। यह भी आरोप है कि आत्महत्या का शक्ल देने की साजिश की गई है।

इस संबंध में एसएचओ आशुतोष सिंह ने बताया कि मृतक की मां भुखला देवी की तहरीर पर पति टुनटुन, ससुर श्यामसुंदर और सास इंद्रावती पर दहेज हत्या व प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# महिला की तहरीर पर सात पर केस

## आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**पटहेरवा।** थाने की पुलिस ने एक महिला की तहरीर पर रविवार को सात लोगों के खिलाफ धमकी, हड़पने, मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस इस मामले में आरोपियों की तलाश कर रही है।

पटहेरवा क्षेत्र के देवीचक गांव की अनीता देवी ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया था कि पांच नवंबर की शाम छह बजे वह घर में बैठी थीं। तभी सात लोग आए। महिला का आरोप है कि वह गोलबंद होकर घर में घुस गए और घर में रखे पांच हजार नकद सहित सोने के गहने ले लिए।

सिलाई मशीन, टीवी भी कब्जे में ले लिए। महिला ने जब इसका विरोध किया तो गोलबंद लोग उसे मारपीट कर घायल कर दिए। घटना देख जब उसकी बहू व पुत्र आए तो आरोपियों ने उन्हें पीटा भी। शोर सुनकर गांव के लोग पहुंचे तो किसी तरह जान बची। महिला का आरोप है कि जाते समय आरोपी जानमाल की धमकी देते हुए कब्जे में लिए सभी सामान लेते गए।

इलाज के बाद महिला ने पटहेरवा पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की थी।

इस संबंध में पटहेरवा के थानाध्यक्ष गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि महिला की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# बाजार के तिराहे समेत प्रमुख स्थानों पर लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे

संवाद न्यूज एजेंसी

**समउर बाजार।** स्थानीय बाजार स्थित पुलिस चौकी परिसर में रविवार को पुलिस ने स्थानीय व्यापारी और ग्राम प्रधानों के साथ बैठक की। इसमें पुलिस ने व्यापारियों से बाजार के तिराहा और अन्य प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने की अपील की।

तमकुहीराज थाना प्रभारी नीरज राय ने कहा कि समउर बाजार यूपी-बिहार सीमा पर स्थित है। बाजार में यूपी बिहार के लोगों का आना जाना लगा रहता है। पुलिस तो हमेशा चौकन्नी रहती है, लेकिन सतर्कता को ध्यान में रखते हुए आपराधिक किस्म के व्यक्तियों की निगरानी व अन्य घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए समउर-तमकुही मार्ग स्थित तिराहे के अलावा बाजार के प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाना है। इसके लिए व्यापारियों और क्षेत्र के ग्राम प्रधानों को सहयोग करना चाहिए।

उन्होंने एटीएम, ग्राहक सेवा केंद्रों सहित अन्य संवेदनशील जगहों पर सीसीटीवी लगवाने की अपील की। इस दौरान समउर बाजार चौकी इंचार्ज राजेश कुमार गौतम, ग्राम प्रधान आलोक कुमार सिंह उर्फ दीपक सिंह, मनोरंजन मिश्रा, मुकेश कुशवाहा, दीपू लाल और उमेश गुप्ता आदि मौजूद थे।



प्रधान व व्यापारियों के साथ बैठक करते प्रभारी निरीक्षक नीरज राय। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 21-11-2022

# फर्जीवाड़ा कर नौकरी पाने वाला शिक्षक बर्खास्त

**कार्रवाई**

> परतावल क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बैजौली के सहायक अध्यापक दिनेश चंद्र के खिलाफ नियुक्ति में फर्जी दस्तावेज लगाने की शिकायत मिली थी। शिकायत की जांच के बाद आरोप पत्र व नोटिस देकर शिक्षक को अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया, लेकिन वह नहीं प्रस्तुत हुआ। जांच रिपोर्ट के आधार पर शिक्षक को बर्खास्त कर दिया गया है।
>
> **आशीष कुमार सिंह-बीएसए**

**महराजगंज, निज संवाददाता।** बेसिक शिक्षा विभाग के प्राथमिक विद्यालयों में नियुक्ति में फर्जीवाड़ा का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीएसए आशीष कुमार सिंह ने परतावल क्षेत्र के एक फर्जी शिक्षक को बर्खास्त कर दिया। उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए परतावल के बीईओ को आदेश जारी किया है।

संतकबीर नगर के एक शिकायतकर्ता ने आईजीआरएस पर परतावल क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बैजौली के सहायक अध्यापक दिनेश चंद्र की नियुक्ति में फर्जीवाड़ा की शिकायत की थी। जांच के लिए उपस्थित भी नहीं हुआ। इस पर बीएसए ने आरोपित शिक्षक दिनेश चंद्र को नियुक्ति में फर्जीवाड़ा के आरोप में बर्खास्त कर दिया। शिक्षक को वेतन मद में किए गए धनराशि वसूली के लिए वित्त एवं लेखाधिकारी को आगणन तैयार कर रिपोर्ट मांगा।

**मास्टरमाइंड जेल में बंद, लेकिन एफआईआर नहीं :** जिले में बीते चार साल में करीब तीस फर्जी शिक्षक बर्खास्त किए जा चुके हैं। इनमें से आठ के खिलाफ अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं कराया गया है। जबकि बीते छह से तीन माह के बीच बीएसए बर्खास्त कर चुके हैं। एफआईआर दर्ज कराने के लिए बीईओ को आदेश भी जारी कर चुके हैं, लेकिन बीईओ आदेश का अनुपालन नहीं करा रहे। इसमें से एक फर्जी नियुक्ति का मास्टरमाइंड राजकुमार भी शामिल है। परतावल क्षेत्र में तैनात राजकुमार को बर्खास्त किया जा चुका है। एसटीएफ उसे गिरफ्तार कर जेल भी भेज चुकी है, लेकिन जिले में बर्खास्तगी व एफआईआर दर्ज कराने के बाद भी उसके खिलाफ श्यामदेउरवा थाना में अभियोग पंजीकृत नहीं कराया जा सका है।

# सीओ ने थाने का निरीक्षण किया

श्यामदेउरवा। सीओ सदर अजय सिंह चौहान ने रविवार श्यामदेउरवा थाने का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दस्तावेजों के रखरखाव, आवास, मेस एवं मालखाने की स्थिति का जायजा लेकर अधूरे पड़े कार्यों को एक दिन के अंदर पूरे करने के निर्देश दिया। उन्होंने शस्त्रों की स्थिति का भी निरीक्षण किया तथा शस्त्रों के हिसाब से कारतूसों का विवरण दुरुस्त करने की हिदायत दी।

# पोखरी में गिरे बारहसिंघा को निकाला

सिंदुरिया। मिठौरा क्षेत्र ग्राम सभा सोनवल की पोखरी में रविवार को जंगल से भटक कर आया बारहसिंघा गिर गया। बच्चों के शोर मचाने पर पहुंचे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र भारती ने ग्रामीणों की सूझबूझ से किसी तरह उसे पोखरी से बाहर निकलवाया। वन कर्मियों को बुलाकर उनको सौंप दिया। वन विभाग की टीम बारहसिंघा को अपने साथ ले गई।

# दुकानदारों को चेतावनी नोटिस जारी

सिन्दुरिया। स्वच्छ भारत मिशन को लेकर जिम्मेदार सख्त हो गए हैं। रविवार को दुकानदारों को नोटिस जारी किया है। इसमें सड़क व नाली में कूड़ा करकट डालने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। ग्राम विकास अधिकारी विशाल वर्मा ने कहा कि दुकानदार अपनी दुकानों की साफ-सफाई कर सड़क फेंक दे रहे हैं। सड़क का कूड़ा नालियों में जाकर उसे चोक कर रही है।

# विदेश भेजने के नाम पर ठगी, केस

चौक बाजार। चौक क्षेत्र के बेलभरिया निवासी हरिकेश ने तहरीर देकर बताया कि गांव के ही शख्स ने सऊदी अरब के तुर्बा में ड्राइवर की नौकरी का वीजा देने के लिए 1.45 लाख रुपये लिया। काफी दिन बीतने के बाद भी वह न तो वीजा दे रहा है और न रुपये वापस कर रहा है। मांगने पर धमकी दे रहा है। एसओ श्यामसुंदर तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच चल रही है।

# नेपाल सीमा सील, चौकस रहीं एजेंसियां

**सोनौली/ठूठीबारी, हिन्दुस्तान टीम।** नेपाल में रविवार को चुनाव के मद्देनजर सुबह से ही सीमा पूरी तरह सील हो गई। न तो किसी मालवाहक वाहन को आने-जाने की छूट मिली और न ही किसी पर्यटक को एंट्री मिली। सोनौली व ठूठीबारी सीमा पर सुरक्षा एजेंसियां चौकस रहीं। नेपाली फोर्स के साथ समन्वय बनाकर पगडंडी रास्तों पर चौकन्नी नजर रखी गई।



नेपाल में मतदान को लेकर इंडो-नेपाल की सोनौली सीमा पूरी तरह सील रही।

नेपाल में मतदान रविवार की सुबह 7 बजे से शुरू हुई, जो शाम 5 बजे तक चली। इसके कारण दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियां शांतिपूर्ण मतदान के लिए सीमा पर मुस्तैद रहीं। सीमा से सटे नेपाल के रुपन्देही जिले मे 638152 मतदाता हैं। जिले में 208 मतदान स्थल और 702 मतदान केंद्र हैं, वहीं 5 अस्थायी मतदान केंद्र हैं। जिले में 5 सांसदों की सीट है, तो विधायक की 15 सीट है। इन सीटों पर मुख्य मुकाबला कांग्रेस और सहयोगी दलों तथा नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी और उनके सहयोगी दलों के बीच है।

वहीं ठूठीबारी सीमा सहित हर छोटे-बड़े नाकों पर पुलिस, कस्टम व एसएसबी के जवान चौकन्ने रहे। एसएसबी बीओपी इंचार्ज जयंता घोष ने बताया कि सीमा पर शांति व्यवस्था रही। सीओ निचलौल सूर्यबली मौर्य सीमाई इलाकों में भ्रमण करते रहे। उन्होंने बताया कि सीमा पर पूरी तरह से शांति है। पुलिस की चौकस निगाह है।

**प्रतिनिधि सभा की 165 व प्रांतीय सभा की 330 सीटों पर मतदान:** पूरे नेपाल में प्रतिनिधि सभा(संसद)की 165 सीटों के लिए 2412 उमीदवार और सात प्रदेशों की प्रांतीय सभा (विधायक) की 330 सीटों के लिए 3223 उमीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं। एक करोड़ 79 लाख 88 हजार 570 मतदाताओं के लिए चुनाव आयोग ने 10 हजार 892 मतदान केंद्रों में 22 हजार 227 मतदान केंद्र निर्धारित किया है। आयोग के अनुसार मतदान कराने के लिए 247000 कर्मचारियों को लगाया गया।

### देवचुली में मतपेटिका में आगजनी

नवलपरासी पूर्व के देवचुली नगर पालिका-4 झकरे के एक मतदान केंद्र में एक युवक द्वारा मतपेटी मे आग लगा दी गई है। प्रांतीय विधानसभा के लिए आनुपातिक मतपेटी में लोकल पीस क्रिएशन बेसिक स्कूल पोलिंग स्टेशन में आग लगा दी गई है। मुख्य जिला अधिकारी सुमन घिमिरे ने बताया कि पुलिस ने आरोपी नारायण भंडारी का दो किमी पीछा कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# मानव तस्करी व बाल अपराध रोकने के लिए सतर्कता जरूरी

**जासं, नौतनवा**: थाना सभागार में रविवार को पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति 'स्वरक्षा' कार्यक्रम का आयोजन सीओ अनुज कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें मानव तस्करी व बाल अपराध के रोकथाम को लेकर चर्चा की गई। सीओ ने कहा कि मानव तस्करी पर पूर्ण रूप से लगाम लगाने के लिए पुलिस व स्वयंसेवी संस्थाओं को एक जुट होकर कार्य करना होगा। मानव तस्करी के पीछे पलायन, रोजगार भी सबसे बड़ी समस्या है।

गरीब व असहाय लोगों को झांसे में लेकर कुछ लोग दूसरे देश व राज्यों में भेजा जाता है, जहां इनका शारीरिक व मानसिक शोषण किया जाता है। ऐसे संदिग्धों को चिह्नित कर कार्रवाई करने की जरूरत है। इसके लिए

## नौतनवा थाने में पुलिस व स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्यों ने की बैठक, मानव तस्करी में बेरोजगारी भी सबसे बड़ी समस्या : सीओ

भारत- नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों को मानव तस्करी को रोकने के लिए जागरूक करने की आवश्यकता है। बाल कल्याण समिति महराजगंज के पूर्व सदस्य राजेश वर्मा, पीजीएसएस गोरखपुर के कार्यक्रम समन्वयक अंकित सैमसन, पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति नौतनवा के प्रभारी फादर सोबिन, सुधीर कुमार यादव, वशिष्ठ कुमार मिश्र, पूनम सिंह, ज्योति राय, सुषमा, अतिमा, कृष्ण कुमार, सुनील कुमार, पुष्पा चौधरी उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### अभियान में 60 वाहनों पर लगा रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप

महराजगंज : यातायात नियमों का पालन कराने के उद्देश्य से सहायक संभागीय परिवहन विभाग की तरफ से रविवार को शहर की विभिन्न सड़कों पर अभियान चलाया गया। इस दौरान 60 वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगवाया गया। संभागीय निरीक्षक संजय सिंह के नेतृत्व में महराजगंज-निचलौल रोड, निचलौल-सिसवा व शिकारपुर रोड पर वाहनों की जांच की गई। जांच के समय पिकअप, ट्रैक्टर ट्राली पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगवाया गया। कहा कि सभी वाहन स्वामी अपने वाहन के पीछे रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप अवश्य लगवाएं, जिससे दुर्घटनाओं को रोकने में मदद मिले। (जासं)

### 40 लोगों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई

महराजगंज : जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में शांति भंग की आशंका व भविष्य में शांति व्यवस्था को बनाये रखने के लिए जनपद के विभिन्न थानों से कुल 40 लोगों को शांति भंग की धारा में गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें न्यायालय चालान किया गया, जहां से उन्हे जमानत दे दिया गया। (जासं)

# संदिग्धों पर रखें नजर : थानाध्यक्ष

**जासं, सिसवाबाजार**: स्थानीय चौकी परिसर में स्थानीय प्रशासन और व्यापरियों की बैठक हुई। थानाध्यक्ष मनोज राय ने उपस्थित लोगों से सीसी कैमरा लगवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि कोई भी समस्या हो प्रशासन को सूचना दें। संदिग्धों पर नजर रखें। उपस्थित लोगों ने कस्बे में जाम की समस्या, नाबालिकों के तेज वाहन चलाने, स्टेशन परिसर में नशा करने वालों की शिकायत की। चौकी प्रभारी अनध कुमार, नागेन्द्र मल्ल, अमित अंजन, शिव सोनी, राकेश जायसवाल, शिव रौनियार, गोपाल सोनी, शिब्बू खान, अमित सिंह, संजय जायसवाल, धीरज तिवारी, जितेंद्र वर्मा उपस्थित रहे।

# पांच लीटर कच्ची के साथ एक गिरफ्तार

**जासं, सिंदुरिया:** सिंदुरिया थाने की पुलिस ने कच्ची के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर किया है। प्रभारी निरीक्षक नासिर हुसैन ने बताया की स्थानीय थाना क्षेत्र के पतरेंगवा निवासी संतोष रविवार की दोपहर पतरेंगवा काली मंदिर के पास से पांच लीटर अवैध कच्ची के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

# पांच लीटर कच्ची के साथ एक गिरफ्तार

**जासं, सिंदुरिया:** सिंदुरिया थाने की पुलिस ने कच्ची के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर किया है। प्रभारी निरीक्षक नासिर हुसैन ने बताया की स्थानीय थाना क्षेत्र के पतरेंगवा निवासी संतोष रविवार की दोपहर पतरेंगवा काली मंदिर के पास से पांच लीटर अवैध कच्ची के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

# सीओ ने निरीक्षण कर दिए निर्देश

**जासं, श्यामदेउरवा:** सीओ सदर अजय सिंह चौहान ने रविवार को श्यामदेउरवा थाने का त्रैमासिक निरीक्षण किया। उन्होंने दस्तावेजों के रखरखाव, मेस, शस्त्र व मालखाने की स्थिति का जायजा लिया। अधूरी कार्यों को पूरे करने के निर्देश दिया।

# दुकानों में सीसीटीवी कैमरा जरूर लगाएं

**कोठीभार।** सिसवा पुलिस चौकी परिसर में प्रभारी निरीक्षक मनोज राय ने व्यापारी संगठनों व नगर के गणमान्य लोगों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि दुकानों पर सीसीटीवी कैमरा होना जरूरी है। अगर कोई संदिग्ध नजर आए तो पुलिस को तुरंत जानकारी दें। इस दौरान सियाराम, हिमांशु रॉय, राकेश जायसवाल, अमित अंजन आदि मौजूद रहे। संवाद

# एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग पर हुई चर्चा



नौतनवां थाना सभागार में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग बैठक को संबोधित करते थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह व मौजूद अन्य। संवाद

**नौतनवां।** पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति, शाखा नौतनवां की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला थाना सभागार में आयोजित हुआ।

इस दौरान बाल कल्याण समिति पूर्व सदस्य राजेश वर्मा ने किशोर न्याय (देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम (जेजे एक्ट 2015) एवं यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण ( पाक्सो 2012) पर पुलिस के दायित्व एवं कानूनी प्रक्रिया पर जानकारी दी। स्वरक्षा कार्यक्रम के इंटरवेंशन अफसर श्रवण कुमार ने एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग पर चर्चा की। समन्वयक अंकित ने बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के जिम्मेदारियों पर अपना विचार साझा किया। क्राइस्ट द किंग हाई स्कूल छपवा, नौतनवां के प्रधानाचार्य फादर सोविन ने कहा कि जानकारी के साथ ही मानव तस्करी पर अंकुश लगाया जा सकता है। पुलिस क्षेत्राधिकारी नौतनवां अनुज कुमार सिंह ने बताया कि सभी की सजगता के साथ मानव तस्करी पर अंकुश लगाया जा सकता है। संवाद



# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-11-2022

# राह जाती महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** वाल्टरगंज थाना क्षेत्र केशिवनाथ पुत्र पलटूराम निवासी रघनाथपुरभादीखुर्द पोखरेके पास आने जाने वाली महिलाओं के साथ अश्लील टिप्पणी करनेका आरोपी बताया गया। युवक के विरुद्ध वाल्टरगंज थाने केउपनिरीक्षक लक्ष्मी नारायन मिश्र की तहरीर परधारा 294 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

एक अन्य समाचार के अनुसारसोनहां थाना क्षेत्र केआदर्श उ.मा.विद्यालय बरगदवा के स्कूली छात्राओं को देखकर अश्लील गाना गानेवालेयुवक मोहम्मद इस्माइल पुत्र मो.असलम निवासी पिरैला गरीब थाना सोनहां के विरुद्ध थाने के उपनिरीक्षक रवि प्रकाश तिवारी की तहरीर पर धारा 394 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। लालगंज थाने में भी इसी तरह का मामला पंजीकृत किया गया है। जिसमें शोहदे स्कूल सेघरजा रही लड़की का पीछा करउससेमोबाइल नंबर मांगनेलगे। जब उसने मना किया तोगालियां देते हुए प्रताड़ित किया गया। इस मामले मेंपीड़िता की मां की शिकायत परसोनू पुत्र हीरालाल निवासी बरहुआ थाना मुंडेरवा, विकास पुत्र राजेन्द्र निवासी देवरी थाना लालगंज , संदीप पुत्र अज्ञात निवासी डिहवारी,मेराज पुत्र हफीजुल्लाह निवासी अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# जालसाजी कर बैनामा करा लिया जमीन

**बस्ती ।** जालसाजी कर एक महिला के हिस्सेका आधी जमीन बैनामा करा लेने के मामले में पीड़िता की शिकायत पर तीन लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी का जालसाजी का मुकदमा पंजीकृत किया गया है। कार्यवाही नगर पुलिस ने की है। नगर थाना क्षेत्र केदेवापार गांव निवासी लक्ष्मीना देवी ने पुलिस को बताया कि उसनेशान्ति देवी को14 धुर जमीन बैनामा करना था मगरजालसाजी कर उससेजमीन का आधा भाग कुल मिलाकर आठ बिस्वा 17 धुर जमीन कोबैनामा करा लिया गया। इस मामले मेंपीड़िता की शिकायत विमला देवी, पवन पांडेय,भवानी शंकरनिवासी कूड़ापट्टी नरियांव थाना नगर के विरुद्ध धारा 419,420 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

# शान्ति व्यवस्था को पुलिस ने [illegible]

**बस्ती ।** जनपद बस्ती के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारी मय पुलिस बल द्वारा कानून/शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अपने-अपने



थाना/चौकी क्षेत्रों में पैदल गश्त किया गया । पुलिस अधीक्षक बस्ती आशीष श्रीवास्तव के आदेश के क्रम में शांति/कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु क्षेत्राधिकारी कलवारी विनय चौहान व जनपद बस्ती के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारी मय पुलिस बल द्वारा अपने-अपने थाना/चौकी क्षेत्रों में सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए पैदल गश्त करते हुए आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा के ष्टिगत प्रमुख सर्राफा दुकानों के मालिकों से वार्ता किया गया एवं पैदल गश्त के दौरान चौराहों, मार्केट, भीड़-भाड़ वाली जगहोंआदि पर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों/ वस्तुओं की गहनता से चेकिंग की गई तथा मिशन शक्ति अभियान, यातायात नियमों का पालन करने के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक किया गया एवं आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा का एहसास कराया गया ।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**नगर बाजार (एसएनबी)।** नगर थाना पर तैनात महिला पुलिसकर्मी मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व युवतियों को जागरूक कर रही हैं। नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के लिए महिलाओं व बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से अभियान की शुरुआत की गई है।

मिशन शक्ति फेज-4 थाना प्रभारी नगर धर्मेंद्र कुमार तिवारी के नेतृत्व में महिला आरक्षी उमा देवी ,पी आर डी सुमन,पीआरडी रंजना तथा कांस्टेबिल अनुनय सोमवंशी द्वारा महिला सशक्तिकरण अभियान का कार्यक्रम थाना क्षेत्र के खुटहन व नगर बाजार मे किया गया जिसमें उपस्थित बच्चियों व महिलाओं को महिला सशक्तिकरण से संबंधित बातों को बताते हुए स्वयं की सुरक्षा और बचाव करने हेतु जागरूक किया गया। साथ ही साथ उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 4 कार्यक्रम के अन्तर्गत कानून की जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत किए गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090, 1076,1098,181, 112, 102 व 108 के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया गया और महिलाओं से संबंधित हो रहे विभिन्न अपराधों के विरुद्ध आवाज उठाने हेतु बताया गया तथा कार्यवाही कराने हेतु सभी से अपील किया गया। थाना प्रभारी नगर धर्मेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत सभी मुख्य बाजार, चौराहे, गांव, मुहल्ले, विद्यालयों आदि में बालिकाओं व महिलाओं को उनकी सुरक्षा एवं सम्मान के लिये आत्मरक्षा के गुर व विषम परिस्थितियों में स्वयं की रक्षा करने के टिप्स दिए जा रहे हैं। महिलाओं में पुलिस के प्रति विश्वास पैदा करने के लिए पूर्ण मनोयोग से शासन की योजनाओं व कार्यक्रमों का सफल क्रियान्वयन कराया जा रहा है।

# मंगलसूत्र छीन कर भाग रहे बदमाशों को ग्रामीणों ने पकड़ा

**बभनान(एसएनबी)।** संसारीपुर पैकोलिया मार्ग पर सुकरौली चौधरी के पास एक महिला के गले का मंगलसूत्र छीन कर भाग रहे बदमाशो में से एक को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया जबकि दूसरा साथी फरार हो गया। थानाध्यक्ष हरैंया शैलेश कुमार सिंह ने घटना स्थल पैकोलिया थाना क्षेत्र होने के कारण बदमाशों के बिरुद्ध कार्यवाही हेतु पैकोलिया पुलिस को सौंपा जायेगा।

**ग्रामीणों ने बदमाश को पुलिस को सौंपा, एक फरार**

जानकारी के अनुसार पैकोलिया थाना क्षेत्र के सुकरौली चौधरी निवासी पियारी देबी पत्नी राजाराम यादव गांव के सामने रोड पर खड़ी थी उसी दौरान प्लेटिना सवार दो बदमाश आये और उनके गले का मंगलसूत्र लेकर फरार हो गये। पीछे उनका लड़का रामधीरज भी चिल्लाते हुऐ उसके पीछे लग गया । बदमाश हरैंया थाना क्षेत्र के बंशीनगर के करीब पहुंचे थे कि ग्रामीणों ने एक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। उसका दूसरा साथी फरार हो गया। हरैंया के थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना स्थल पैकोलिया है। ऐसे में पकड़े गये बदमाश थाना क्षेत्र के पेंडारी निवासी गोबिंद वर्मा पुत्र बिक्रमादित्य को गाड़ी समेत पैकोलिया पुलिस के हवाले बिधिक कार्यवाही हेतु सौंप दिया जायेगा। पकड़े गए बदमाश ने अपने साथी का नाम उसी गांव के सुनील वर्मा पुत्र जय प्रकाश बताया है। थानाध्यक्ष पैकोलिया दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि घटना स्थल पैकोलिया है। परिजनो की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर बिधिक कार्यवाही की जायेगी।

# पुआल रखने को लेकर विवाद, मुकदमा

**बस्ती (एसएनबी)।** रुधौली थाना क्षेत्र के बैरिहवा गांव निवासी शिवपूजन मौर्य पुत्र बेकारू राम मौर्य ने पुलिस को बताया कि आने जाने वाले रास्ते पर पुआल हटाने से मना करने पर गालियांदेते हुए जान से मारने की धमकी दी गयी। जब विरोध किया तो उसे मारने के लिए दौड़ा लिया गया। इस मामले में पीड़ित की शिकायत पर आरोपी प्रेमचन्द्र मौर्यपुत्र रामचन्द्र मौर्य निवासी बैरिहवा थाना रुधौली के विरुद्ध धारा 504,506,352 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

इसी तरह मुंडेरवा थाना क्षेत्र के बड़ौनी उर्फ शिवपुर गांव मेंजमीन केलिए चिन्हित खूंटे को उखाड़कर फेंक देने व पूछने पर आमादा फौजदारी होकरगैस गोदाम केकर्मचारी कोआये दिन गाली गुप्ता देनेतथा झूठे मुकदमेमें फंसाने की धमकी देने के मामले में रितुराज पत्नी चन्द्रप्रकाश निवासी बोदवल थाना मुंडेरवा नेआरोपी बालकेश पुत्र रामराज व बालकेश के परिवार केअन्य लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# आर्म्स एक्ट में सजा

बस्ती। अपर सत्र न्यायाधीश/फॉस्ट ट्रैक कोर्ट की अदालत ने एर्म्स एक्ट के मामले में कोतवाली क्षेत्र के बाकर मंजिल, तुर्कहिया निवासी मुदस्सिर हुसैन को दो साल का कारावास व पांच हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। ▀

# मंगलसूत्र छीन भागे बदमाश, ग्रामीणों ने एक को दबोचा

**दुस्साहस**

- पैकोलिया थाना क्षेत्र के सुकरौली की घटना
- बाइक से आए थे दोनों बदमाश, तलाश जारी

बस्ती, निज संवाददाता। जिले के पैकोलिया थानांतर्गत संसारीपुर-पैकोलिया मार्ग पर स्थित सुकरौली चौधरी गांव की सड़क पर बाइक सवार दो बदमाशों ने गांव की एक महिला के गले से छपट्टा मारकर मंगलसूत्र छीन लिया। भागते समय एक बदमाश को बाइक समेत ग्रामीणों ने दबोच लिया। जबकि उसका दूसरा साथी फरार हो गया। पकड़े गए बदमाश को ग्रामीणों ने हर्रैया पुलिस को सौंप दिया। बाद में साफ हुआ कि घटनास्थल पैकोलिया थाने में आता है। प्रभारी निरीक्षक हर्रैया शैलेष कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी और बरामद बाइक को पुलिस को सौंप दिया गया है।

पैकोलिया थाना क्षेत्र के सुकरौली चौधरी गांव निवासी पियारी देवी पत्नी राजाराम यादव रविवार को गांव के सामने रोड के बगल उपलें रख रही थी। बताया जा रहा है कि तभी बाइक पर सवार दो बदमाश आए और उनके गले का मंगलसूत्र छीनकर भागने लगे। इस दौरान वहां मौजूद पियारी देवी का लड़का चिल्लाते हुए बदमाशों के पीछे भागने लगा।

कुछ दूर जाने पर हर्रैया थाना क्षेत्र के बंशीनगर के करीब ग्रामीणों ने एक बदमाश को पकड़ लिया। पकड़े गये बदमाश की पहचान हर्रैया थाना क्षेत्र निवासी गोविंद वर्मा के रुप में हुई है। उसने अपने साथी का नाम सुनील वर्मा बताया है। घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद कर ली गई है। पहचान के आधार पर पुलिस फरार आरोपी की धरपकड़ में जुटी है।

थानाध्यक्ष पैकोलिया दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि घटनास्थल पैकोलिया थाना क्षेत्र में पड़ता है। मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# दहेज हत्या में पति को दस साल सजा

बस्ती। फॉस्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम के न्यायाधीश अनिल कुमार खरवार की अदालत ने दहेज हत्या के मामले में पति को दस वर्ष सश्रम कारावास व सात हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता दुर्गा प्रसाद उपाध्याय व अधिवक्ता मृत्युंजय सिंह ने अदालत को बताया कि सोनहा क्षेत्र के बैदौली निवासी मुनिराम ने बेटी सोना का विवाह 23 मई 2004 को बृजेश कुमार पुत्र सम्पूरन निवासी, कोठली के साथ किया था। 25 जून 2006 को ससुराल में बेटी की हत्या कर दी गई।

# घर से गायब युवती सहेली के घर मिली

छावनी। छावनी पुलिस ने थाना क्षेत्र के एक गांव में भाभी से नाराज होकर गुमशुदा ननद को उसकी सहेली के घर से ढूंढ निकाला और परिजनों को सौंप दिया। थानाध्यक्ष छावनी दुर्गेश पाण्डेय के अनुसार गायब युवती के सहेलियों से पूछताछ में गोण्डा के कटरा बाजार में लोकेशन मिली।

# बच्ची संग रेप के आरोपी पर रासुका की कार्रवाई

**बस्ती।** लालगंज पुलिस ने चार साल की मासूम के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कार्रवाई की है। डीएम स्तर से संस्तुति के बाद जिला कारागार में निरुद्ध आरोपी भुलई यादव को आदेश तामील करा दिया गया।

लालगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली चार वर्षीय मासूम के पिता 28 अप्रैल 2022 को सामान लेने बस्ती गए थे। दुकान पर उनकी पत्नी व चार वर्षीय बेटी मौजूद थी। आरोप है कि इसी दौरान दुकान पर समोसा लेने पहुंचा आरोपी भुलई उनकी बेटी को उठाकर नदी के किनारे ले गया और उसके साथ दुष्कर्म करने लगा था। बेटी की चीख-पुकार सुन उसकी मां मौके पर पहुंची तो आरोपी मासूम को छोड़ भाग निकला। लालगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। 30 अप्रैल को महसो के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।

## घर से गायब युवती सहेली के घर मिली

**छावनी।** छावनी पुलिस ने थाना क्षेत्र के एक गांव में भाभी से नाराज होकर गुमशुदा ननद को उसकी सहेली के घर से ढूंढ निकाला और परिजनों को सौंप दिया। थानाध्यक्ष छावनी दुर्गेश पाण्डेय के अनुसार गायब युवती के सहेलियों से पूछताछ में गोण्डा के कटरा बाजार में लोकेशन मिली।

## आर्म्स एक्ट में सजा

**बस्ती।** अपर सत्र न्यायाधीश/फॉस्ट ट्रैक कोर्ट की अदालत ने एर्म्स एक्ट के मामले में कोतवाली क्षेत्र के बाकर मंजिल, तुर्कहिया निवासी मुदस्सिर हुसैन को दो साल का कारावास व पांच हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। ■

# घर में घुसकर हमले में आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती।** पैकोलिया थाना क्षेत्र के संवरूपुर में घर में घुसकर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गांव की श्यामा देवी पत्नी सुरेश कुमार का आरोप है कि शनिवार को अचानक बिना किसी बात के विपक्षी अपशब्द कहते हुए घर में घुस गए। उन्हें व उनके पिता को मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष दिलीप सिंह ने बताया कि गांव के मनोज व कलावती पर केस दर्ज कर लिया है।

# अरजानीपुर गांव में भूमि विवाद को लेकर मारापीटा, मुकदमा

**बस्ती :** परशुरामपुर पुलिस को तहरीर देकर अरजानीपुर निवासी उमा देवी ने आरोप लगाया है कि विपक्षियों ने भूमि विवाद को लेकर अपशब्द कहा। मना करने पर उन्हें व उनकी ननद को भी मारापीटा और जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने गांव निवासी पुट्टे, गीता, मीरा और गुंजा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर है।

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, छह नामजद

**जासं, बस्ती:** कोहराएं निवासी रामसहाय शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि रंजिश को लेकर गांव के वाहिद और सूफियान ने उनकी पत्नी मालती को मारापीटा। वह बेहोश हो गईं। वहीं मो. वाहिद का आरोप है कि उनकी जमीन पर कूड़ा फेंकने से मना करने पर रामसहाय, मस्तराम, महेश व सुरेश ने उनके भाई की पत्नी व भतीजी को मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने क्रास केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बदमाश को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

**जासं, पैकोलिया,बस्ती :** सुकरौली चौधरी गांव से महिला के गले से मंगलसूत्र छिन भाग रहे बदमाश को ग्रामीणों ने हरैंया के वंशीनगर गांव के पास धर दबोचा। रविवार को दो बजे दिन में गांव की पियारी देवी गांव के सामने उपला रख रही थीं। मोटरसाइकिल सवार दो बदमाश वहां आए। वह कुछ समझ पातीं कि बदमाशों ने उनका मंगलसूत्र छीन लिया और छीनकर भागने लगे। तभी पीछे से पीड़िता का लड़का शोर मचाते दौड़ा। बदमाश हरैया थाना क्षेत्र के वंशीनगर के पास ही पहुंचे ही थे कि ग्रामीणों ने एक बदमाश को धर दबोचा। जबकि एक भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक शैलेश सिंह ने बताया कि बदमाश की पहचान थाना हरैंया क्षेत्र के पेड़ारी गांव निवासी गोविन्द वर्मा पुत्र विक्रमादित्य के रूप में हुई। पकड़े गए बदमाश ने अपने साथी का नाम उसी गांव के सुनील वर्मा पुत्र जय प्रकाश बताया है।

# दो दिन से गायब ननद सहेली के घर मिली

**छावनी, बस्ती :** छावनी पुलिस ने थाना क्षेत्र के एक गांव में भाभी से नाराज होकर गायब ननद को उसकी सहेली के घर से ढूंढ निकाला और परिजनों को सौंप दिया। थानाध्यक्ष छावनी दुर्गेश पांडेय के अनुसार गायब युवती के सहेलियों से पूछताछ में गोंडा जिले के कटरा बाजार में उसकी पता मिला। भाभी से नाराज युवती दो दिन से गायब थी। युवती को पुलिस टीम समझा-बुझाकर अपने साथ थाने पर ले आई। इसके बाद परिजनों को बुलाकर सौंप दिया गया। एसआई गंगा यादव, आरक्षी पंकज यादव, महिला आरक्षी शालिनी वर्मा मौजूद रही। (जासं)

## जबरन जमीन जोतने से रोकने पर मारपीट, मुकदमा

**बस्ती :** दुबौलिया पुलिस को तहरीर देकर ऊजी मुस्तहकम (कनघुसरा) निवासी राजेश पांडेय ने आरोप लगाया है कि उनकी कब्जाशुदा जमीन को विपक्षियों ने जबरन जोतवाया। मना करने की बात को लेकर बेटे प्रदीप, पत्नी पुष्पा और भाभी गीता को अपशब्द कहते हुए मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने दुबौलिया के कर्मी गोसाई निवासी रमेश, महेश व श्याम बहादुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

## झूठे मुकदमे में फंसाने की दी धमकी

**बस्ती :** मुंडेरवा पुलिस को तहरीर देकर बोदवल निवासी ऋतुराज ने आरोप लगाया है कि गांव के बालकेश व उनके परिजनों ने चिह्नित खूंटे को उखाड़ कर फेंक दिया। पूछने पर फौजदारी पर अमादा हो गए। उनकी गैस एजेंसी के कर्मचारी को आए अपशब्द कहते हुए झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जा रही है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। (जासं)

# पैसे की बात को लेकर विवाद, मुकदमा

**जासं, बस्ती :** रसूलपुर निवासी सोनीलाल मौर्या ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि पैसे की बात को लेकर मुंडेरवा थाना क्षेत्र के मदराजोत निवासी इसरार और साहिल ने पुरानी बस्ती के बागडीह चौराहा पर अपशब्द कहा। मना करने परपीटने के लिए दौड़ा लिया और जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज किया है।

# आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर केस

**जासं,बस्ती :** वाल्टरगंज व सोनहा पुलिस ने महिलाओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले व्यक्ति पर कार्रवाई की है। थाने के एसआई लक्ष्मी नारायण मिश्रा ने तहरीर देकर आरोप लगया है कि भादी खुर्द पोखरे के पास से आने-जाने वालीं महिलाओं को देखकर टिप्पणी करने के आरोप में रघुनाथपुर निवासी शिवनाथ को पकड़ा गया। सोनहा थाने के एसआई रविप्रकाश तिवारी की तहरीर पर स्कूली छात्राओं को देखकर अश्लील गाना गाने के आरोपित पिरैला गरीब निवासी मो. इस्माइल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

# मासूम के साथ दुष्कर्म के आरोपित पर लगा एनएसए

**जासं, बस्ती :** लालगंज पुलिस ने चार वर्ष की मासूम के साथ दुष्कर्म करने के आरोपित पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष महेश सिंह ने बताया कि आरोपित भुलई यादव निवासी कोहल थाना नगर जेल में निरुद्ध है। डीएम स्तर से संस्तुति मिलने के बाद जिला कारागार में निरुद्ध आरोपित को एनएसए का तामिला करा दिया गया है।

- **28 अप्रैल को आरोपित ने मासूम के साथ किया था दुष्कर्म**
- **जेल में 30 अप्रैल से निरुद्ध है आरोपित भुलई यादव**

लालगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली चार वर्षीय मासूम के पिता चाय की दुकान चलाते हैं। 28 अप्रैल 2022 को वह सामान लेने के बस्ती गए थे।

दुकान पर उनकी पत्नी व चार वर्षीय बेटी मौजूद थी। इसी दौरान दुकान पर समोसा लेने पहुंचा आरोपित उनकी बेटी को उठाकर नदी के किनारे ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म करने लगा था। बेटी की चीख पुकार सुन उसकी मां मौके पर पहुंची तो आरोपित मासूम को छोड़ भाग निकला था।

पीड़िता को गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा गया था। लालगंज पुलिस ने आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया था।

30 अप्रैल को पुलिस ने आरोपित को लालगंज थाना क्षेत्र के महसो के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

## स्कूली छात्रा के साथ बदसलूकी, मुकदमा

**बस्ती :** लालगंज पुलिस ने स्कूली छात्रा के साथ बदसलूकी करने के मामले में चार पर केस दर्ज किया है। 17 वर्षीय पीड़िता की मां ने तहरीर में आरोप लगाया है कि उनकी बेटी का स्कूल जाते समय आरोपितों ने पीछा किया। मोबाइल नंबर मांगा और मना करने पर अपशब्द कहा। पुलिस ने सोनू, विकास, संदीप और मेराज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।



छावनी थाना में योगाभ्यास करते पुलिसकर्मी ● जागरण

# पुलिसकर्मियों ने सीखा योग के गुर

**जासं, छावनी, बस्ती** : छावनी थाने के पुलिसकर्मियों को रविवार को योग के गुर सिखाए गए। प्राचीन रामरेखा मंदिर परिसर में आयोजित योग शिविर में योग गुरु आदित्य नारायण ने स्वस्थ रहने के मूल मंत्र दिए।

कहा कि योग से मनुष्य अपनी जीवनशैली को सरल बना सकता हैं। योग करने से शरीर स्वस्थ होता है। जब शरीर स्वस्थ होगा तो लोगों की दिनचर्या भी ठीक होगी। योगाभ्यास से ही तरोताजा महसूस किया जा सकता है। लोगों को अपनी दिनचर्या में योग शामिल करना चाहिए। योग से मन के अंदर उत्साह बढ़ता है। थानाध्यक्ष छावनी दुर्गेश पांडेय ने भी योगाभ्यास किया।

# आपसी मनमुटाव को किया दूर, आठ परिवार एक साथ रहने को राजी

**जासं, बस्ती :** महिला थाने की पुलिस ने मनमुटाव से दूर रहे रहे आठ परिवारों को एक साथ रहने के लिए राजी किया है। थाने से सभी को हंसी खुशी से विदा किया।

महिला थाने की प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय ने बताया कि पारिवारिक मनमुटाव विभिन्न कारणों से रेखा पत्नी जोगिंदर ग्राम पिपरा गौतम थाना नगर, श्रद्धा पांडेय पत्नी निर्दोष पांडेय पिकौरा बक्स थाना कोतवाली, सबिना पत्नी अब्दुल हफीज ग्राम पकड़ी अराजी थाना दुधारा जनपद संत कबीरनगर, आसमा खातून पत्नी शहेन्शा ग्राम छज्जापुर जनपद अंबेडकरनगर, अंजुमनिशा पत्नी किस्मत अली ग्राम आमा रेहरवा थाना पैकोलिया, मनीषा पत्नी रामभवन ग्राम जगदीशपुर, काजल पत्नी कुंवर सुरेंद्र प्रताप ग्राम वेलवाड़ाडी व जरीना खातून पत्नी सलीम दूर रह रहे थे।

# सहेली के घर मिली भाभी से नाराज होकर निकली ननद

छावनी। छावनी पुलिस ने थाना क्षेत्र के एक गांव में भाभी से नाराज होकर घर से निकली ननद को उसकी सहेली के घर से ढूंढ निकाला और उसे परिजनों के साथ घर भेज दिया।

थानाध्यक्ष छावनी दुर्गेश पांडेय के अनुसार, युवती की सहेलियों से पूछताछ में गोंडा जिले के कटरा बाजार में उसकी लोकेशन मिली। भाभी से नाराज युवती दो दिन से लापता थी।

युवती को पुलिस टीम समझाकर अपने साथ छावनी थाने पर ले आई। उसके बाद परिजनों को बुलाकर उनके साथ भेज दिया। संवाद

# पुरानी रंजिश में मारपीट, छह नामजद

**बस्ती।** परशुरामपुर थाने के कोहराएं निवासी रामसहाय शर्मा का आरोप है कि पुरानी रंजिश में गांव के वाहिद और सूफियान ने उनकी पत्नी मालती को पीटा, जिससे वह बेहोश हो गईं। जानमाल की धमकी दी। वहीं, मो. वाहिद का आरोप है कि उनकी जमीन पर कूड़ा फेंकने से मना करने पर रामसहाय, मस्तराम, महेश और सुरेश ने उनके भाई की पत्नी व भतीजी को पीटकर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने क्रास केस दर्ज कर जांच शुरू करा दी है। संवाद

# मासूम से दुष्कर्म के आरोपी पर रासुका

## लालगंज थाने की पुलिस ने जिला कारागार में बंद आरोपी को कराया आदेश तामिल

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** मां के साथ चाय की दुकान पर मौजूद चार वर्ष की मासूम से दुष्कर्म के आरोपी पर लालगंज थाने की पुलिस ने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कार्रवाई की है।

डीएम प्रियंका निरंजन की संस्तुति के बाद नगर थानाक्षेत्र के कोहले निवासी आरोपी भुलई यादव को जिला कारागार में इस कार्रवाई से संबंधित सूचना भी तामील करा दी गई। 29 अप्रैल की घटना में अगले दिन यानी 30 अप्रैल को उसे गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायालय में प्रस्तुत किया था, जिसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में जेल में बंद है।

लालगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली चार वर्षीय मासूम के पिता की

### 29 अप्रैल को चार वर्षीय बच्ची से किया था दुष्कर्म

चाय की दुकान है। 29 अप्रैल 2022 को वह सामान लेने के लिए शहर गए थे। दुकान पर उनकी पत्नी व चार वर्षीय बेटी मौजूद थी।

आरोप है कि इसी दौरान दुकान पर समोसा लेने पहुंचा आरोपी भुलई उनकी बेटी को उठाकर नदी के किनारे ले गया था और दुष्कर्म करने लगा। बेटी की चीख सुनकर उसकी मां भागकर मौके पर पहुंची। तब मासूम को छोड़कर आरोपी भाग गया था। पीड़िता को गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा गया था।

लालगंज थाने की पुलिस ने आरोपी पर दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। घटना के अगले दिन तीस अप्रैल को पुलिस ने आरोपी भुलई को लालगंज थाना क्षेत्र के महसो के पास से गिरफ्तार कर लिया था। थानाध्यक्ष महेश सिंह ने बताया कि इस वारदात के बाद क्षेत्र में भय कायम हो गया था।

## छात्रा का पीछा कर बदसलूकी की, केस दर्ज

**बस्ती।** लालगंज थाने की पुलिस ने छात्रा से बदसलूकी करने के मामले में चार आरोपियों पर केस दर्ज किया है। 17 वर्षीय पीड़िता की मां ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनकी बेटी का स्कूल जाते समय आरोपियों ने पीछा किया। मोबाइल नंबर मांगा और मना करने पर अपशब्द कहा। पुलिस ने सोनू, विकास, संदीप और मेराज पर आईपीसी व पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। संवाद

## महिलाओं पर अश्लील टिप्पणी, केस दर्ज

**बस्ती।** वाल्टरगंज व सोनहा पुलिस ने महिलाओं पर अश्लील टिप्पणी करने वाले व्यक्ति पर कार्रवाई की है। थाने के एसआई लक्ष्मी नारायण मिश्रा ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि भादी खुर्द पोखरे के पास से आने-जाने वालीं महिलाओं को देखकर अश्लील टिप्पणी करने के आरोप में रघुनाथपुर निवासी शिवनाथ को पकड़ा गया। वहीं, सोनहा थाने के एसआई रविप्रकाश तिवारी ने छात्राओं को देखकर अश्लील गाना गाने के आरोपी पिरैला गरीब निवासी मो. इस्माइल पर केस दर्ज कराया है। संवाद

# मंगलसूत्र छीनकर भागे दो बदमाश, एक पकड़ा गया

## पैकोलिया थानाक्षेत्र के सुकरौली गांव के सामने हुई घटना

संवाद न्यूज एजेंसी

**पैकोलिया (बस्ती)।** संसारीपुर-पैकोलिया मार्ग पर स्थित सुकरौली चौधरी गांव के सामने बाइक सवार दो बदमाशों ने उसी गांव की महिला के गले से मंगलसूत्र छीन लिया। भागते समय एक बदमाश को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। उसका दूसरा साथी फरार हो गया।

पकड़े गए बदमाश को ग्रामीणों ने हर्रैया पुलिस के हवाले कर दिया। बाद में पता चला कि घटनास्थल पैकोलिया थानाक्षेत्र के अंतर्गत है। प्रभारी निरीक्षक हर्रैया शैलेष कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी को पैकोलिया थाने की पुलिस को सौंपा जाएगा।

पैकोलिया थाना क्षेत्र के

### ग्रामीणों ने बदमाश को हर्रैया पुलिस के हवाले किया

### केस दर्ज कर पुलिस दूसरे बदमाश की तलाश में जुटी

सुकरौली चौधरी गांव निवासी पियारी देवी पत्नी राजाराम यादव गांव के सामने सड़क के बगल उपलें रख रही थीं। तभी बाइक पर सवार दो बदमाश आए और उनके गले का मंगलसूत्र छीनकर भागने लगे। वहां मौजूद महिला का बेटा चिल्लाते हुए बदमाशों के पीछे लग गया। कुछ दूर जाने पर हर्रैया थाना क्षेत्र के बंशीनगर के करीब ग्रामीणों ने एक बदमाश को पकड़ लिया। पकड़े गए बदमाश की पहचान हर्रैया थाना क्षेत्र के पेंडारी गांव



चेन स्नेचिंग के आरोप में पकड़ा गया आरोपी। संवाद

निवासी गोविंद वर्मा के रूप में हुई। उसने अपने साथी का नाम उसी गांव का सुनील वर्मा बताया। थानाध्यक्ष पैकोलिया दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि घटनास्थल पैकोलिया में है। परिवार के लोग थाने में तहरीर दे रहे हैं।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-11-2022

# प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर ध्वस्त किया मकान

**सिद्धार्थनगर(एसएनबी)।** नोटिस देने के बावजूद भी अतिक्रमण न हटाने वाले लोगो के मकान को रविवार को सुबह बुलडोजर लगाकर जिला प्रशासन द्वारा ढहा दिया गया।

बताते चले कि लभगभ 1 माह पहले मुख्यमंत्री के निर्देश पर अतिक्रमण हटाओ अभियान जिला प्रशासन ने शुरू किया था,अभियान के दौरान कुछ लोगो ने जिला प्रशासन ने मकान दो तीन मंजिला होने के

**नोटिस देने के बाद भी नही हटाया अतिक्रमण**

कारण समय मांगा था,कि वे खुद मकान को तोड़वा लेंगे, लेकिन अभी तक लोगो के अतिक्रमण को नही हटाया था।रविवार को नगर पालिका परिषद सिद्धार्थ नगर के उसका मोड़ पर जब प्रशासन ने भारी फोर्स के साथ अतिक्रमण करियों पर बुलडोजर चलाकर तोडफोड़ करना शुरू किया तो लोगो ने स्वतः अपने मकान को तोड़ना शुरू कर दिया।रविवार को प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत जिन लोगो ने सड़क में बढ़कर मकान बना लिया था,उसे ध्वस्त करा दिया।एसडीएम सदर प्रदीप यादव ने बताया कि अभियान के दौरान कुछ लोगो ने स्वतः अतिक्रमण हटाने का समय मांगा था,जिसमें से कुछ लोगो ने हटा लिया था,जिन लोगो ने अतिक्रमण नही हटाया था,उन लोगो के मकान पर बुलडोज़र चलवाकर अतिक्रमण हटवा दिया गया है।एसडीएम ने कहा कि अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी रहेगा, अतिक्रमण हटाने के बाद भी अगर पुनः किसी ने अतिक्रमण करने का प्रयास किया तो ऐसे लोगो के विरुद्घ कार्यवाही की जाएगी।



जेसीबी लगाकर अतिक्रमण ने हटवाया प्रशासन। फोटो : एसएनबी

# चोरों ने चुराया लाखों का गहने

**बढ़नीचाफा (एसएनबी)।** थाना भवानीगंज अंतर्गत नगर पंचायतबढ़नी चाफा के वार्ड नंबर 3 मोदी नगर के गोट्टुट्वा में बीते रात अज्ञात चोरों ने गांव निवासी राज वंशी यादव के यहां से संदूक में रखे लगभग दो लाख के जेवरात उड़ा ले गये। इस संबंध में परिवार के मुखिया राज वंशी यादव ने बताया कि सुबह चार बजे के करीब जब उठे तो घर के रास्ते में ताला टूटा संदूक देखा, संदूक में रखे बहुओं के लगभग दो लाख के जेवरात गायब थे। अभी तक पुलिस प्रशासन गांव में नहीं पहुंची है। समाचार लिखे जाने तक पीड़ित द्वारा थाने में तहरीर नहीं दिया गया था।

# ग्रामीणों ने सरकारी खाद्यान्न का राशन पकड़ कर किया प्रशासन के हवाले

**परसा(एसएनबी)** ।शोहरतगढ़ तहसील के गांव औंदही कलां में शनिवार की रात ग्रामीणों ने एक मकान में सरकारी बोरे में रखा 56 बोरा चावल और गेहूं पकड़ा और आरोप लगाते हुए कहा कि यह कोटे का गेहूं और चावल है। ग्रामीण हंगामा करने लगे फिर उसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी।उसके बाद ग्रामीणों की सूचना पर नायब तहसीलदार गौरव कुमार ,आपूर्ति निरीक्षक संतोष दूवे, ढेबरूआ थाने के उपनिरीक्षक रतीश चंचल पाण्डेय औंदही कलां गांव में मौके पर पहुंच कर पूछताछ करके खद्यान रखे मकान को सील कर आगे की कार्रवाई करने में जुटी गए। ग्राम औंदही कलां का कोटा पड़ोस के ग्राम मानपुर में अटैच है। शनिवार औंदही कलां के कुछ ग्रामीण गांव के एक मकान में सरकारी बोरे में रखा50 बोरे से अधिक चावल और गेहूं का भण्डारण दिखा जो उसी गांव के एक गल्ला व्यवसायी ने उसी दिन लाकर रखा था। जिस पर ग्रामीणों ने हंगामा शुरु कर दिया कि यह कोटे का गल्ला है तुरन्त इसकी सूचना तहसील और आपूर्ति विभाग के उच्चाधिकारियों को दी गयी।जिसके बाद देर रात नायब तहसीलदार गौरव कुमार आपूर्ति निरीक्षक संतोष दूवे मय फोर्स उक्त जगह पहुंचे और व्यवसायी व मकान मालिक से पूछताछ कर मकान को सील करवा दिया गया। आपूर्ति निरीक्षक संतोष दूवे ने बताया कि जांच की जा रही है स्टाक की जांच में अधिक अन्तर नहीं आया है जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी जाएगी।

# यातायात पुलिस की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

बांसी (एसएनबी)। रोडवेज चौराहा पर यातायात पुलिस नियुक्त किये जाने की मांग को लेकर आदर्श व्यापार मंडल अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल ने शनिवार को जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि रोडवेज चौराहा पर परिवहन निगम व प्राइवेट वाहन बेतरतीब ढंग से खड़ी होती हैं। उक्त स्थिति के चलते नगरवासियों व यात्रियों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। ऐसे में रोडवेज चौराहे पर यातायात पुलिस नियुक्त किया जाना आवश्यक है। ज्ञापन देने वालों में अनूप अग्रहरि, वेद प्रकाश, प्रिंस अग्रहरि आदि शामिल रहे।



चिल्हिया थाना क्षेत्र के कपिया खालसा गांव में रविवार की शाम नवविवाहिता की मौत की सूचना पर पुलिस ने छानबीन की। ● हिन्दुस्तान

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

- चिल्हिया क्षेत्र के कपिया खालसा गांव की घटना
- ससुरालियों पर दहेज हत्या का लगाया आरोप

चिल्हिया, हिन्दुस्तान संवाद। चिल्हिया थाना क्षेत्र के कपिया खालसा गांव में रविवार की शाम नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतका के पिता ने ससुरालियों पर दहेज के लिए बेटी को मार डालने का आरोप लगाया है।

लोटन थाना क्षेत्र के मुड़िला अदाई गांव निवासी राजकुमार ने अपनी बेटी चांदनी (21) की शादी 15 अप्रैल को चिल्हिया थाना क्षेत्र के कपिया खालसा गांव निवासी दिनेश के साथ की थी। रविवार की शाम चांदनी की अपने ससुराल कपिया खालसा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। किसी ने मामले की सूचना पुलिस व मायके वालों को दी। सूचना पर पहुंचे मृतका के पिता राजकुमार ने दहेज के लिए बेटी को मार डालने का आरोप लगाया है। वहीं मृतका के ससुर सहतू का कहना है कि चांदनी ने फंदा लगाकर जान दे दी है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसओ दीपक कुमार ने कहा कि तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नेपाल में चुनाव से बढ़नी बॉर्डर पर रहा सन्नाटा

बढ़नी, हिन्दुस्तान संवाद। नेपाल में रविवार को हो रहे चुनाव को लेकर शनिवार शाम से ही इंडो-नेपाल बॉर्डर को पूरी तरह से सील कर आवागमन को रोक दिया गया था। रविवार को मतदान के दिन किसी भी वाहन के आने-जाने पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई थी। इससे बढ़नी बॉर्डर पर दिन भर सन्नाटा पसरा रहा।

सीमावर्ती भारतीय क्षेत्रों में सुरक्षा एजेंसियों ने गश्त तेज करते हुए सीमा पार आवागमन को पूरी तरह बंद रखा। एसएसबी के बढ़नी बीओपी के जवानों ने सीमावर्ती क्षेत्र में आने जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखी जिससे नेपाल में होने वाले चुनाव में किसी तरह की खलल पैदा न हो सके। ढेबरुआ एसओ राहुल सिंह यादव व बढ़नी चौकी इंचार्ज बृजेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस के जवान दिन भर पेट्रोलिंग करते रहे। भारतीय सीमा क्षेत्र से नेपाल जाने वाले लोगों को नेपाली नागरिकता के आधार पर नेपाल में प्रवेश करने दिया गया। जिससे कि वे अपना मतदान कर सकें।




नेपाल में आम चुनाव के कारण इंडो-नेपाल के बढ़नी बॉर्डर पर रविवार को एसएसबी चेक पोस्ट पर सन्नाटा पसरा रहा। ● हिन्दुस्तान

> नेपाल में चुनाव को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई। सीमावर्ती क्षेत्रों में एसएसबी जवानों की ओर से लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है। संदिग्धों से कड़ाई से पूछताछ की जा रही है।
> **पीपी नाथ**, बीओपी प्रभारी, एसएसबी

## चुनाव को लेकर सरहद पर रही सतर्कता

खुनुवा। पड़ोसी देश नेपाल में रविवार को आम चुनाव के मद्देनजर सीमा पर एसएसबी जवान व पुलिस चौकन्ना रही। शोहरतगढ़ थाना प्रभारी पंकज पांडेय, चौकी इंचार्ज महेंद्र चौहान, एसएसबी अधिकारियों के साथ दिनभर कैंप करते हुए नेपाल के आम चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में सहयोगी की भूमिका अदा की। ककरहवा संवाद के अनुसार नेपाल में आम चुनाव के मद्देनजर सीमा पर खूफिया एजेंसी अलर्ट पर रहीं। सशस्त्र सीमा बल गोरखपुर से द्वितीय कमान अधिकारी जय प्रकाश के नेतृत्व में विशेष गश्ती अभियान चलाया गया

# दंपती साथ रहने को राजी

सिद्धार्थनगर : महिला थाने में नई किरण का आयोजन किया गया। तीन पत्रावली विचारार्थ प्रस्तुत हुई। समझौते के आधार पर एक दंपती साथ रहने को राजी हुए। दो मामलों में अगली तिथि उपस्थिति के लिए दी गयी। (जासं)

## सड़क चौड़ीकरण में बाधक बने थे कई घरों के बाहरी हिस्से

# शहर में अतिक्रमण पर चार घंटे चला बुलडोजर

**कार्रवाई**

- बीएसए कार्यालय से तहसील के बीच हटाया गया अतिक्रमण
- एसडीएम सदर व सीओ की मौजूदगी में चलाया गया अभियान



रविवार को एसडीएम सदर के नेतृत्व में बीएसए कार्यालय से तहसील के बीच बुलडोजर से अवैध अतिक्रमण हटाया गया। ● हिन्दुस्तान

**सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता।** शहर में लंबे समय बाद एक बार फिर प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। खजुरिया मोड़ से तहसील मोड़ के बीच अतिक्रमण के चलते सड़क के चौड़ीकरण में बाधक बने कई घरों के बाहरी हिस्सों पर बुलडोजर चलाया गया। लगभग चार घंटे तक चली इस कार्रवाई को देखने वालों की भीड़ भी जुटी रही।

रविवार को एसडीएम सदर प्रदीप कुमार यादव, सीओ अखिलेश वर्मा की मौजूदगी में बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स के साथ सुबह 11 बजे से पुराना बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय (खजुरिया मार्ग के मोड़) से तहसील के बीच अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई हुई। हाल के दिनों में शहर में सड़क का चौड़ीकरण होने के बाद कई घरों के बाहरी हिस्से बाधक बने हुए थे। लिहाजा प्रशासनिक अमले ने बुलडोजर के माध्यम से उन घरों के बाहरी हिस्सों को तोड़ने की कार्रवाई की।

इस दौरान तहसील मोड़ से पुराना बीएसए कार्यालय के मोड़ के बीच आवागमन को भी बंद कर दिया गया था। छोटे वाहनों को तहसील मोड़ से जिला पंचायत कार्यालय होते अशोक मार्ग की तरफ व बड़े वाहनों को उत्तरी छोर स्थित बाईपास से होकर आवागमन की व्यवस्था दी गई थी। प्रशासन की इस कार्रवाई से निश्चय ही शहर में सड़क चौड़ीकरण के निर्माण में आ रही बाधा समाप्त हो गई। तहसील मोड़ से पुराना बीएसए कार्यालय के मोड़ पर पक्की सड़क बनने की राह भी आसान हो गई। एसडीएम प्रदीप यादव ने बताया कि अवैध अतिक्रमण के कारण बुलडोजर चलाना पड़ा।

# घर में रखा मिला कोटे का चावल-गेहूं, सील

- औंदही कला गांव का मामला, वीडियो हुआ था वायरल
- 56 सरकारी बोरी में रखा मिला चावल और गेहूं

शोहरतगढ़,हिन्दुस्तान संवाद। क्षेत्र के औंदही कला गांव में शनिवार की रात ग्रामीणों ने एक मकान में सरकारी राशन रखने का आरोप लगाकर वीडियो वायरल कर दिया। ग्रामीणों का आरोप था कि मकान में रखा 56 बोरी चावल और गेहूं सरकारी राशन है जो कोटे का गेहूं और चावल है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को भी दी।

ग्रामीणों की सूचना पर रविवार को नायब तहसीलदार गौरव कुमार,आपूर्ति निरीक्षक संतोष दुबे, ढेबरुआ थाने के एसआई रतीश चंचल पाण्डेय औंदही कलां गांव में पहुंच कर व्यवसायी व मकान मालिक से पूछताछ कर राशन रखे मकान को सील कर दिया। औंदही कला गांव का कोटा पड़ोस के गांव मानपुर में अटैच है। शनिवार को औंदही कला के कुछ ग्रामीण गांव के एक गल्ला व्यवसायी के मकान में सरकारी बोरी में रखा 50 बोरी से अधिक चावल और गेहूं देख उच्चाधिकारियों तक मामला पहुंचाया। जांच टीम के पहुंचने पर रखा गया गल्ला का बोरी हाथ से सिला हुआ मिला। बोरियों में रखा राशन कोटे के बोरी के वजन से अधिक भी पाया गया। आपूर्ति निरीक्षक संतोष दुबे ने बताया कि जांच की जा रही है। कोटेदार के स्टाक की जांच में अंतर ज्यादा नहीं आया है।

एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव ने कहा कि मामला संज्ञान में आने के बाद जांच टीम भेजी गई है। अभी जांच टीम की ओर से रिपोर्ट नहीं दी गई है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मृत्यु, मुकदमा

**जासं, पल्टादेवी, शोहरतगढ़ :** रविवार को चिल्हिया थाना क्षेत्र के कपिया खालसा में 22 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई है। स्वजन ने बताया कि वह अपने कमरे में फंदे पर लटक कर जान दे दी, लेकिन पुलिस के पहुंचने पर शव बरामदे के फर्श पर मिली। विवाहिता का नाम चांदनी पत्नी दिनेश कुमार है। मायका पक्ष दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। रविवार को दोपहर तीन बजे विवाहिता के स्वजन की रोने की आवाज सुन कर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। मामले की जानकारी पीआरबी पुलिस को दी। पुलिस को बताया गया कि वह अपने कमरे में दुपट्टे के सहारे लटक कर जान दे दी है। हम लोग उसे फंदे से उतार कर बरामदे में लाए हैं। विवाहिता की मां ने पति, ससुर आदि पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए बताया कि इसी साल 15 अप्रैल को लड़की की शादी किए थे। शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज को लेकर लड़की को प्रताड़ित करते थे। चिल्हिया थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि मुकदमा लिख कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## छात्रों को दी गई यातायात नियमों की जानकारी

**जासं, सिद्धार्थनगर :** यातायात जागरूकता माह के तहत मधुकरपुर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में जागरूकता शिविर लगाकर छात्रों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी। यातायात प्रभारी अमरेश कुमार यादव ने छात्रों को नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि सभी छात्रों को स्वयं नियमों का पालन करने के साथ-साथ घर परिवार के लोगों को भी यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। इससे सड़क पर सभी की सुरक्षा की जा सके।

विद्यालय प्रधानाचार्य प्रहलाद पांडेय की उपस्थिति में आयोजित शिविर के दौरान छात्रों को वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने, वाहन चलाते समय अपने लेन में चलने, ओवरटेक न करने, तेज गति से वाहन न चलाने, दाहिने या बाएं मुडते समय इंडीकेटर का प्रयोग करने, आगे वाली गाड़ी से समुचित दूरी बनाएं रखने, शराबी पीकर गाडी न चलाने, 18वर्ष के आयु के बच्चों को वाहन चलाने के लिए न देने, कुशल चालक से ही वाहन चलवाने के लिए प्रेरित किया गया। अभिभावकों व घर के लोगों को भी इसके बारे में जानकारी देने के लिए प्रेरित किया गया।

## एक नजर में

### आज निकलेगी शहीद सम्मान यात्रा

डुमरियागंज : नगर पंचायत डुमरियागंज स्थित अमरगढ़ स्थल से शहीदों के सम्मान में सोमवार को सुबह साढ़े नौ बजे यात्रा शहीद स्थल के प्रतीक चिन्ह के साथ निकलेगी। जो स्थल से प्रारम्भ होकर मोतीगंज, खोरिया रघुबीर सिंह, पथरा, मिठवल, बांसी स्थित माधव प्रसाद त्रिपाठी पार्क होते हुए जिला मुख्यालय स्थित गांधी आश्रम पहुचेगी जहां स्वागत सभा के उपरांत रात्रि विश्राम होगा। मंगलवार सुबह यात्रा मुख्यालय से सनई, चिल्हिया, ढेबरुआ, बढ़नी होते हुए अमरगढ़ स्मृति वाटिका बेवां चौराहे पर समाप्त होगी। यह जानकारी विधायक राघवेन्द्र प्रताप ने दी। (जासं)

# अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, आठ पक्के निर्माण ध्वस्त

## अतिक्रमण हटाओ अभियान: करीब 50 मीटर के बीच लोगों ने सड़क की पटरी पर बनवा लिया था कमरा

**जासं, सिद्धार्थनगर** : प्रशासन का अतिक्रमण हटाओ अभियान द्वितीय चरण रविवार को शुरू हुआ। इस बार अधिकारियों ने पूरा होमवर्क करने के बाद कार्रवाई की। करीब 50 मीटर में आठ पक्के निर्माण को ध्वस्त करने की कार्रवाई की। इन्होंने सड़क की पटरी पर कमरे बनवा लिए थे। नगर के बैंक रोड पर नगर पालिका की भूमि पर अतिक्रमण करने वालों को 15 दिन पूर्व ही नोटिस भेजी। कार्रवाई के जद में आठ लोग आए हैं। तहसील, नगर पालिका और पुलिस की टीम मौके पर डटी रही। प्रशासन ने रुट डाइवर्जन किया। प्रशासनिक संयुक्त टीम ने सुबह आठ बजे से अभियान संचालित किया। खजुरिया मोड़ पर स्थित दो मकान नगर पालिका की भूमि पर बने हैं। इन सबको नोटिस भेजकर स्वयं कब्जा हटाने के लिए कहा गया था। उन्होंने सड़क पर दुकान खोल रखी थी। अतिक्रमणकारियों में चांद, रणजीत, बाबूलाल, इंद्रजीत, दुर्गेश, बाबुल्लाह, रामचंद्र के खिलाफ कार्रवाई की गई है। टीम के साथ दो जेसीबी, दो क्रेन व मलबा हटाने के लिए चार ट्रैक्टर-ट्राली लगी रही। पहले कुछ अतिक्रमणकारियों ने विरोध करने का प्रयास किया, लेकिन अधिकारियों ने इन्हें नियमों की जानकारी देते हुए संतुष्ट किया। प्रशासन ने दो किमी परिधि में कार्रवाई स्थल की ओर आने वाले सभी बड़े वाहनों के लिए मार्ग बंद कर दिया था। इन वाहनों को हाइडिल तिराहा से अशोक मार्ग की ओर से एनएच से रवाना किया गया। टीम में एसडीएम सदर के साथ तहसीलदार सदर राम ऋषि रमन, अधिशासी अधिकारी मुकेश चौधरी, एसओ सदर अजय यादव आदि मौजूद रहे।





बैंक रोड पर प्रशासन ने किया नगर पालिका की भूमि पर हुए अतिक्रमण को ध्वस्त व मौके पर जुटी भीड़ ● जागरण

**रात में चौड़ी तो सुबह सकरी हो जाती है सड़क**: नगर पालिका ने प्रथम चरण में अतिक्रमण हटा कर सड़क का चौड़ीकरण कर दिया लेकिन अभी भी इस पर लोगों का कब्जा है। दिन में यह सड़कें सकरी हो जाती हैं। लोग सड़क पर ही अपने वाहन को खड़ा कर देते हैं। दुकानदार भी दुकान को पटरी पर लगा रहे हैं। इस संबंध में एसडीएम सदर प्रदीप कुमार यादव ने बताया कि सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण हटाने का अभियान संचालित किया गया है। अतिक्रमणकारियों को नगर पालिका की ओर से नोटिस भेज दी गई है। असुविधा से बचने के लिए उन्हें अपने अतिक्रमण को स्वयं हटाने का समय दिया गया है।

# नेपाल चुनाव को देखते हुए सीमा पर अलर्ट

## किसी को भी सीमा पार करने की इजाजत नहीं दी गई

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**ककरहवा।** नेपाल में संसदीय चुनाव के मद्देनजर रविवार को भारत-नेपाल सीमा पर पूरी तरह से सील रहा। ककरहवा सीमा पर एसएसबी जवान व नेपाली सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर रहे। किसी को भी सीमा पार करने की इजाजत नहीं दी गई।



ककरहवा बॉर्डर पर गश्त करते पुलिस और एसएसबी के जवान। संवाद

नेपाल चुनाव में किसी भी अवांछनीय तत्व का प्रवेश रोकने और निष्पक्ष रूप से चुनाव संपन्न करने को दोनों देशों के उच्चाधिकारियों ने सीमा सील रखने का निर्देश दिया था। एसएसबी गोरखपुर द्वितीय कमान अधिकारी जय प्रकाश के नेतृत्व में विशेष गश्ती अभियान चलाया गया। साथ ही सीमा पर स्थानीय पुलिस, नेपाल के जवान चौकस रहे। एसएसबी उप कमांडेंट शक्ति सिंह ने बताया कि नेपाल संसदीय निर्वाचन को देखते हुए सीमा के मुख्य नाका बिंदुओ के साथ आवागमन के सभी रास्तो पर पैनी निगाह रखी गई थी, जिससे कि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

## नगर के उसका मार्ग पर अतिक्रमण को प्रशासन ने हटवाया

**संवाद न्यूज एजेंसी**



शहर के उसका मार्ग पर अतिक्रमण हटाती जेसीबी मशीन। संवाद

**सिद्धार्थनगर।** नगर के उसका रोड किनारे अवैध निर्माण पर रविवार को प्रशासन का बुलडोजर चला। एसडीएम सदर की अगुवाई में हुई कार्रवाई में कई मकानों के अवैध कब्जे को बुलडोजर से जमींदोज कर दिया गया। सुबह से दोपहर तक चली इस कार्रवाई में प्रशासन के साथ ही भारी संख्या में पुलिस बल मौजूदा रहा। वहीं, अवैध कब्जा धारी प्रशासन के बुलडोजर को चलता देखकर सशंकित रहे।

अतिक्रमण के चलते नगर की तहसील रोड, उसका मार्ग पर जाम से लोग हमेशा परेशान रहते थे। शासन के निर्देश पर अशोक मार्ग से बांसी तिराहा तक डेढ़ किलोमीटर लंबी सड़क किनारे अवैध निर्माण के खिलाफ एसडीएम विकास कश्यप की अगुवाई में चार माह पहले अभियान चलाया गया था।

प्रशासन के खिलाफ बढ़ते आक्रोश और राजनैतिक दखल के बाद प्रशासनिक अमला शांत हो गया, लेकिन बढ़ते हुए जाम की शिकायत और लगातार हो रही

### अतिक्रमण की वजह से राहगीरों को आवागमन में होती थी दिक्कत

शिकायत के बाद एक बार फिर तहसील प्रशासन एक्शन में आ गया। रविवार को एसडीएम सदर प्रदीप कुमार यादव और तहसीलदार राम ऋषि रमन की अगुवाई में थाना मोड़ के पर सड़क पर हुए कब्जे को हटाने के लिए नगर पालिका प्रशासन का बुलडोजर चला।

सुबह से दोपहर तक चली इस कार्रवाई में कई अवैध कब्जे ध्वस्त किए गए। विवाद न हो इसके मद्देनजर सदर पुलिस की टीम मौजूद रही। वहीं, बुलडोजर को देखकर अन्य स्थानों पर अवैध निर्माण करने वालों में दहशत समा गया है।

इस संबंध में एसडीएम सदर प्रदीप कुमार यादव ने बताया कि सड़क पर हुए अवैध निर्माण को हटवाया गया है। आगे भी प्रशासन की यह कार्रवाई जारी रहेगी।

SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-11-2022

# चाचा का हत्यारोपी भतीजा गिरफ्तार

संतकबीरनगर-बेलहर (एसएनबी)। जिले के थाना बेलहर कला ग्राम बेलहर खुर्द में भतीजे ने चाचा को चाकू मारकर हत्या किए जाने के मामले में रविवार को आरोपी भतीजे को पुलिस ने राजघाट पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अभियुक्त की निशानदेही पर आल कत्ल चाकू को बरामद करते हुए न्यायालय रवाना किया गया। विदित हो कि 19.11.2022 को वादिनी ताजरा खातून पत्नी गरीबुल्लाह निवासी ग्राम बेलहर खुर्द थाना बेलहरकला द्वारा सूचना दिया गया कि उसके पति एवं इश्तियाक अहमद दोनों को आवास मिला था। दोनों लोग अपना आवास बनवा रहे थे। इतने में फावड़े को लेकर गरीबुल्लाह पुत्र मो. जमीद एवं इश्तियाक अहमद पुत्र नसीर के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि इश्तियाक ने मेरे पति गरीबउल्लाह पर चाकू से हमला कर दिया। जिनको इलाज हेतु परिवार वाले सीएचसी मेंहदावल ले गये। जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उक्त घटना के संबंध में थाना बेलहरकला पर मु.अ.सं. 268/2022 धारा 302भादवि पंजीकृत किया गया था। उक्त मामले में पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल राजीव कुमार यादव के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष बेलहरकला अमित कुमार कुशवाहा ने कां. प्रवीण चौबे व कां. आशीष शुक्ला के साथ मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त इश्तियाक पुत्र नसीर निवासी बेलहरकला खुर्द संतकबीरनगर को रविवार को राजघाट पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशानदेही पर चाकू को बरामद करते हुए न्यायालय रवाना किया गया।

# दबिश में वारंटी व शांति भंग में कुल 29 आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जनपद में वांछितों न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे कुल 17 नफर वांरटियों और 12 लोगों को शांति-भंग में कार्रवाई की। इस प्रकार नफर वारंटी व शांति भंग में कुल 29 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त अभिषेक पुत्र ओम प्रकाश निवासी जबलपुर थाना टाड़ा जनपद अम्बेडकरनगर को उ.नि. रामअवध यादव, थाना दुधारा पुलिस ने 02 नफर वारण्टी चुनवा पुत्र खदेरन निवासी साफियाबाद व मुहम्मद हारून पुत्र अब्दुल मजीद निवासी बाघनगर को उ.नि. रजनीश कुमार राय तथा थाना धनघटा पुलिस ने 01 नफर वारंटी कन्हैया लाल वर्मा पुत्र स्व. शुभकरन वर्मा निवासी सोनाड़ी थाना धनघटा को वरि.उ.नि. हरिनरायण दीक्षित ने गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार थाना महुली पुलिस ने 10 नफर वारण्टी रामधरन पुत्र राम दुलारे निवासी भगवानपुर पूर्वी, भीमसेन पुत्र रामस्वरूप निवासी भगवानपुर, अर्जुन पुत्र राजेन्द्र प्रसाद, संजय पुत्र दरशू एवं विजय प्रताप पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी काली जगदीशपुर, विनोद पुत्र राम निवासी निवासी बत्तुकपुर उर्फ शंकरपुर, उदयराज पुत्र स्व. राम सहाय निवासी सिकरी, राम अजोर पुत्र हनुमान निवासी डड़वा, रामलाल पुत्र मरहवा निवासी छितही, बृजेश पुत्र रामसहाय निवासी भिनखिनी खुर्द थाना महुली को उ.नि. रिकेश भारती, उ.नि. कौशल किशोर सिहं, उ.नि. दद्दन य, उ.नि. अरुण कुमार पाण्डेय, हे.कां. मो. आरिफ, प्रकाश यादव, कां. शरद राय ने गिरफ्तार किया है। था मेंहदावल पुलिस द्वारा 02 नफर वारण्टी आकाश अग्ररि पुत्र श्रीकान्त अग्रहरि, सुनील कुमार पुत्र विनोद कुमार निवासीगण ठाकुरद्वारा थाना मेंहदावल को उ.नि. लाल यादव, कां. अखिलेश पाण्डेय, कां. रत्नेश सिंह तथा था बखिरा पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी नाटे पुत्र निसार निासी नन्दौर थाना बखिरा को उ.नि. संजय यादव, कां. मनीषयादव ने गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया। इसी क्रम मेंशान्ति भंग (151/107/116 सीआरपीसी) में 12 अभियुक्तों थाना धनघटा पुलिस ने 01 अभियुक्त, थाना महुली पुलिस ने 04 अभियुक्त तथा थाना धर्मसिंहवा पुलिस ने 07 लोंगों को गिरफ्तार किया है।

# कब्रिस्तान की जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप

**शनिचरा (एसएनबी)।** धनघटा तहसील क्षेत्र के तुर्कवलिया नायक गांव निवासी सम्पूर्ण समाधान दिवस में बीते शनिवार को एक प्रार्थना पत्र देकर गांव के कुछ लोगों द्वारा गांव के बाहर स्थित कब्रिस्तान की जमीन को अगल-बगल से काटकर छोटा कर देने का आरोप लगाया है। दिए गए प्रार्थनापत्र में तुर्कवलिया नायक गांव निवासी मुहम्मद अशरद सहित करीब दर्जनों लोगों ने सामूहिक रूप से बताया है कि बीते दिनों चकबन्दी के द्वारा गांव के पास सार्वजनिक कब्रिस्तान की भूमि छोड़ी गई थी। इस कब्रिस्तान की भूमि के बगल से चकरोड निकाली गई है। वादकारियों ने आरोप लगाया है कि कब्रिस्तान की आराजी नम्बर 49,202 की भूमि को अगल-बगल के कास्तकारों ने काट कर शिकस्त कर दिया है। उधर ग्राम प्रधान द्वारा भी पुराने चकरोड को न बनवा कर कब्रिस्तान के बीचोबीच चकरोड बनवाया जा रहा है। उक्त लोगों ने बताया कि जब उन्हें मना किया गया तो ग्राम प्रधान आदि इसे मानने से इनकार कर दिया। इस संबंध में पूछे जाने पर उपजिलाधिकारी धनघटा डा.रविन्द्र कुमार ने बताया कि उपरोक्त प्रकरण में जांच के लिए टीम गठित की जा चुकी है शीघ्र ही जांच टीम मौके पर पहुंचकर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी जिसके आधार पर मामले का निस्तारण कर दिया जाएंगा।

# अनियन्त्रित ट्रक से दुकान क्षतिग्रस्त

शनिचरा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के धनघटा चौक से करीब 500 मीटर उत्तर की दूरी पर स्थित दुर्गा मंदिर के समीप रविवार की देर शाम एक अनियंत्रित ट्रक पेड़ से टकराई और पेड़ को तोड़ती हुई सड़क के किनारे गिमटी और एक बाइक को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना से आसपास में अफरा तफरी मच गई गनीमत यह रही की कोई हताहत नहीं हुआ। धनघटा थाना क्षेत्र के धनघटा चौक से करीब 500 मीटर उत्तर की दूरी पर स्थित दुर्गा मंदिर के पास खलीलाबाद की ओर से आ रही ट्रक संख्या यूपी 45 टी 0058 अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे स्थित एक पेड़ से टकरा गई। इतना ही नहीं वह पेड़ को तोड़ती हुई सड़क के किनारे एक गिमटी और एक बाइक को क्षतिग्रस्त कर दी। गनीमत यह रही की ट्रक की चपेट में केवल दुकान और बाइक ही आई किसी जान माल की कोई क्षति नहीं हुई। ट्रक चालक मौके से भागकर धनघटा थाने पर पहुंच गया। ट्रक चालक ने पूछे जाने पर अपना नाम कपूरचंद पुत्र नंदलाल यादव निवासी बनकटी जनपद बस्ती बताया। ट्रक चालक ने बताया कि उक्त ट्रक अशरफ पुर निवासी गोपाल की है। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि वह कुछ सामान लेकर महाराजगंज गया हुआ था जहां से वह वापस आ रहा था घटनास्थल के समीप पहुंचने पर सामने से आ रही एक चार पहिया वाहन को बचाने के चक्कर में वह पेड़ से टकरा गया और यह दुर्घटना घट गई। प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने बताया कि इस संबंध में मौखिक सूचना तो मिली है लेकिनअभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर कानूनी कार्यवाही पूरी कर दी जाएगी।

# नौ वारंटी गिरफ्तार

**नाथनगर (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सोनम कुमार द्वारा चलाए गए वारण्टियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में रविवार को महुली पुलिस ने थाना क्षेत्र के 9 वारण्टियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के लिए रवाना कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार से और पुलिस क्षेत्राधिकारी धनघटा रामप्रकाश के मार्ग दर्शन में महुली पुलिस ने गिरफ्तारी अभियान में वारण्टियों को गिरफ्तार किया। महुली पुलिस के द्वारा चलाए गए इस अभियान के तहत गठित टीम में शामिल उपनिरीक्षक हरिकेश भारती, कौशल किशोर सिंह, दद्दन राय, हेड.कां.मुहम्मद आरिफ,भानुप्रकाश यादव, कां.शरद राय, मो.सुलतान, धनन्जय सिंह, प्रशान्त त्रिपाठी, सोनू यादव व सलमान अंसारी आदि लोग शामिल रहे। गिरफ्तारी करने वाली इस टीम ने अभियान चलाकर रविवार को थाना क्षेत्र के भगवानपुरपूर्वी निवासी रामधरन पुत्र रामदुलारे,भीमसेन पुत्र रामस्वरूप, कालीजगदीशपुर निवासी अर्जुन पुत्र राजेन्द्र प्रसाद, संजय पुत्र दरशू, विजय प्रताप पुत्र राजेन्द्र प्रसाद, शंकरपुर निवासी विनोद पुत्र रामनिवास, सिकरी निवासी उदयराज पुत्र रामसहाय, डड़वा निवासी रामअजोर पुत्र हनुमान व छितहीं निवासी रामलाल पुत्र मरहवा आदि को गिरफ्तार कर न्यायालय के लिए रवाना कर दिया।

# आपसी सहमति साथ रहेंगे दो परिवार

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** परिवार परामर्श केन्द्र महिला थाना पर प्रभारी निरीक्षक महिला थाना सरोज शर्मा एवं नियुक्त सदस्य रिफातुल्लाह अंसारी की अध्यक्षता में साथ-साथ कार्यक्रम (टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल) में कुल 02 मामले आये। दोनों मामलों में सुलह समझौता करवाया गया। प्रभारी निरीक्षक महिला थाना सरोज शर्मा ने बताया कि सुनीता पुत्री सनोहर निवासी मंझरिया थाना कोतवाली खलीलाबाद व द्वितीय पक्ष दुर्गावती देवी पत्नी दीनानाथ निवासी चांदीडीहा थाना कोतवाली खलीलाबाद संतकबीरनगर और जरीना खातून पत्नी अयूब शेख निवासी मोहदीनपुर थाना कोतवाली खलीलाबाद व द्वितीय पक्ष अयूब शेख पुत्र महमूद शेख निवासी मोहद्दीपुर थाना कोतवाली खलीलाबाद के मध्य आपसी पारिवारिक विवाद था इनका रिश्ता टूटने के कगार पर था। दोनों पक्षों को काफी समझाने बुझाने के उपरांत दोनों पक्ष एक साथ खुशी-खुशी रहने को तैयार है। उन्होंने बताया कि दोनों पक्ष में आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया।

# दुष्कर्म व छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

**शनिचरा (एसएनबी)।** धनघटा थाना क्षेत्र के गायघाट निवासी दुष्कर्म और छेड़खानी का एक आरोपी धनघटा पुलिस के द्वारा रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। धनघटा पुलिस ने वांछित को गिरफ्तार कर मेडिकल परीक्षण कराते हुए उसे जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी एक महिला ने बीते दिनों धनघटा पुलिस को एक प्रार्थनापत्र देकर गायघाट निवासी सूरज पुत्र धनुषधारी पर आरोप लगाया था कि उक्त आरोपी उसकी बेटी को शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित करता रहा। घटना के दिन आरोपी उसके घर में घुस कर उसकी बेटी के साथ छेड़खानी किया और बेटी के द्वारा शादी के लिए दबाव देने पर उसको गाली-गुप्ता देते हुए मारापीटा और जानमाल की धमकी देकर वहां से फरार हो गया। धनघटा पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ 354 क,323, 504, 506,452 व 376 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। रविवार को मुखबीर की सूचना पर धनघटा पुलिस ने आरोपी सूरज को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# यातायात माह चेकिंग में 99 वाहनों का चालान

संतकबीरनगर । यातायात माह नम्बर के तहत चलाये जा रहे यातायात जागरूकता अभियान के क्रम में रविवार को जिले के सभी थाना क्षेत्रों में प्रभारी निरीक्षकों-थानाध्यक्षों-प्रभारी यातायात के द्वारा वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान कुल 99 वाहनों से 97 हजार ₹ सम्मन शुल्क वसूल किया गया। साथ ही कई वाहन स्वामियों को यातायात नियमों के पालन करने की हिदायत देते हुए छोड़ा गया। इसी क्रम में जनपद में यातायात माह के दृष्टिगत सड़क दुर्घटनाओं को कम करने तथा लोगों के लिए सुरक्षित यातायात को सुगम बनाने के लिए जगह जगह यातायात जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के निर्देशन में यातायात माह 2022 के दृष्टिगत रविवार को क्षेत्राधिकारी यातायात अम्बरीश सिंह भदौरिया ने मेंहदावल बाईपास खलीलाबाद से सड़क सुरक्षा जागरुकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। क्षेत्राधिकारी यातायात श्री भदौरिया ने बताया कि इस तरह के जागरुकता कार्यक्रमों को आगे भी जारी रखा जाएगा।

# हत्यारोपी भतीजे को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**फॉलोअप**

- बेलहर थाना क्षेत्र के बेलहर खुर्द के जलटोला का मामला
- भतीजे ने चाकू मारकर चाचा और रिश्ते का कर दिया था कत्ल

बेलहर, हिन्दुस्तान संवाद। बेलहर थाना क्षेत्र के बेलहर खुर्द के जलटोला में शनिवार को मामूली विवाद को लेकर शनिवार को भतीजे ने सगे चाचा की दिनदहाड़े चाकू मारकर हत्या कर दी थी। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। बेलहर पुलिस ने देर रात हत्यारोपी भतीजे को गिरफ्तार कर लिया और रविवार को उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से जेल भेज दिया। पुलिस ने हत्यारे भतीजे के पास से हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया।

बेलहर खुर्द के जलटोला निवासी गरीबुल्ला पुत्र जमीद बच्चों के पालन पोषण के लिए गैरप्रांत में रहता था। उसे प्रधानमंत्री शहरी आवास निर्माण के लिए नगर पंचायत बेलहर द्वारा धन मिला था। आवास बनवाने के लिए एक माह पूर्व वह मुम्बई से घर आया और शनिवार को नींव की खुदाई करवा रहा था। इसी दौरान फावड़े के विवाद को लेकर गरीबुल्ला और उसके भतीजे इश्तियाक के बीच कहासुनी होने लगी। कहासुनी में बात इतनी बढ़ी की अचानक इश्तियाक ने सगे चाचा गरीबुल्ला के ऊपर चाकू से निर्ममता पूर्वक वार कर दिया। आनन-फानन में परिजन गरीबुल्ला को इलाज के लिए सीएचसी मेंहदावल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चाकू मारकर सगे चाचा की हत्या से क्षेत्र में दहशत फैल गई।

पुलिस ने गरीबुल्ला की पत्नी ताजरा की तहरीर पर हत्यारोपी इश्तियाक के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दिया। देर रात पुलिस ने आरोपी इश्तियाक को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से हत्या में प्रयोग किए गए चाकू को भी बरामद किया। रविवार को आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से जेल रवाना कर दिया गया।

# शांति भंग के आरोप में 12 गिरफ्तार

संतकबीरनगर। जिले की पुलिस ने शांति भंग की आशंका में 12 लोगों को गिरफ्तार किया। धनघटा पुलिस ने एक, महुली पुलिस ने चार और धर्मसिंहवा पुलिस ने सात अभियुक्तों के विरुद्ध कार्रवाई की।

# अभियान में 17 वारंटी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। जिले की पुलिस ने वारंटियों के गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया। इस अभियान में विभिन्न थाना क्षेत्रों में 17 वारंटी गिरफ्तार किए गए। सभी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। खलीलाबाद पुलिस ने एक वारण्टी अभिषेक पुत्र ओम प्रकाश निवासी जबलपुर, थाना टांडा जिला अम्बेडकरनगर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दो वारण्टी चुनवा पुत्र खदेरन निवासी साफियाबाद, मुहम्मद हारून पुत्र अब्दुल मजीद निवासी बाघनगर थाना दुधारा को गिरफ्तार किया। थाना धनघटा पुलिस ने कन्हैया लाल वर्मा पुत्र स्वर्गीय शुभकरन वर्मा, सोनाड़ी थाना धनघटा को गिरफ्तार किया।

# दुष्कर्म का आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

संतकबीरनगर। धनघटा पुलिस ने दुष्कर्म और मारपीट के आरोपी को रविवार को गिरफ्तारकर न्यायालय रवाना किया। जहां से जेल भेज दिया गया।

धनघटा पुलिस ने सूरज पुत्र धनुषधारी निवासी ग्राम गायघाट, थाना धनघटा को मुण्डेरा शुक्ल चौराहे से गिरफ्तार किया।

उक्त आरोपी के विरुद्ध वादिनी की पुत्री के साथ शादी का झांसा देकर छेड़खानी व दुष्कर्म की घटना करने तथा मना करने पर गाली देते हुए मारपीट किए जाने के मामले में 6 नवंबर को मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कार्रवाई की।

# घुमंतुओं को डेरा न बनाने की दी चेतावनी

मेंहदावल, हिन्दुस्तान संवाद। क्षेत्र में अमन चैन व शांति को देखते हुए पुलिस ने घुमंतू जाति के लोगों पर नजर रखनी शुरू कर दी है। रविवार को बागीचों व निर्जन स्थानों पर रह रहे लोगों की जांच की और तुरन्त स्थान खाली करने को कहा। इस दौरान पुलिस को टंड़वरिया में पांच लोग डेरा मिले। पुलिस ने इन लोगों को डेरा डालने से रोक कर चेतावनी दी। कहा कि पूरे प्रदेश से बाहर चले जाएं। कहीं डेरा न बनाएं।

प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि डेरा डालने वाले घुमंतू जाति के लोगों पर भी निगाह रखी जा रही है। घुमंतू जाति के लोगों से क्षेत्र में वारदात की आशंका रहती है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चुनाव के चलते सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए बाहरी लोगों को क्षेत्र में न रुकने की हिदायत दी गई है। क्षेत्र को चिन्हित कर पुलिस उन बिंदुओं पर काम कर रही है। घूमकर सामान बेचने वाले, कपड़ा लेकर बर्तन बेचने वाले, खिलौना, कंबल बेचने वाले और भविष्य बताने वाले साधु आदि अलग-अलग क्षेत्र में घूमकर बड़े मकानों को निशाना बनाते हैं। रेकी कर कुछ दिनों बाद वारदात को अंजाम तक पहुंचाते हैं। ऐसे लोगों से सावधान रहें।

# दुर्घटना में घायल दो व्यक्तियों को पहुंचाया अस्पताल

संतकबीरनगर। धनघटा थाना क्षेत्र के हैंसर बाजार से मार्ग दुर्घटना में दो व्यक्तियों के घायल होने की सूचना मिली। सूचना पर चार मिनट के भीतर पीआरवी टीम मौके पर पहुंच गई। घायल सोनू पुत्र जियालाल चौहान, सदानन्द पुत्र जिलालाल चौहान निवासी ग्राम हैंसर बाजार को इलाज के लिए सीएचसी हैंसर पहुंचाया। वहीं इसकी सूचना धनघटा पुलिस को दी।

# चाचा की हत्या करने वाले भतीजे को पुलिस ने भेजा जेल

- फावड़े के विवाद में चाकू से मारकर चाचा की हत्या की थी
- पुलिस ने राजघाट पुल के पास से भतीजे को किया गिरफ्तार

जासं, मेंहदावल, संतकबीर नगर : बेलहर पुलिस ने चाचा की हत्या के मामले के आरोपित भतीजे को रविवार को राजघाट पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया। बेलहर थाना क्षेत्र के बेलहर खुर्द गांव में बीते शनिवार को फावड़े के विवाद में भतीजे इश्तियाक पुत्र नसीर ने चाचा गरीबउल्लाह की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने मृतक गरीबउल्लाह की पत्नी ताजरा खातून की तहरीर पर आरोपित भतीजे इश्तियाक अहमद के विरुद्ध हत्या का मुकदमा पंजीकृत किया था। थानाध्यक्ष अमित कुशवाहा ने बताया कि रविवार को सुबह के समय आरोपित को राजघाट पुल के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।



हत्यारोपित इश्तियार को गिरफ्तार करके थाना लाई पुलिस • जागरण

**बेलहर खुर्द गांव में दूसरे दिन भी पसरा रहा सन्नाटा :** रिश्ते में हुए हत्या को लेकर बेलहरखुर्द गांव के लोगों को सकते में डाल दिया है। हर कोई इस घटना की चर्चा कर रहा है। मामूली विवाद के कारण इतनी बड़ी घटना सामने आई। रविवार को भी पूरे दिन गांव में सन्नाटा पसरा रहा। मृतक गरीबउल्लाह की पत्नी ताजरा खातून व उनके आठ बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताते चलें कि मृतक गरीबउल्लाह को प्रधानमंत्री आवास मिला था। प्रधानमंत्री आवास ऊपर बनवाने को लेकर पिछले एक सप्ताह से दोनों में अनबन थी। बीते शनिवार को फावड़े को लेकर विवाद हुआ। यह मामला हत्या में बदल जाएगा यह किसी ने सोचा नहीं था।

ADMI
EWS
B.
60,000/-
99844123

# कोर्ट के आदेश पर पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा

**जासं, संतकबीर नगर :** कोर्ट के आदेश पर कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने रविवार को पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच शुरू कर दी है। कोर्ट में दिए गए प्रार्थना पत्र में अहिरौली गांव की निवासी कौशिल्या ने उल्लेख किया है कि वह कुष्फर उर्फ उर्दहवा गांव में एक जमीन बैनामा ली है। उस जमीन की 31 मई 2022 को सीमांकन हुआ था। इसके बाद वह इस पर काबिज हो गई थी।

गांव के कुछ मनबढ़ इस पैमाइश को लेकर काफी आक्रोशित थे। इसी को लेकर बेलवनिया गांव निवासी विश्वनाथ, मुन्नीलाल, नन्दलाल, फूलचन्द, मूलचन्द्र ने 10 अक्टूबर 2022 को उन्हें जमीन से बेदखल कर दिया। जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। कोतवाली पुलिस को सूचना देने पर भी कोई कार्रवाई नहीं की।

# यातायात उप निरीक्षक ने लोगों में बांटा पंपलेट

संतकबीर नगर : उप निरीक्षक यातायात बृजेश यादव ने रविवार को खलीलाबाद शहर के विभिन्न चौराहों पर रविवार को वाहन चालक व आम जनमानस को सुरक्षित आवागमन के बारे में जानकारी दी। इसके नियमों के बारे में बताया। बाइक चालकों को हेलमेट लगाना, चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट पहनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नशे की हालत में वाहन न चलाने की बात कही। वाहनों को अधिक गति से न चलाने के लिए कहा। स्वीकृत से अधिक सवारियां न बैठाने व वैध ड्राइविंग लाइसेंस लेकर ही वाहन चलाने के लिए कहा। निर्धारित जगह पर ही वाहनों को खड़ा करने के लिए जागरूक किया। यातायात जागरूकता के लिए लोगों में पंपलेट वितरित किया। इस मौके पर यातायात पुलिस उप निरीक्षक भोला प्रसाद, हेड कांस्टेबल अजय राय, कांस्टेबल अजय कुमार पाण्डेय व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। (जासं)

# मनबढ़ों के विरुद्ध पुलिस ने की कार्रवाई



खलीलाबाद के दलेलगंज में मारपीट करते मनबढ़ ● जागरण

**जासं, संतकबीर नगर**: कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने मारपीट के मामले में रविवार को मनबढ़ों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली खलीलाबाद थाने में दी गई तहरीर में दलेलगंज गांव निवासी रमेश चौधरी ने उल्लेख किया है कि उनके घर पर दादी की मृत्यु हो गयी थी। वह ब्रह्मभोज के बाद बीते शनिवार को बहन को पहुंचाने के लिए उसके ससुराल चंगेरा-मंगेरा गांव गए थे। वहां से वह बाइक से वापस लौट रहे थे। उसी गांव के अमित शर्मा ने उनको फोन लगाया। चूंकि वह बाइक पर थे, इसलिए फोन नहीं उठा पाये। शाम के करीब पांच बजे वह गांव के चौराहे पर पहुंचे। शराब के नशे में धुत गांव के मनबढ़ अमित शर्मा व संतोष शर्मा ने उन्हें घेर लिया। उन्हें पीटने लगे। आसपास के लोगों ने किसी तरह उन्हें बचाया। इसके बाद वह बाइक से घर पहुंचे। इसके बाद ये दोनों एक अन्य सहयोगी सिकन्दर शर्मा को लेकर लाठी डंडे से लैस होकर उनके घर पर पहुंचे। उन्हें पीटने लगे। लोगों ने यूपी-112 को फोन किया। पुलिस के सामने ही ये मनबढ़ जान-माल की धमकी देने लगे। पुलिस के सख्त होने पर ये यहां से भागे। कोतवाली प्रभारी सर्वेश राय ने कहा कि इस मामले में मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# घुमंतू गिरोह की तलाश में छापेमारी

**जागरण संवाददाता, मेंहदावल, संतकबीर नगर:** ठंड की दस्तक के साथ ही घुमंतू गिरोह के सदस्यों का पता लगाने के लिए रविवार को मेंहदावल पुलिस ने जगह-जगह छापेमारी की। बाग बगीचे व सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर लोगों से वार्ता की। बाहर के लोग जो डेरा डालकर रहते हैं, बाग बगीचों में रहते हैं, उनके बारे में जानकारी जुटाई। कुछ लोगों को हटाया है।

मेंहदावल के थानाध्यक्ष रवींद्र कुमार सिंह टड़वरिया में स्थित बाग में पहुंचे। यहां पर एक आंगनबाड़ी केंद्र में चार लोग पहचान बदलकर निवास करते मिले। जिसमें राशिद, तौफीक, जोगी जीशान सहित अन्य लोगों को तत्काल जनपद से बाहर जाने का निर्देश दिया गया।

# वाहन चेकिंग, 97 हजार की राजस्व वसूली

संतकबीरनगर। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में रविवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना कागज के चल रहे 99 वाहन स्वामियों से 97 हजार रुपये समन शुल्क वसूल किया गया। एसपी सोनम कुमार ने बताया कि कोतवाली, बखिरा, धर्मसिंहवा, मेंहदावल, बेलहर, दुधारा, महुली, धनघटा और यातायात कर्मियों की ओर से अभियान चलाया गया है। बिना कागजात व हेलमेट के वाहन चला रहे 99 वाहन स्वामियों से 97 हजार रुपये की राजस्व वसूली की गई है। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चालक हेलमेट जरूर लगाएं। कार चालक सीट बेल्ट का प्रयोग करें। यह अभियान लगातार जारी रहेगा। संवाद

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। धनघटा पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को रविवार को गिरफ्तार किया। एसओ केडी सिंह ने बताया कि आरोपी शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म किया। विरोध करने पर अपशब्द कहते हुए मारपीट की। पीड़ित मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ छेड़खानी, दुष्कर्म, मारपीट, जानमाल की धमकी का केस दर्ज किया गया है। संवाद

## चाचा के हत्यारोपी भतीजे को भेजा गया जेल

संतकबीरनगर। बेलहर पुलिस ने रविवार को चाचा की हत्या करने के आरोपी भतीजे को न्यायालय के जरिए जेल भेज दिया।

एसओ अमित कुशवाहा ने बताया कि बेलहर खुर्द में गरीबुल्लाह और उसके भतीजे इश्तियाक अहमद को प्रधानमंत्री आवास मिला था। दोनों अपना आवास बनवा रहे थे। फावड़े को लेकर दोनों में कहासुनी हुई। इश्तियाक अहमद घर से चाकू लेकर बाहर निकला और चाचा गरीबुल्लाह पर हमला कर हत्या कर दी। इस मामले में पीड़ित पत्नी ताजरा खातून की तहरीर पर आरोपी भतीजे इश्तियाक पर हत्या का केस दर्ज किया गया था। संवाद



मेंहदावल बाईपास पर जागरुकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सीओ अंबरीष भदौरिया। संवाद

# यातायात नियमों की दी जाएगी जानकारी

**संतकबीरनगर।** यातायात जागरुकता के तहत रविवार को सीओ यातायात ने मेंहदावल बाईपास से सड़क सुरक्षा जागरुकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यातायात जागरुकता वाहन लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करेगी।

सीओ अंबरीश भदौरिया ने कहा कि जागरुकता वाहनों के माध्यम से आम जन मानस में यातायात नियमों के पालन संबंधी जागरुकता फैलाई जाएगी। जैसे सीट बेल्ट, हेलमेट पहनना, ओवर स्पीडिंग न करना, वाहन चलाते हुए मोबाइल फोन, ईयर फोन का प्रयोग नहीं करना, नशे की हालत में वाहन न चलाने आदि के संबंध में जागरूक किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जनपद में यातायात माह के दृष्टिगत सड़क दुर्घटनाओं को कम करने तथा लोगों के लिए सुरक्षित यातायात को सुगम बनाने के लिए जगह-जगह यातायात जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस तरह के जागरुकता कार्यक्रमों को आगे भी जारी रखा जाएगा। इस दौरान प्रभारी यातायात बृजेश यादव, एसआई भोला प्रसाद, हेड कांस्टेबल अजय राय आदि लोग मौजूद रहे। संवाद

# बाप-बेटे समेत तीन पर केस दर्ज

धनघटा। महुली कस्बे में रविवार को एक युवक को गांव के कुछ लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में पुलिस ने बाप-बेटे समेत तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित मां सरोज देवी पत्नी लालजी का आरोप है कि बेटा अजय रविवार सुबह नित्यक्रिया के लिए जा रहा था। उसी दौरान मोहल्ले के सोनू, मोनू और मोती हांसिया लेकर दौड़ा लिया। आरोप है कि लोग उसके बेटे को मारने पीटने लगे। पिटाई से बेटे को गंभीर चोट आई हैं। संवाद

# दो सगे भाइयों समेत पांच पर मुकदमा दर्ज

**संतकबीरनगर।** कोर्ट के आदेश पर रविवार को कोतवाली पुलिस ने बेलवनिया निवासी दो सगे भाइयों समेत पांच लोगों पर एससीएसटी एक्ट का केस दर्ज किया।

अहिरौली निवासी कौशिल्या पत्नी अंबिका प्रसाद का आरोप है कि उसने कुस्फर उर्फ उरदहवा में जमीन का बैनामा लिया है। उसका नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज हो गया है।

उसके आवेदन पर राजस्व कर्मियों ने 31 मई 2022 को जमीन को चिह्नित कर दिया।

आरोप है कि बेलनिया निवासी विश्वनाथ, मुन्नी लाल, नंदलाल, फूलचंद्र, मूलचंद्र उसके जमीन के चिह्नित होने से नाराज हो गए। दस अक्तूबर को उक्त लोग लाठी, डंडे के साथ उसकी जमीन पर पहुंच गए और उसकी जमीन पर कब्जा कर लिया।

आरोप है कि लोग उसे जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए जानमाल की धमकी दी। संवाद

# महिला की पिटाई के आरोप में तीन पर केस

बखिरा। तीन दिन पहले कोपिया में रंजिश की वजह से महिला की पिटाई के मामले में रविवार को पुलिस ने दो सगे भाइयों समेत तीन पर केस दर्ज किया।

पीड़ित उर्मिला गिरी पत्नी चंद्र भूषण का आरोप है कि 17 नवंबर की सुबह करीब आठ बजे पुरानी रंजिश में गांव केमहेश अपने भाई व बेटी के साथ उसे अपशब्द कहा। विरोध करने प उसे लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग जुट गए। भीड़ जुटने पर विपक्षी धमकी देते हुए भाग गए।

एसओ ने बताया कि आरोपी महेश, उमेश व काजल पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। संवाद

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-11-2022

# चोरी के मामले में दो को किया गिरफ्तार

मसकनवा (गोंडा)। चाय की दुकान से चोरी किए गए गैस सिलिंडर व नकदी के साथ छपिया पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार किया है। कस्बे के छपिया-बभनान मार्ग पर मसकनवा पुलिस चौकी के निकट चाय की दुकान कर रहे लालजी गुप्ता ने बताया कि शनिवार रात दुकान बंद करके अपने घर सोने चला गया था।

रविवार सुबह दुकान आने पर दरवाजा टूटा मिला तथा दुकान में रखे दो सिलिंडर व गल्ले में रखी नकदी गायब मिली। पीड़ित ने घटना की सूचना मसकनवा पुलिस चौकी पर दी। चौकी प्रभारी मसकनवा बृजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि मसकनवा गांव के निकट रेलवे अंडरपास के पास दो लोगों को चोरी किए गए दो सिलिंडर व नकदी के साथ गिरफ्तार किया गया है। बताया कि इनकी पहचान राजेश गुप्ता निवासी खालेगांव व कलीम कुरैशी निवासी रानीजोत के रुप में हुई है। संवाद

# चोरी के सामान सहित दो गिरफ्तार

छपिया। मसकनवा-बभनान मार्ग पर पुलिस चौकी के निकट चाय की दुकान की पीछे का दरवाजा तोड़कर चोर रसोई गैस सिलेंडर व गल्ले में रखी रेजगारी चुरा ले गए थे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने इस मामले में दो युवकों को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया है।

कस्बे के लालजी ने बताया कि शनिवार को रात दस बजे वह दुकान बंद करके घर पर सोने चला गया था। सुबह पहुंचने पर पीछे का दरवाजा टूटा मिला। इस पर उसने मसकनवा चौकी पुलिस को सूचना दी।

चौकी प्रभारी ने बताया कि राजेश गुप्ता निवासी खालेगांव व कलीम कुरैशी निवासी रानीजोत को पकड़ा गया है।

# अभियान: विभिन्न मामलों में कुल 61 लोग गिरफ्तार

गोण्डा, संवाददाता। एसपी के निर्देश पर जिलेभर में रविवार को चलाए गए अभियान में 61 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

अभियान के तहत पुलिस ने कुल 61 आरोपियों को विभिन्न मामलों में गिरफ्तार किया हैं। जिसमें एनबीडब्ल्यू में 33 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया हैं। जिसमें थाना परसपुर से सात, थाना मनकापुर से छह, थाना खोड़ारे से पांच, थाना करनैलगंज से तीन, थाना कोतवाली देहात से दो, थाना खरगूपुर से एक, थाना छपिया से एक, थाना धानेपुर से दो, थाना तरगबजं से एक, थाना नवाबगंज से एक, थाना वजीरगंज से एक, थाना उमरीबेगमगंज से एक, थाना कौडिया से दो वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है। पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर 130 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है। वहीं शान्ति भंग की आशंका में 17 व्यक्तियों का चालान किया गया है। धानेपुर संवाददाता के मुताबिक थाना पुलिस ने दो वारंटियों समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर चालान भेजा है। सीरबनकट के रहने वाले राम बक्श सोनकर व सुक्खापुरवा के धर्म राज पासवान का न्यायालय की ओर से वारंट जारी किया गया था। वहीं अहिरनपुरवा के राम कुमार को शांति भंग में चालान किया है।

# पुलिस पिकेट ड्यूटी से लोगों को राहत

खोड़ारे। खोड़ारे थाना क्षेत्र के केशव नगर ग्रंट पश्चिमी के कैदराबाद चौराहा ,बलुआ चौराहा व हर्रैया घाट अवैध कारोबारियों का गढ़ बन चुका था। कैदराबाद व हर्रैया घाट चौराहा के बीच शाम 4 :00 बजे से रात 10 :00 बजे के बीच दो पुलिस कर्मियों की तैनाती कर दी गई। इससे चोरी और अवैध शराब के धंधे पर काफी हद तक अंकुश लगा है। थाना प्रभारी सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि नहीं होने दी जाएगी।

# करनैलगंज थाने का सिपाही दबोचा

## महिला सिपाही का नंबर अश्लील ग्रुप पर डाला था, एसपी के निर्देश पर कार्रवाई

**शर्मनाक**

- आरोपी सिपाही ने फेक आईडी बनाकर अश्लील ग्रुप से जोड़ा था
- शिकायत करने पर दी थी महिला सिपाही को जान से मारने की धमकी

करनैलगंज, संवाददाता। महिला सिपाही के मोबाइल नंबर से फेक आईडी बनाकर अश्लील ग्रुप से जोड़ने के आरोपी सिपाही को रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। शिकायत करने पर उसने महिला सिपाही को जान से मारने की धमकी दी थी। एसपी के निर्देश पर महिला सिपाही की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करके यह कार्रवाई की गई है।

महिला सिपाही ने एसपी से शिकायत की थी कि कई दिनों से उसके मोबाइल फोन पर अज्ञात लोग अश्लील शब्दों का प्रयोग करते हुए कॉल कर रहे हैं। जब उसने एक व्यक्ति से पूछताछ की तो पता चला कि फेसबुक पर मनीषा नामक ग्रुप पर दीपिका कश्यप नाम की आईडी पर उसका मोबाइल नंबर पड़ा है। जिसके बाद उसने अपना फोन बंद करके दूसरा नंबर ले लिया। लेकिन कुछ दिन बाद दूसरे नंबर पर भी अश्लील कॉल आने लगी। जिसकी जानकारी होने पर उसने फेसबुक पर देखा तो पता चला कि एक अश्लील ग्रुप पर अंशिका यादव व सलोनी पांडया नाम की आईडी व उसका नम्बर डाला गया था। इससे आहत महिला पुलिसकर्मी ने एसपी से शिकायत की। एसपी के निर्देश पर साइबर सेल की जांच में पता चला कि फेक आईडी करनैलगंज थाने में नियुक्त सिपाही रविंद्र रावत ने बनाकर महिला सिपाही का फोन नंबर डाला है। यही नहीं, शुक्रवार की रात जब वह अपने रूम पर जा रही थी तब रविंद्र ने रास्ते में रोककर शिकायत वापस न लेने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस उपाधीक्षक विनय सिंह ने बताया कि महिला सिपाही की तहरीर पर आरोपी रविंद्र रावत के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार सिपाही को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया है।

## नहाते समय युवती का अश्लील वीडियो बनाया

मोतीगंज। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने अपने ही गांव के दो युवकों के खिलाफ शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित महिला का आरोप है कि रविवार की सुबह सात बजे मेरी बेटी स्नान कर रही थी। इसकी दौरान दो युवक स्नान करते समय वीडियो बना लिया और कहा कि अब इसे वायरल कर देंगे। पीड़ित महिला ने बताया कि आए दिन दोनों युवक अक्सर अभद्रता करते हैं। विरोध करने करने पर जान से मारने की धमकी भी देते हैं। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है, मामले की जांच करवाकर कार्रवाई की जाएगी।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। थाना करनैलगंज पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाकर दुष्कर्म करने के आरोपी शुभम गोस्वामी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि करनैलगंज क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिक लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म किया था।

# सड़क पर टैक्सी खड़ी करने पर होगी कार्रवाई

रगड़गंज। थाना तरबगंज के रगड़गंज चौकी प्रभारी कामेश्वर राय ने रविवार को चौकी पर टैक्सी संचालकों की बैठक की। उन्होंने कहा बाजार में कोई भी टैक्सी संचालक सवारी नही भरेगा। यदि कोई रोक के बावजूद नही मानेगा तो कार्यवाही होगी। रगड़गंज चौकी पर व्यापारियों ने जाम लगने का मुद्दा उठाया था उनका कहना था कि इससे खरीदारी करने वालों को काफी दिक्कत होती है।

# पुलिस चौकी के सामने से बाइक चोरी

गोण्डा। शहर में गुरुनानक पुलिस चौकी के सामने एक बाइक एजेंसी पर आए युवक की बाइक चोरी हो गई। बाइक चोर एजेंसी के सीसीटीवी फुटेज में कैद हुआ है। पीड़ित श्यामधन वर्मा निवासी पण्डरी बल्लभ ने इस सम्बन्ध में नगर कोतवाली में तहरीर दी है। पीड़ित ने बताया कि वह किसी काम से एजेंसी पर आए थे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# विवादों से घिरे दरोगा अमर सिंह लाइन हाजिर

करनैलगंज। कोतवाली करनैलगंज में तैनात उपनिरीक्षक अमर सिंह कई महीने से कई आरोपों व विरोध होने के चलते विवादित बने रहे। पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने तत्काल प्रभाव से उन्हें हटाकर पुलिस लाइन भेज दिया है। वहीं करनैलगंज में उप निरीक्षक धीतेन्द्र सिंह को तैनाती दी गई है। कोतवाली करनैलगंज में तैनात रहे उपनिरीक्षक अमर सिंह पर कई गंभीर आरोप लगे थे।

# बालिकाओं को किया गया जागरूक

वजीरगंज। मिशन शक्ति अभियान के तहत रविवार को थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भगोहर, धनेश्वरपुर, वजीरगंज व बालेश्वर गंज में महिलाओं को बताया गया कि किस तरह से अपनी सुरक्षा करनी है। जरूरत पड़ने पर हेल्पलाइन नंबर पर बात कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। एसओ चन्द्र प्रताप सिंह ने भी महिलाओं को सुरक्षा संबंधित कई सुझाव दिए। प्रियंका मिश्रा, अनीता सोनकर, रितु कुमारी, दीप्ति आनंद जागरूकता अभियान में मौजूद रहीं।

# महिला की पिटाई मामले में मुकदमा

**संसू, हलधरमऊ (गोंडा):** महिला के साथ मारपीट व जानमाल की धमकी देने के मामले में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा किया गया है।

पीड़िता ने कर्नलगंज कोतवाली में कराई गई एफआइआर में कहा है कि वह अपने दरवाजे पर बैठी थी। पैसे के लेनदेने को लेकर मो. गुलजार अपने साथी के साथ आ गए और अभद्रता करने लगे। मोबाइल छीन कर तोड़ दिया और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस चौकी पर तहरीर देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रभारी निरीक्षक कर्नलगंज सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि दो लोगों के खिलाफ मुकदमा किया गया है।

# दहेज उत्पीड़न में पति समेत तीन पर मुकदमा

**संसू, मनकापुर ( गोंडा )** : दहेज उत्पीड़न में महिला की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत तीन पर मुकदमा किया है।

ग्राम ऐलनपुर के रानू यादव ने पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि उसकी शादी वर्ष 2013 में मिर्जापुर रामनाथ गांव के धर्मेंद्र उर्फ चेतन यादव से हुई थी। शादी के बाद उसका पति दहेज की मांग करने लगे। दहेज न मिलने पर ससुराल वालों ने प्रताड़ित किया और मारपीट करके घर से भगा दिया। आरोप है उसके पति ने दूसरी लड़की से शादी कर ली है।

इसकी जानकारी मिलने पर वह पिता के साथ ससुराल गई जहां सास किशना देवी, ससुर विशुन देव यादव व पति धर्मेंद्र ने अभद्रता की। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने कहा कि दहेज उत्पीड़न का मुकदमा किया गया है।

# मारपीट में दो घायल, नौ लोगों पर मुकदमा

**संवादसूत्र, बेलसर (गोंडा) :** तीन गांवों में हुई मारपीट में दो लोग घायल हो गए । पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा किया है।

तरबगंज थाने के डिड़सिया कला के बादलपुर निवासी धिराजी ने दी गई तहरीर में कहा कि वह अपनी जमीन पर दीवार उठा रही थीं। गांव के ही दबंगों ने दीवार तोड़ दी है। मना करने पर मारा-पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पिपरी रोहुवा के पवन कुमार ने तहरीर देकर कहा कि उनके बाबा दीनानाथ की विशुनपुर में जमीन है। मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इसके बावजूद गांव के ही दबंग जमीन जोत रहे थे। मना करने पर गाली गलौज की। मारने पीटने के लिए दौड़ा लिए। जान से मारने की धमकी भी दी है। बरसाना निवासी सोमनाथ ने जमीन विवाद में गांव के ही दबंगों पर मारने पीटने का आरोप लगाया। बचाने दौड़े पिता कामता को चोटें आई हैं।

## उप निरीक्षक लाइन हाजिर

**कर्नलगंज:** कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक अमर सिंह को पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने लाइन हाजिर कर दिया है। उपनिरीक्षक पर बीते दिनों एक महिला ने जमीन पर कब्जा कराने का आरोप लगाया था।( संसू)

## पुलिस को दी तहरीर

**नवाबगंज :** कस्बा के चाईटोला के नूर आलम ने पुलिस को तहरीर दी है। इसमें कहा कि कटी तिराहा वाहन का बकाया रुपये मांगने गया। दबंगों ने लाठी-डंडे से मारापीटा। बीच बचाव कराने गई उसकी बहन शरीना से भी मारपीट की। प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार द्विवेदी ने कहा कि आरोपितों पर मुकदमा किया गया है।( संसू)

## कलाकार का सम्मान

**वजीरगंज :** शांति फाउंडेशन ने कलाकार नफीस अहमद को सम्मानित किया है। अध्यक्ष पिंकी देवी ने कहा कि नफीस ने कला से पहचान बनाई है। कोषाध्यक्ष रमेश आनंद, संजय कुमार मौजूद रहे।( संसू)

# लोकसेवक पर हमले के मामले में वारंटी गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

तरबगंज (गोंडा)। लोकसेवक पर ड्यूटी के दौरान हमला करने के मामले में फरार वारंटी को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायालय में पेश किया। इसके बाद जेल भेज दिया गया।

देहात कोतवाली क्षेत्र के बनघुसरा निवासी सरोज पांडेय के खिलाफ लोकसेवक पर हमले के मामले में वारंट जारी था। आरोपी के खिलाफ तीन साल पहले देहात कोतवाली में हमले के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। मगर वह तरबगंज के धौरहरा घाट रतोहिया में ससुराल में नवासे पर रह रहा था।

प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, इसके बाद जेलभेज दिया गया है।

## कई मामलों में वांछित छह वारंटी गिरफ्तार

मनकापुर (गोंडा)। पुलिस ने विभिन्न मामलों में 6 वारंटियों को उनके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। रविवार को पुलिस की टीम ने जिलाजीत निवासी गुनौरा, रामकरण वर्मा, राम बहादुर वर्मा, राम लखन वर्मा निवासी मूरदहिया उपाध्यायपुर ग्रंट, मकसूद निवासी ग्राम फिरोजपुर, सुरेंद्र निवासी ग्राम जिगना मजरा नकछेद पुरवा मनकापुर को उनके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। इसके बाद जेल भेज दिया। (संवाद)

# पति समेत तीन पर दहेज उत्पीड़न का केस

मनकापुर (गोंडा)। दहेज की मांग पूरा न कर पाने पर ससुराली जनों ने महिला को घर से भगा दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित तीन लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

क्षेत्र के ग्राम ऐलनपुर निवासिनी रानू यादव पुत्री राजेंद्र यादव ने कोतवाली मनकापुर में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसकी शादी वर्ष 2013 में धर्मेंद्र उर्फ चेतन यादव निवासी ग्राम मिर्जापुर रामनाथ से हुई थी। आरोप है कि पति अतिरिक्त दहेज की मांग करते रहे, लेकिन वह अपनी गरीबी की दुहाई देती रही। पिता दहेज की मांग पूरी नहीं कर सके तो ससुराल वालों ने मारपीट कर उसे घर से भगा दिया। रानू का आरोप है कि पति ने बिना तलाक दिए दूसरी शादी कर ली है।

18 नवंबर को पिता के साथ ससुराल गई तो सास किशना देवी, ससुर विशुन देव यादव व पति धर्मेंद्र ने अभद्रता कर धमकी देकर भगा दिया है। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 21-11-2022

# बस की टक्कर से पांच लोग घायल, कई वाहन क्षतिग्रस्त

उतरौला, संवाददाता। उतरौला से गोंडा जा रही परिवहन निगम बस की ठोकर से अलग-अलग स्थानों पर पांच लोग घायल हुए हैं। बस की चपेट में आकर कई अन्य वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। घायलों को उतरौला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना उतरौला मनकापुर मार्ग स्थित पेसर रेड़वलिया के पास रविवार सुबह नौ बजे हुई है। पुलिस ने बस चालक को हिरासत में ले लिया है।

उतरौला से चलकर मनकापुर की ओर जा रही तेज रफ्तार परिवहन निगम के बस चालक ने नियंत्रण खो दिया। पेसर रेड़वलिया के निकट पूनम पुत्री जयकरण को टक्कर मार दी। भागने के प्रयास में राम मिलन संपत, गंगाराम पुत्र नागेश्वर, इजहार पुत्र अनवर व रीना पत्नी राजकुमार को भी ठोकर मारी। सभी लोग घायल हो गए। पेहर बाजार में भगदड़ मच गई। घायलों को उतरौला सीएचसी पहुंचाया गया। बस ने सड़क पर घूम रहे एक मवेशी को भी रौंद दिया। मवेशी के दोनों पैर टूट गए हैं। एक पिकअप व दों डीसीएम को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। दुर्घटना में रोडवेज की बस भी क्षतिग्रस्त हो गई है। चालक बस रोककर भागने लगा तो उसे ग्रामीणों ने पकड़ लिया। उतरौला के सीईओ उदय राज सिंह ने बताया कि चालक को हिरासत में ले लिया गया है। सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर है।

# निर्माण कार्य रुकवाने पर एसडीएम से लगाई गुहार

**उतरौला, संवाददाता।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पालापुर के ग्रामीण ने जमीन पर जबरन निर्माण कार्य रोके जाने की शिकायत एसडीएम उतरौला से की है। पालापुर निवासी मोहम्मद ने बताया कि उसकी जमीन उतरौला तहसील के पालापुर में है, जो अभिलेखों में दर्ज है। जिसपर जब वह निर्माण करवाता है तो विपक्षी उसका निर्माण कार्य रोकवा देते हैं। पीड़ित ने बताया कि कई बार प्रार्थना पत्र देने के बाद भी विपक्षी अपने हरकत से बाज नहीं आ रहे हैं। बताया कि स्थानीय स्तर पर सुनवाई न होने पर वह न्याय के लिए गुहार लगायेगा। एसडीएम उतरौला संतोष कुमार ओझा ने प्रभारी निरीक्षक उतरौला व राजस्व निरीक्षक को जांच कराकर अनावश्यक हस्तक्षेप रोकवाने का निर्देश दिया है।

# वाहनों के चालान काटने पर भड़के व्यापारी

तुलसीपुर,। आदर्श नगर पंचायत तुलसीपुर में रविवार को कस्बा प्रभारी उपेंद्र यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नगर के भीड़-भाड़ वाले मुख्य मार्ग पर दो पहिया वाहनों का जांच अभियान चलाया। जिसमें कई वाहनों के चालान किए जाने से ग्राहकों व व्यापारियों में हड़कंप मच गया।

नई बाजार स्थित श्रीराम जानकी मंदिर सभागार में व्यापार मंडल कोर कमेटी की बैठक हुई। जिसमें पुलिसिया उत्पीड़न की घोर निंदा करते हुए पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना को इसकी जानकारी दी गई। व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने कहा कि पारदर्शी रवैया अपनाने की जरूरत है। बाज़ार में दोपहिया वाहनों का चालान न किया जाए। इस प्रकार की कार्रवाई से ग्राहकों में भय व्याप्त रहता है। व्यापारियों ने पुलिस के इस मनमानी कार्रवाई की घोर निंदा की है। साथ ही मुख्य बाजार में वाहनों की चेकिंग व अवैध चालान काटने पर प्रतिबंध लगाने की मांग एसपी से की है। बैठक में अध्यक्ष राम जी आर्य, महामंत्री रूप चन्द्र गुप्ता, नगर प्रभारी श्याम बिहारी [illegible] गुप्ता, राम गोपाल आदि मौजूद रहे।

# दुष्कर्म का अरोपी गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना कोतवाली देहात पुलिस ने दुष्कर्म व पास्को के अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक राज कुमार सरोज ने बताया कि दुष्कर्म के मामले में गनवरिया थाना हरैया निवासी रिंकू पथरकट पुत्र किशोरी न्यायालय से वांछित चल रहे थे। बताया कि मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार, कांस्टेबल रणविजय सिंह, पुष्पेंद्र कुमार व अंबरीश पांडेय ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

# एक आरोपित गिरफ्तार

**हरैया सतघरवा :** पुलिस ने 700 ग्राम्म गांजा के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुम्मार तिवारी ने बताया कि अभियुक्त राम्मकरन पासवान निवासी मुरिहवा चेकिंग के दौरान म्महराजगंज तराई मार्ग पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।( संसू)

# समस्याओं का निस्तारण न होने पर होगा आंदोलन

**संवादसूत्र, उतरौला (बलरामपुर) :** लोकतंत्र सेनानी चौधरी इरशाद अहमद गद्दी ने अपर जिलाधिकारी न्यायिक डा. ज्योति गौतम को चार सूत्री ज्ञापन देकर समस्याओं के निस्तारण की मांग की। कहा कि आदर्श नगर पालिका उतरौला के अधिकतर वाटर कूलर में पानी नहीं रहता है। यात्रियों, राहगीरों व आमजन को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस बूथ के बगल में लगे वाटर कूलर के सामने व अगल-बगल अतिक्रमण होने से कोई भी व्यक्ति पानी नहीं पी पाता है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे पर सुलभ शौचालय ना होने से महिलाओं, यात्रियों, राहगीरों व दुकानदारों को काफी परेशानी हो रही है। पीडब्ल्यूडी व वन विभाग कार्यालय के पास रखवाए गए मोबाइल बायो टायलेट को वहां से हटा दिया गया है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। समस्याओं का शीघ्र निस्तारण न होने पर आंदोलन किया जाएगा।

# ईएमटी ने एंबुलेंस में कराया प्रसव

**उतरौला (बलरामपुर)।** स्थानीय क्षेत्र के जाफराबाद गांव निवासी असलम की पत्नी नूरजहां (24) को रविवार सुबह अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हुई। परिजन 102 एंबुलेंस बुलाकर उसे अस्पताल ले जाने लगे। रास्ते में नूरजहां की प्रसव पीड़ा बढ़ने पर ईएमटी राजेश कुमार सिंह ने सड़क किनारे एंबुलेंस रुकवाई। उसने चालक पवन कुमार सिंह के साथ मिलकर एंबुलेंस में ही नूरजहां का सुरक्षित प्रसव कराया। इसके बाद जच्चा-बच्चा को उतरौला सीएचसी में भर्ती कराया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. चंद्रप्रकाश ने कहा ईएमटी ने एंबुलेंस में प्रसव कराकर सराहनीय कार्य किया है। जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। (संवाद)

# चार पारिवारिक विवादों का निस्तारण

**बलरामपुर।** एसपी कार्यालय के परिवार परामर्श केंद्र में रविवार को पारिवारिक विवादों में दोनों पक्षों की काउंसिलिंग की गई। परामर्शदाताओं ने ने चार दंपतियों को समझाकर उनके गिले-शिकवे दूर कराए। चारों दंपती साथ रहने को तैयार हो गए। (संवाद)

# सोहेलवा जंगल में हरे पेड़ों पर चल रहा आरा

संवाद न्यूज एजेंसी

## बिना परमिट के ही धड़ल्ले से पेड़ कटवा रहे वन माफिया

**हरैया सतघरवा (बलरामपुर)।** सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग के बनकटवा तथा बरहवा रेंज क्षेत्र में बिना परमिट के ही हरे पेड़ों की अंधाधुंध कटान की जा रही है। मगर वन विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। शिकायत के बावजूद वन माफिया के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

जिले की नेपाल सीमा पर 452 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल के सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग के विनाश का सिलसिला बदस्तूर जारी है। हरे पेड़ों की अवैध कटान के अलावा आसपास के गांवों के लोग प्रतिदिन जलौनी के नाम पर सैकड़ों क्विंटल जंगली लकड़ी काटकर बेचते हैं।

सुबह जंगल से निकलने वाले किसी भी रास्ते पर लोगों को खुलेआम जलौनी लकड़ी लेकर जाते हुए देखा जा सकता है।

वन विभाग द्वारा कार्रवाई के नाम पर यदाकदा एक-दो लोगों को पकड़कर साइकिल व लकड़ी जब्त कर ली जाती है। जलौनी के नाम पर समृद्ध वन क्षेत्र को तेजी से खोखला किया जा रहा है।

क्षेत्र के जागरूक लोगों ने कई बार मामले की शिकायत विभागीय उच्चाधिकारियों से की मगर जलौनी का कारोबार बदस्तूर जारी है।

क्षेत्रवासी स्वामीनाथ वर्मा, सुभाष चंद्र, मनीराम, लालता प्रसाद, राजाराम आदि का कहना है कि सोहेलवा वन क्षेत्र में वन माफिया काफी सक्रिय हैं। हरे पेड़ों की कटान करने के लिए किसी की इजाजत नहीं लेते।



सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग के बनकटवा रेंज में काटा जा रहा हरा पेड़। संवाद

बीते दिनों हरे पेड़ों की कटान कर रहे लोगों ने बताया कि पेड़ कटवाने का परमिट बनवाने में काफी पैसे खर्च होते हैं इसलिए कुछ पेड़ों के परमिट पर कई पेड़ काट लिए जाते हैं।

इतना ही नहीं परमिट किसी और स्थान का होता है और पेड़ कहीं और काट लिए जाते हैं। वन विभाग सब कुछ जानते हुए भी मूकदर्शक बना हुआ है। इन लोगों ने डीएम को पत्र भेजकर क्षेत्र में अवैध कटान पर अंकुश लगाए जाने की मांग की है।

> “ सोहेलवा जंगल में वनकर्मियों की टीमें लगातार गश्त करती हैं। पेड़ों की अवैध कटान करने वालों को पकड़कर कार्रवाई भी की जाती है। अवैध कटान करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई को सुनिश्चित की जाएगी। - **सेम्मारन एम,** डीएफओ

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 21-11-2022

# पोस्टमार्टम में खुलासा, दम घुटने से डॉल्फिन की मौत

**फालोअप**

- पानी की कमी से दलदल में फंसी डॉल्फिन, तेज पानी आने से गेट में फंसी
- पांच चिकित्सकों के पैनल किया पोस्टमार्टम, टीम की मौजूदगी में शव जला दिया

**बहराइच, संवाददाता।** घाघरा बैराज के गेट नंबर तीन पास बरामद डॉल्फिन के शव का रविवार को पांच चिकित्सकीय दल ने कतर्नियां रेंज कार्यालय पर पोस्टमार्टम किया। मौत की वजह कम पानी से डॉल्फिन दलदल में फंसी रही। अचानक बैरोज में पानी छोड़े जाने से तेज बहाव में गेट में फंसने से उसकी हार्ट अटैक से मौत की वजह सामने आई है। बावजूद विसरा को संरक्षित कर प्रयोगशाला जांच के लिए भेजा गया है।

कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के सदर बीट से होकर घाघरा बैराज निकल रही है। शनिवार को शाम करीब पांच बजे बैराज के गेट नंबर तीन के पास डॉल्फिन का शव राहगीरों ने देखा था। सूचना डीएफओ को मिली। रेंजर की नेतृत्व में पहुंची टीम ने रेस्क्यू कर शव को कतर्नियां रेंज कार्यालय पर फ्रीजर में रखा गया था। सुबह पांच सदस्यीय चिकित्सकों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। जांच में शिकार करने व अन्य कारण सामने नहीं आए। बल्कि पानी कम होने से डॉल्फिन दलदल में फंसी रही। अचानक पानी का बहाव बढ़ गया। इससे हार्ट अटैक होने से मौत हुई है। सघन परीक्षण के बाद शव को अधिकारियों के समक्ष जला दिया गया है। रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजा गया है।

**जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया विसराः** पोस्टमार्टम के बावजूद डॉल्फिन का विसरा भारतीय पशु अनुसंधान केंद्र बरेली भेजा गया है।

## बिना पूर्व सूचना एक साथ खोले गए सभी गेट

बहराइच। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग से होकर घाघरा बैराज, कौड़ियाला व गेरुआ नदी बह रही हैं। कई दिनों से नदियों में पानी कम रहा। दो दिन पहले सिंचाई विभाग की ओर से अचानक बैराज के सभी गेट खोल दिए गए। इससे सभी नदियों में पानी ज्यादा पहुंच गया। पानी खोलने से पहले सूचना वन विभाग को नहीं दी गई। इसकी भी शिकायत डीएफओ ने उच्चाधिकारियों से की है।

## फोरेंसिक एक्सपर्ट तक पोस्टमार्टम टीम रहे शामिल

शेडयूल वन श्रेणी के प्राणी होने के चलते राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण के मानकों के तहत डॉल्फिन का पोस्टमार्टम किया गया है। इनमें वर्ड वाइल्ड इंस्टीटयूट ऑफ इंडिया से डॉ विनीत सिंह, फोरेंसिक एक्सपर्ट डॉ स्वाती माले, टर्टल सर्वाइवल एलाइंस के डॉ सिद्धछेड़ा, पशु चिकित्सक डॉ दीपक वर्मा व डॉ भार्गव शामिल रहे।

> पांच चिकित्सकों की टीम ने डॉल्फिन के शव का पोस्टमार्टम किया है। अचानक पानी ज्यादा आ जाने से हार्ट अटैक आया है। विसरा जांच के लिए भेजा गया है। **आकाशदीप बधावन**, डीएफओ, बहराइच

अधिकारियों का कहना है कि सभी बिंदुओं की जांच को लेकर यह कदम उठाया गया है।

**शेड्यूल वन जलीय जीव है डॉल्फिनः** 11 दिनों के अंदर दो डॉल्फिन की मौत से जलीय जीव प्रेमियों को ही धक्का नहीं लगा है बल्कि वन विभाग भी सकते में है। शेडयूल एक श्रेणी के जीव की सुरक्षा को लेकर कई कदम उठाए गए हैं।

# दलाल ने किया नवजात का अपहरण

## इलाज का झांसा देकर **वारदात** पुलिस की सक्रियता से बच्चे की हुई सकुशल बरामदगी

**जासं, बहराइच :** जिला अस्पताल के आसपास व अस्पताल परिसर में दर्जनों की संख्या में महिला व पुरुष दलाल मंडरा रहे हैं। मरीजों का उपचार कराने का झांसा देकर उन्हें निजी नर्सिंग होम पहुंचाने का काम किया जा रहा है। रविवार को नवजात का उपचार कराने आई महिला के बच्चे का दलाल ने अपहरण कर लिया। घटना के बाद अलर्ट हुई पुलिस ने चंद घंटों में ही नवजात को सकुशल बरामद कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

कोतवाली नानपारा इलाके के इटहा से अपने ससुर हनुमान के साथ नवजात बच्चे का इलाज कराने आई



अस्पताल चौराहा के निकट नवजात के गायब होने के बाद रोती मां कामनी ● जागरण

कामिनी अस्पताल चौराहा पहुंची। यहां एक चिकित्सक को दिखाने के लिए वह उनके घर के पास पहुंची थी, तभी खैरीघाट निवासी एक व्यक्ति ने उसे रोक लिया। बच्चे का अस्पताल के सामने गली स्थित एक निजी नर्सिंग होम में जबरन भर्ती कराने का दबाव बनाने लगा। महिला ने उसे मना कर दिया। इसके बावजूद वह उसके आगे-पीछे लगा रहा। चिकित्सक के घर के बाहर महिला बच्चे के साथ मौजूद थी, तभी मौका पाकर दलाल बच्चे को लेकर फरार हो गया। नवजात के गायब होने पर मां का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। घटना को गंभीरता से लेकर जिले की पुलिस को अलर्ट कर दिया गया। वहीं आरोपित युवक बच्चे को टेंपो से गोंडा की ओर ले जा रहा था। साथ बैठे लोगों को जब शक हुआ तो उन्होंने पूछताछ की और चिलवरिया चौकी पर सूचना दी। पुलिस ने जब बच्चे के साथ आरोपित को टेंपो से नीचे उतारकर सख्ती से पूछताछ की तो मामले का राजफाश हुआ और अपहृत बच्चा सकुशल बरामद हुआ। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। वहीं लोग आशंका जता रहे हैं कि नवजात को ले जा रहा व्यक्ति मानव तस्कर गिरोह से भी जुड़ा हो सकता है, जो निजी नर्सिंग होम के दलाली की आड़ में इस काम को अंजाम दे रहा हो। फिलहाल पुलिस आरोपित का नाम खोलने से किनारा कस रही है। शायद उसे इस मामले में बड़ी कामयाबी मिलने की उम्मीद है।

# 'बाल अधिकारों के लेकर सजग हों समाज के लोग'

**जासं, बहराइच** : बच्चों को भोजन, पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए अंतरराष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस मनाया गया। समाज के लोगों को बाल अधिकारों को लेकर सजग रहना पड़ेगा। संस्था प्रथम और चाइल्ड लाइन ने रविवार को बाल अधिकारों के लिए जागरूकता कार्यक्रम किए।

अंतरराष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस पर रोडवेज बस अड्डे पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में संस्था प्रथम की रेखा तिवारी ने उपस्थित लोगों को बाल अधिकारों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हम सभी को बाल अधिकारों के प्रति सजग रहना होगा। ध्यान रखना होगा कि उनके अधिकारों का हनन न होने पाए। यदि कहीं इस तरह की जानकारी मिलती है तो तत्काल प्रशासन या 1098 पर इसकी सूचना दें। इसके बाद यहां हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

चाइल्ड लाइन संस्था के शहर समन्वयक अश्विनी सिंह ने बताया कि 20 नवंबर 1989 को बच्चों के हितों को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय बाल अधिकार परिषद पारित किया गया।

# आटोलिफ्टर गिरोह दबोचा, चार बाइकें बरामद

## तमंचा और कारतूस भी बरामद, बाइकों को नेपाल भेजने की थी तैयारी

**जासं, बहराइच** : शहर में लगातार हो रहीं बाइक चोरी की वारदातों ने पुलिस की नींद उड़ा रखी थी। हर दिन आटोलिफ्टर एक बाइक पर हाथ साफ कर रहे थे। एसपी ने बाइक चोरी की घटनाओं पर शिकंजा कसने के निर्देश दिए थे। रविवार को नगर कोतवाली पुलिस ने चार आटोलिफ्टर को गिरफ्तार कर तमंचा, कारतूस व चोरी की चार बाइक को बरामद किया।



पुलिस की अभिरक्षा मे चोरी की बाइक संग पकड़े गए आटो लिफ्टर ● जागरण

नगर कोतवाल शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र में आटोलिफ्टर गिरोह के सदस्यों की मौजूदगी की सूचना पर बशीरगंज चौकी प्रभारी कमलशंकर चतुर्वेदी, एसआइ उमेश कुमार यादव, आरक्षी संतोष कुमार, अलाउद्दीन व मुकेश कुमार की टीम गठित की गई। रविवार को झिंगहाघाट बाईपास से चोरी के वाहनों संग आटोलिफ्टर के शहर से बाहर भागने की सूचना मिली। चौकी प्रभारी ने टीम के साथ झिंगहाघाट बाईपास मार्ग पर घेराबंदी की। इस दौरान अलग-अलग बाइकों पर चार संदिग्ध लोग आते हुए दिखाई पड़े। पुलिस टीम ने जब उन्हें रुकने का इशारा किया तो वे भागने लगे। घेराबंदी कर सभी को रोक लिया गया। तलाशी लेने पर उनके पास से तमंचा, कारतूस बरामद किए गए।

पूछताछ में पकड़े गए लोगों की पहचान आरिफ उर्फ भूरे उर्फ खुशनवाज निवासी चांदपुरा निकट मलेरिया अस्पताल, शादाब निवासी ठाकुर टेपरहा चांदपुरा कोतवाली नगर, मोनू निवासी सलारगंज निकट ईदगाह मदीना मस्जिद थाना दरगाह, अनिल कुमार निवासी जैतौरा थाना जरवलरोड के रूप में की गई। पकड़े गए आरोपितों के पास मौजूद बाइक भी चोरी कर लाई गई थी। आरोपितों ने बताया कि वे बाइक चोरी कर उसे डंप करने के बाद नेपाल बेचने की तैयारी में थे। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय भेजा है।

# मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने के लिए ग्रामीणों को किया जागरूक

संवाद न्यूज एजेंसी



कतर्नियाघाट के बेल्छा वन चौकी पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते फ्रेंड्स क्लब के पदाधिकारी। -संवाद

**बहराइच।** कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग की मुर्तिहा रेंज अंतर्गत बेल्छा वन चौकी पर एक कार्यशाला का आयोजन हुआ। मानव-वन्य जीव संघर्ष की घटनाओं पर विराम लगाने के लिए कतर्नियाघाट फ्रेंड्स क्लब बहराइच की ओर से कार्यशाला आयोजित की गई।

क्लब अध्यक्ष भगवान दास लखमानी ने बताया कि जंगल के भीतरी भागों में लकड़ी बटोरने, शौच करने, मवेशी चराने के लिए मत जाएं। अपने घर के आसपास की ऊंची झाड़ियां एवं घास को साफ रखें। जिससे कि तेंदुए को छिपकर घात लगाने का मौका न मिले।

प्रातः भोर एवं शाम को समूह में निकलें एवं टॉर्च एवं डंडा अपने पास अवश्य रखें। रात के समय अपने घर के आसपास रोशनी अवश्य रखें। खुले में न सोएं और न ही बच्चों को सोने दें। गन्ने के खेतों की ओर बच्चों को कदापि न जाने दें।

## कतर्नियाघाट फ्रेंड्स क्लब की ओर से कार्यशाला का आयोजन

स्वयं भी जाना हो तो समूह बनाकर शोर मचाते हुए जाएं। गांव में वन्य जीव की आहट लगे तो पटाखा दगाकर उसे जंगल की ओर भगाने का प्रयास करें। इस मौके पर क्लब के अंकुर राव, अमन लखमानी, राम शेर यादव, सुनील वर्मा, बैरियर कर्मी भोलू खान समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# मां की गोद से मासूम का अपहरण

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** अस्पताल चौराहे के पास रविवार को एक युवक ने मां की गोद से दो माह के मासूम का अपहरण कर लिया। महिला ईटहा से बच्चे का इलाज कराने आई थी। घटना के बाद सभी थानों को अलर्ट कर दिया गया।

उधर, बच्चे को लेकर अपहर्ता टेंपो से गोंडा के लिए निकल गया, लेकिन अन्य सवारियों को उस पर शक हो गया और वह पकड़ा गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मासूम को संरक्षण में लेकर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। वहीं, अपहर्ता को गिरफ्तार कर कई बिंदुओं पर पूछताछ की जा रही है।

## टेंपो से गोंडा जाते पकड़ा गया अपहर्ता, बच्चा भी मिला

नानपारा कोतवाली क्षेत्र के ईटहा निवासी कामिनी रविवार को ससुर हनुमान प्रसाद के साथ दो माह के मासूम का इलाज कराने बहराइच आई थीं। अस्पताल चौराहे के पास स्थित एक निजी चिकित्सक के यहां पहुंचने पर उसे एक युवक ने रोक लिया। इसके बाद दूसरी जगह बेहतर इलाज का झांसा दिया।

कामिनी ने आरोप लगाया कि युवक संदिग्ध लग रहा था इसलिए मना कर दिया। कुछ देर बाद ही मौका पाकर युवक फिर आया और कामिनी के हाथ से बच्चा छीनकर भाग गया। कामिनी जोर-जोर से रोने लगी तो मौके पर भीड़ जमा हो गई। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई तो कोतवाल देहात सतेंद्र बहादुर सिंह पहुंच गए और सभी थानों को अलर्ट कर दिया। इसी बीच अपहर्ता मासूम को लेकर टेंपो से गोंडा की ओर निकल गया। टेंपो में बैठे अन्य लोगों को उस पर शक हुआ तो पूछताछ शुरू की।

चिलवरिया चौकी पर सूचना भी दे दी गई। इसके बाद पुलिस ने मासूम को संरक्षण में लेकर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। अपहर्ता को गिरफ्तार कर लिया गया है। कोतवाल सतेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि युवक खैरीघाट थाना क्षेत्र का रहने वाला है।

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 21-11-2022

# 55 लीटर कच्ची शराब, 200 किलो लहन जब्त

श्रावस्ती। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध कच्ची शराब निर्माण व बिक्री के खिलाफ आबकारी विभाग की ओर से विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। आबकारी विभाग की संयुक्त टीम की ओर से विभिन्न गांवों में छापामारी कर 55 लीटर कच्ची शराब के साथ 200 किलोग्राम लहन बरामद किया गया। इस दौरान 55 लीटर कच्ची शराब व 200 किलोग्राम लहन बरामद किया। बरामद शराब को जब्त कर लहन को नष्ट करा दिया गया।

# 128 वाहनों का पुलिस ने चालान काटा

श्रावस्ती। पुलिस ने वाहन चेंकिग दौरान गाड़ियों के पेपर, डीएल, हेलमेट, तीन सवारी, शीट बेल्ट आदि को चेक किया। इसमें 128 वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाये गए। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में चालान कर एक लाख 86 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया।

# लोगों को यातायात के लिए जागरूक किया

श्रावस्ती। सड़क सुरक्षा को लेकर इस समय यातायात माह नवम्बर के अनुपालन में यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को प्रभारी निरीक्षक यातायात मनीष पाण्डेय ने टीम के साथ लोगों को जागरूक किया साथ ही यातायात के नियम बताए। ब्रेथ-ऐनालाइजर मशीन से वाहन चालकों को चेक किया गया।

# शातिर अपराधियों पर गैंगस्टर लगाएं :एसपी

श्रावस्ती, संवाददाता। पुलिस कार्यालय सभागार में रविवार को सैनिक सम्मेलन/अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। सम्मेलन में अपराध की गहन समीक्षा की गई। साथ ही अपराध नियंत्रण को लेकर अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने सम्मेलन में आए पुलिसकर्मियों से उनका परिचय प्राप्त कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही समस्या समाधान के लिए संबंधित को निर्देशित किया। इसके बाद



सैनिक सम्मेलन में मौजूद एसपी व अन्य अधिकारी।

एसपी ने अपराध समीक्षा की जिसमें अवैध कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन, बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगाने, चोरी व लूट की घटनाओं की रोकथाम के लिए रात्रि गश्त व क्षेत्र भ्रमण करने, लंबित जनशिकायत व आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों की समयबद्ध निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने बैंक व लेनदेन वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने को कहा साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की फोटो लेने को निर्देशित किया। साम्प्रदायिक भावना भड़काने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाय। छोटी से छोटी घटनाओं का संज्ञान लिया जाय और सोशल मीडिया पर निगरानी की जाय। साथ ही डिजिटल वालेंटियर ग्रुप को अपडेट कर उनके साथ नियमित मीटिंग कर उनका सहयोग लिया जाय।

# समारोहः पुलिस कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

श्रावस्ती, संवाददाता। पुलिस कार्यालय सभागार में रविवार को पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य की अध्यक्षता में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शान्ति व कानून व्यवस्था बनाए रखने में बेहतर प्रदर्शन करने वाले पुलिस अधिकारियों को कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, सीओ इकौना महेंद्र पाल शर्मा, सीओ भिनगा अतुल कुमार चौबे को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही मल्हीपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह ने अपर पुलिस महानिदेक गोरखपुर जोन गोरखपुर के पब्लिक अप्रूवल रेटिंग कार्यक्रम के तहत पुलिस की कार्य प्रणाली, जनता के प्रति व्यवहार व जन समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुये टाप-दो में जगह बनाई और प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# 55 लीटर कच्ची शराब बरामद

**श्रावस्ती :** जिला आबकारी अधिकारी पीके गिरी ने बताया कि आबकारी टीम ने रविवार को भयापुरवा गांव पास स्थित जंगल में छापेमारी की। इस दौरान 55 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। 200 किलोग्राम लहन मौके पर नष्ट कराया गया। तीन आरोपितों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। (वि.)

# 'चोरी और लूट की घटनाओं पर लगाएं अंकुश'

## शातिर अपराधियों के विरुद्ध गुंडा व गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई करने के एसपी ने दिए निर्देश

**जागरण संवाददाता, श्रावस्ती :** पुलिस कार्यालय सभागार में रविवार को सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी हुई। अध्यक्षता एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने की। उन्होंने कहा कि अवैध कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन व बिक्री, चोरी व लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाएं। इसके लिए रात्रि गश्त व क्षेत्र भ्रमण तेज करें।

एसपी ने कहा कि लंबित जनशिकायतों व आइजीआरएस प्रार्थना पत्रों को गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध निस्तारित कराएं। बैंक व लेनदेन वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतें। सांप्रदायिक भावना भड़काने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। इंटरनेट मीडिया पर निगरानी रखें। डिजिटल वालिंटियर ग्रुप को अपडेट करें। लंबित विवेचनाओं, विशेषकर अनावरित अभियोगों के निस्तारण, वांछित अभियुक्तों, इनामिया, जिला बदर, एनबीडब्ल्यू के विरुद्ध अभियान चलाकर गिरफ्तारी करें। सड़क हादसों को रोकें। यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करें।

सड़क किनारे से अतिक्रमण हटाया जाए। बालिकाओं व महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराध पर अंकुश लगाएं। वाहन चेकिंग के दौरान आम जनता से अच्छा बर्ताव करें। बीट प्रणाली को मजबूत करें। बीट प्रभारी गांव में जाकर ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाकर पुलिस का सहयोग करने के लिए प्रेरित करें। इंडो नेपाल बार्डर सुरक्षा के लिए एसएसबी व पुलिस आपस में समन्वय स्थापित कर सीमा की गतिविधियों पर नजर रखें।



पुलिस कार्यालय सभागार में मल्हीपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह ( दाएं ) को प्रशस्ति पत्र देते एसपी अरविंद कुमार मौर्य ( बाएं ) ● जागरण

### इन्हें मिला प्रशस्ति पत्र

जिले में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसपी ने एएसपी प्रवीण कुमार यादव, सीओ इकौना महेंद्र पाल शर्मा, सीओ भिनगा अतुल कुमार चौबे को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। पब्लिक अप्रूवल रेटिंग कार्यक्रम के तहत पुलिस की कार्य प्रणाली व जन समस्याओं के निस्तारण के संबंध में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले मल्हीपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह को एसपी ने प्रशस्ति पत्र दिया।

# शांतिभंग में पांच पाबंद

**श्रावस्ती :** जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की ओर से अराजकतत्वों को चिह्नित कर उन पर कार्रवाई की जा रही है। दो दिन में विभिन्न थाना क्षेत्रों में शांतिभंग करने के आरोप में पुलिस ने पांच लोगों को पाबंद किया। सभी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। (वि.)

# 128 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती :** विभिन्न चेक पोस्ट पर पुलिस की ओर से अभियान चलाकर वाहनों की जांच की गई। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 128 वाहनों का चालान किया गया। एक लाख 86 हजार 500 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। (वि.)

# बेहतर काम के लिए पुलिस कर्मी सम्मानित

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** पुलिस कार्यालय सभागार में रविवार को अपराध नियंत्रण गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान एसपी ने बेहतर काम करने वाले एएसपी प्रवीण कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी इकौना महेंद्र पाल शर्मा व क्षेत्राधिकारी नगर अतुल कुमार चौबे को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं, पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में प्रथम स्थान बनाने वाले मल्हीपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।



पुलिस कार्यालय में आयोजित सैनिक सम्मेलन में अफसरों को सम्मानित करते एसपी। -संवाद

एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण व बिक्री पर नियंत्रण लगाने का निर्देश दिया। साथ ही लंबित जन शिकायतों व आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों का समय से निस्तारण करने को भी कहा। महिला अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण व कार्रवाई के साथ एंटी रोमियो अभियान जारी रखने का निर्देश दिया। भूमि विवाद से संबंधित मामलों में राजस्व टीम के साथ समन्वय स्थापित कर निस्तारण कराने को कहा।

उन्होंने कहा कि आम लोगों के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार न करें। भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा के लिए एसएसबी व पुलिस समन्वय स्थापित कर काम करें। इस दौरान एएसपी प्रवीण कुमार यादव, सीओ सिटी अतुल कुमार चौबे, प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# शांति भंग की आशंका में तीन गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने शनिवार रात अलग-अलग स्थानों से तीन लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध शांति भंग की आशंका में कार्रवाई कर संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया। (संवाद)

# 128 वाहनों का हुआ चालान

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस की ओर से रविवार को चलाए गए जांच अभियान के दौरान 128 वाहनों का ई-चालान किया गया। इस दौरान पुलिस ने 1,86,500 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। (संवाद)

# 55 लीटर कच्ची शराब बरामद

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली पुलिस ने आबकारी टीम के साथ रविवार को भयापुरवा के जंगल में छापा मारा। इस दौरान टीम ने 55 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। साथ ही टीम ने मौके से 200 किलोग्राम लहन बरामद की। मिली लहन को टीम ने मौके पर नष्ट कर दिया। इस दौरान टीम की ओर से तीन लोगों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की है। (संवाद)



# महिलाओं को किया जागरूक



**श्रावस्ती।** मिशन शक्ति अभियान के तहत रविवार को शक्ति मोबाइल टीम ने मल्हीपुर थाना क्षेत्र के महीपतपुरवा, जयपत्तर पुरवा, नगई पुरवा व गिलौला के रामपुर बिलेला, रहमुनिया, गिलौला बाजार व सोनवा के ककंधू में चौपाल लगाकर महिलाओं व युवतियों को जागरूक किया। उन्हें वीमेन पॉवर लाइन 1090 के बारे में बताकर महिला सुरक्षा से संबंधित कानूनों के बारे में जानकारी दी गई। (संवाद)

# एसएसबी व पुलिस ने चलाया जांच अभियान



**जमुनहा( श्रावस्ती)।** नेपाल में चुनाव को लेकर सीमा पर एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम ने विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान आने-जाने वालों की तलाशी के बाद ही जाने दिया गया। इस दौरान एसएसबी 42वीं वाहिनी कोदिया कंपनी के आउट पोस्ट जमुनहा के प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक जितेंद्र हजारिका व चौकी प्रभारी, जमुनहा कृष्ण गोपाल राय टीम के साथ मौजूद रहे। -संवाद